ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 25 मई 2024
वर्ष 4, अंक 97, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रह्माण्ड की प्राचीन तीन आकाशगंगाओं की खोज 14

कांस फिल्म फेस्टिबल में जलवा बिखेरेंगी प्रीति 13

## विनायक प्लाई के पार्टनर का मकान सील

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** लखनऊ से आई आयकर विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए विनायक प्लाई के पार्टनर सौरभ गाबा का एलायंस कॉलोनी स्थित आवास सील कर नोटिस चस्पा कर दिया है। गाबा परिवार के साथ बाहर गए हैं, जिससे टीम गुरुवार से ही घर के बाहर डेरा डाले है। इंतजार के बाद भी जब कोई नहीं आया तो टीम ने मकान सील कर दिया।

गुरुवार को विनायक ग्रुप की फर्मों पर छापे मारी के दौरान आयकर टीम विनायक प्लाई फर्म के पार्टनर सौरभ गाबा के आवास पर गई थी। घर पर ताला लगे होने और परिवार के बाहर जाने का पता चलने पर टीम ने आवास के सामने पेड़ के नीचे चारपाई बिछा दी थी। शुक्रवार दोपहर तक किसी के नहीं आने पर टीम ने 17 व 18 के दोनों मुख्य गेट के अलावा खिड़की पर नोटिस चस्पा कर मकान को सील कर दिया, जिसमें लिखा था कि मकान के तीन गेट पर नोटिस चस्पा कर सील युक्त मोहर लगाई है। इसे बिना अनुमति के खोलना कानूनी दायरे में आता है। इसी के साथ टीम लौट गई। टीम ने गाबा के पड़ोसियों से सूचना देने को कहा है।



रुद्रपुर में विनायक प्लाई के पार्टनर का मकान सील।

- **विनायक प्लाई व उससे जुड़ी फर्मों पर आयकर विभाग ने की थी छापेमारी**
- **घर पर किसी के न होने पर टीम ने डाला था डेरा, किसी के न आने पर की कार्रवाई**

## हाईकोर्ट के स्थानांतरित को कदम उठाने के आदेश पर सुप्रीम रोक

### हाईकोर्ट ने सरकार से नई इमारत के लिए नैनीताल के बाहर भूमि तलाशे को कहा था

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उत्तराखंड हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें राज्य सरकार को हाईकोर्ट परिसर को नैनीताल से बाहर स्थानांतरित करने के लिए कदम उठाने के आदेश दिए गए थे।

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में राज्य सरकार से कहा था कि वह नई इमारत के निर्माण और अन्य अपेक्षित बुनियादी ढांचे की स्थापना के लिए नैनीताल के बाहर सर्वोत्तम उपयुक्त भूमि की तलाश करे। हाईकोर्ट ने आठ मई को राज्य के मुख्य सचिव को निर्देश दिया था कि एक महीने में भूमि चिह्नित करने की कवायद पूरी करने के बाद सात जून तक रिपोर्ट सौंपें। उत्तर प्रदेश से अलग होकर नया राज्य बनने पर उत्तराखंड हाईकोर्ट की स्थापना नैनीताल में हुई और यहां यह नौ नवंबर, 2000 से काम हो रहा है।

न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति संजय करोल की अवकाशपीठ ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की याचिका पर ध्यान दिया और इस मुद्दे पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सहित वकीलों की दलीलें सुनीं। पीठ ने बार निकाय की याचिका पर नोटिस जारी किया और उच्च न्यायालय के आठ मई के आदेश पर अमल पर रोक लगा दी। मेहता ने कहा कि हाईकोर्ट की नई पीठों की स्थापना संसद के अधिकार क्षेत्र में है और विवादित आदेश राज्य सरकार को जनमत संग्रह की तरह भूमि को अंतिम रूप देने के लिए प्रशासनिक प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश देता है। वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने उनकी दलील का विरोध किया और कहा कि इस कवायद पर रोक नहीं लगाई जानी चाहिए क्योंकि हाईकोर्ट को नैनीताल के बाहर स्थापित करने की जरूरत है। वकील विपिन नायर बार निकाय की ओर से पेश हुए और हाईकोर्ट के निर्देश की आलोचना की। पीठ ने बार निकाय की याचिका को ग्रीष्म अवकाश के बाद आगे की कार्यवाही के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।



- **मुख्य सचिव को एक महीने में भूमि चिह्नित कर सात जून तक रिपोर्ट देने के थे निर्देश**
- **अवकाशपीठ ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की याचिका पर नोटिस जारी किया**

### 50 वर्षों में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ने की संभावना

हाईकोर्ट ने आदेश में कहा कि जब उत्तराखंड का निर्माण हुआ था तो अदालत में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या तीन थी। 20 वर्षों में यह संख्या 11 हो गई है। अगले 50 वर्षों में इसके आठ गुना बढ़ने की संभावना है। इसलिए हमें 80 न्यायाधीशों के लिए भूमि की जरूरत है। हम मुख्य सचिव को उपरोक्त निर्देशों पर विवेक का इस्तेमाल करने का निर्देश दे रहे हैं। बार निकाय ने कहा गया कि मुख्य सचिव को हाईकोर्ट की इमारत की स्थापना, न्यायाधीशों, अधिकारियों, कर्मचारियों, अदलत कक्ष, 7000 वकीलों के लिए कक्ष आदि के लिए उपयुक्त भूमि चिह्नित करने के लिए निर्देश दिया गया है।




### एक नजर

#### रामेश्वरम कैफे विस्फोट में एक और गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** एनआईए ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए विस्फोट मामले में एक और आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। यह पांचवीं गिरफ्तारी है। एजेंसी ने कहा कि कर्नाटक के हुबली शहर का शोएब अहमद मिर्जा (35) उर्फ छोटू पहले लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) आतंकी साजिश में दोषी ठहराया जा चुका है। एजेंसी ने बताया कि जांच में पता चला कि मिर्जा जेल से छूटने के बाद इसमें संलिप्त हुआ।

#### अभिनेत्री लैला की हत्या में सौतेले पिता को मृत्युदंड

**मुंबई।** मुंबई की सत्र अदालत ने अपनी सौतेली बेटी एवं अभिनेत्री लैला खान, उसकी मां और उनके चार भाई-बहनों की 2011 में हत्या के मामले में परवेज टाक को शुक्रवार को मौत की सजा सुनाई। अतिरिक्त सत्र जज सचिन पवार ने नौ मई को टाक को हत्या और सबूतों को नष्ट करने के अलावा अन्य अपराधों का दोषी पाया था। टाक लैला की मां सेलिना का तीसरा पति था।

# मतदान आंकड़े अपलोड करने का निर्देश नहीं दे सकते : सुप्रीम कोर्ट

## मतदान प्रक्रिया के बीच चुनाव आयोग के लिए कर्मचारी जुटाना कठिन

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) की वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें निर्वाचन आयोग को मतदान केंद्र-वार मतदान प्रतिशत के आंकड़े अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि वह इस वक्त ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं कर सकती, क्योंकि चुनाव के पांच चरण हो चुके और दो बाकी हैं तथा ऐसे में निर्वाचन आयोग के लिए लोगों को काम पर लगाना मुश्किल होगा।

कोर्ट ने एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से दाखिल वादकालीन याचिका (आईए) यह कहते हुए रद कर दी कि इसे चुनाव बाद नियमित पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा। पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि अर्जी में किए अनुरोध इसी मुद्दे पर 2019 से लंबित मुख्य याचिका के समान हैं। पीठ ने कहा कि आईए लंबित याचिका के साथ लिया जाना चाहिए, क्योंकि चुनावों के दौरान व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना होगा। साथ ही पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग के लिए अपनी वेबसाइट पर मतदान प्रतिशत के आंकड़ें अपलोड करने के लिए लोगों को लगाना मुश्किल होगा।

पीठ ने कहा कि हकीकत समझे जाने की जरूरत है, न कि बीच में प्रक्रिया में बदलाव करके निर्वाचन आयोग पर बोझ डालने की।

सुप्रीम कोर्ट ने 17 मई को एनजीओ की याचिका पर निर्वाचन आयोग से एक हफ्ते के अंदर जवाब मांगा था, जिसमें लोकसभा चुनाव के प्रत्येक चरण का मतदान संपन्न होने के 48 घंटे के अंदर मतदान केंद्र-वार मत प्रतिशत के आंकड़े आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। एडीआर ने 2019 की अपनी जनहित याचिका में एक वादकालीन याचिका दायर की। मूल जनहित याचिका में एडीआर ने निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने का कोर्ट से अनुरोध किया है कि सभी मतदान केंद्रों के फॉर्म 17 सी भाग-प्रथम की स्कैन की गई सुपाठ्य प्रतियां मतदान के तुरंत बाद अपलोड की जाएं।



### ईवीएम लॉग दो-तीन साल सुरक्षित रखने का दें निर्देश



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया कि निर्वाचन आयोग को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के लॉग को कम से कम दो से तीन साल तक सुरक्षित रखने और मतगणना से पहले हर चरण के मतदान के रिकॉर्ड की घोषणा करने का निर्देश दिया जाए ताकि कोई भी सदस्य गैरकानूनी ढंग से न चुना जा सके। सिब्बल ने कहा कि यदि चुनाव आयोग फॉर्म 17सी अपलोड नहीं कर सकता है, तो राज्य निर्वाचन अधिकारी डेटा अपलोड कर सकता है। फॉर्म 17सी में हर बूथ पर कुल मतदान का आंकड़ा दर्ज होता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हर मशीन में एक ऑपरेटिंग सिस्टम है जो ईवीएम में भी है। ईवीएम के इस लॉग को सुरक्षित रखा जाना चाहिए। यह हमें बताएगा कि मतदान किस समय समाप्त हुआ और कितने वोट अवैध थे। किस समय मतदान हुआ, वोट डाले गए। इसलिए, यह सबूत है जिसे सुरक्षित रखा जाना चाहिए।

### बांग्लादेश सांसद अनवारुल अजीम हत्याकांड

## खाल निकाली फिर किए मांस के कई टुकड़े, कसाई गिरफ्तार

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल सीआईडी ने बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या में उत्तर 24 परगना जिले के बोनगांव इलाके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दावा किया कि पेशे से कसाई इस व्यक्ति ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि उसने शव के टुकड़े करने में अन्य आरोपियों की मदद की थी और इसके बाद अंगों को अलग-अलग स्थानों पर ठिकाने लगाया गया।

कोलकाता से 13 मई को लापता होने के बाद बंगाल पुलिस ने बुधवार को बांग्लादेश के झिनाइदाह-4 क्षेत्र से अवामी लीग के सांसद अनार की हत्या की पुष्टि की थी। अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सीआईडी की टीम शुक्रवार को गिरफ्तार व्यक्ति को भांगर इलाके में ले गई, जहां शरीर के कटे हुए हिस्सों को प्लास्टिक की थैलियों में डालकर अलग-अलग जगहों पर फेंका गया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी एक बांग्लादेशी नागरिक है और पेशे से कसाई है।

उसने अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था और पहचान छिपाकर मुंबई में रह रहा था। उन्होंने कहा कि अनार की हत्या की साजिश के तहत कसाई को कुछ महीने पहले कोलकाता बुलाया गया था। आरोपी ने स्वीकार किया है कि उसने उन चार लोगों की मदद की थी, जिन्होंने फ्लैट के अंदर राजनेता की हत्या की थी। उसने शरीर से खाल उतारने और शव के टुकड़े करने में उनकी मदद की थी।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



- **आरोपी ने कबूला, सांसद की हत्या में चार लोगों की मदद की थी**
- **शव के टुकड़ों को थैलियों में भरकर अलग-अलग स्थानों पर फेंका**
- **बांग्लादेशी है आरोपी, पहचान छिपाकर मुंबई में रह रहा था**

### 13 मई को हुए लापता, छह दिन बाद तलाश

लापता सांसद कथित तौर पर इलाज कराने के लिए 12 मई को कोलकाता पहुंचे थे। उनकी तलाश छह दिन बाद तब शुरू हुई जब उत्तरी कोलकाता के बारानगर के निवासी और बांग्लादेशी राजनेता के परिचित गोपाल विश्वास ने 18 मई को स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अनार यहां आने के बाद बिस्वास के घर पर रुके थे। अपनी शिकायत में बिस्वास ने कहा कि अनार 13 मई की दोपहर को डॉक्टर से मिलने के लिए अपने बारानगर आवास से निकले। उन्होंने कहा था कि वह रात के खाने के लिए घर वापस आएंगे। बिस्वास ने दावा किया कि बांग्लादेश के सांसद से 17 मई से संपर्क नहीं हुआ था। इस वजह से उन्हें एक दिन बाद गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करानी पड़ी।

## एएनटीएफ ने वन्यजीव अंगों के दो अंतर्राज्यीय तस्कर दबोचे

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और वाइल्ड लाइफ की टीम ने चमोली जिले से वन्य जीवों के अंगों की तस्करी करने वाले दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चार भालुओं की पित्त की थैलियां बरामद हुई हैं। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश कर दिया है।

एसटीएफ सीओ आरबी चमोला और एएनटीएफ प्रभारी पावन स्वरूप ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को गढ़वाल के पिंडर वन रेंज में वन्य जीवों के अंगों की तस्करी की सूचना थी। बुधवार को एएनटीएफ को खबर मिली कि दो लोग अंगों की तस्करी की फिराक में हैं। एएनटीएफ, वाइल्ड लाइफ क्राइम ब्यूरो और चमोली पुलिस की टीम ने थाना थराली के देवाल स्थित हॉस्पिटल तिराहे पर जांच की। टीम ने ग्राम बाण थराली के बलवंत सिंह और ग्राम कॉलिंग थराली चमोली के मेहरबान सिंह को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से चार भालुओं की पित्त की थैलियां मिली।



दोनों वन्य जीव तस्कर

- **चार भालुओं की 460 ग्राम पित्त की थैलियां बरामद**

## अयोध्या से नैनीताल आए पर्यटकों की कार खाई में गिरी

संवाददाता, नैनीताल/हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नैनीताल घूमने के बाद लौट रहे अयोध्या के पर्यटकों की कार दोगांव के पास सौ मीटर गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में में एक युवक की मौत हो गई और तीन बच्चों समेत 11 लोग घायल हो गए। एक की हालत गंभीर है। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को खाई से निकाला गया। घायल हल्द्वानी के डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल व बृजलाल अस्पताल में भर्ती है।

पुलिस के अनुसार अयोध्या से जायसवाल परिवार 22 मई को हरिद्वार और ऋषिकेश घूमने आया था और ये लोग नैनीताल आ गए। शुक्रवार को नैनीताल घूमने के बाद दोपहर में लौट रहे थे। अपराह्न 1.45 बजे कार दोगांव के पास अनियंत्रित होकर सौ फीट गहरी खाई में गिर गई। चीख-पुकार सुनकर राहगीर बचाव के लिए खाई में उतर गए। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। कार सवार सभी 12 लोग घायल हो गए। पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को 108 एंबुलेंस व अन्य वाहनों से हल्द्वानी भिजवाया।

डॉ सुशीला तिवारी अस्पताल में उपचार के दौरान विशाल जायसवाल पुत्र लालचंद जायसवाल निवासी अयोध्या की मौत हो गई। निधि बृजलाल अस्पताल में भर्ती है, जहां उसकी हालत गंभीर है। अन्य घायलों में राजेंद्र जयसवाल निवासी सुल्तानपुर, कमला निवासी गुजरात, रीता निवासी अमेठी, आयुषी (24), निवासी सुल्तानपुर, गुलाबचंद ( ड्राइवर) निवासी सुल्तानपुर, साधना निवासी सुल्तानपुर, संस्कार, अनोखी, स्मृति व गीता शामिल हैं। डॉक्टरों ने बताया कि दुर्घटना की वजह से घायल बदहवास हैं। ज्योलीकोटी चौकी इंचार्ज अविनाश मौर्य के मुताबिक गाड़ी के ड्राइवर गुलाबचंद ने बताया सभी रिश्तेदार हैं। तीव्र मोड़ में उनकी कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी थी।



खाई में गिरा वाहन।



विशाल

- **एक युवक की मौत, 11 लोग घायल, एक की हालत बनी हुई है गंभीर, घायलों में उप्र के सुल्तानपुर और गुजरात के लोग**

## कोर्ट ने बिभव को 4 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार को शुक्रवार को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। केजरीवाल के निजी सहायक (पीए) बिभव कुमार ने 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर मालीवाल के साथ कथित तौर पर मारपीट की थी। वह शनिवार से पुलिस की हिरासत में हैं।

मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने कुमार की चार दिन की न्यायिक हिरासत के अनुरोध संबंधी अभियोजन पक्ष के आग्रह को स्वीकार कर लिया। दिल्ली पुलिस ने 18 मई को कुमार को गिरफ्तार किया था। उनके मोबाइल फोन का डेटा प्राप्त करने के लिए पुलिस उन्हें मुंबई भी ले गई थी। घटना के बाद कुमार ने अपने मोबाइल फोन को फार्मेट करा दिया था।

### मालीवाल मामला



- **18 मई से पुलिस हिरासत में हैं मुख्यमंत्री केजरीवाल के निजी सहायक**

## बिना पंजीकरण श्रद्धालु पहुंचे तो नपेंगे अफसर

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को उत्तराखंड सदन, नई दिल्ली से वर्चुअली चारधाम यात्रा की समीक्षा की। उन्होंने चेतावनी दी कि श्रद्धालुओं के बिना पंजीकरण धाम पहुंचने और किसी भी स्तर पर लापरवाही पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही होगी।

मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा की निरंतर मॉनीटरिंग के लिए अपर मुख्य सचिव आनंदबर्द्धन की अध्यक्षता में कमेटी गठन करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि यात्रा मार्गों पर शासन के उच्च अधिकारी एवं पुलिस के आईजी स्तर के अधिकारी निरन्तर फील्ड में रहेंगे। उन्होंने कहा यदि श्रद्धालु बिना रजिस्ट्रेशन के धामों में पहुंचते हैं तो इसके लिए संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। मंदिरों में दर्शन के लिए सभी श्रद्धालुओं को एक समान समय मिले। रजिस्ट्रेशन एवं दर्शन व्यवस्था में वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश, हरिद्वार एवं अन्य ठहराव वाले स्थानों से केदारनाथ, बद्रीनाथ के लिए जा रहे वाहनों को अलग -अलग समय में छोड़ा जाए। आवश्यकता हो तो बीकेटीसी से समन्वय कर मंदिरों में दर्शन का समय अवधि भी बढ़ाई जाए।

मुख्यमंत्री ने मानसून सीजन में चारधाम यात्रा में होने वाली परेशानियों से निपटने के लिए पूरी तैयारी करने को भी कहा। बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, दिलीप जावलकर, गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय, एडीजी अमित सिन्हा, एपी अंशुमान, आईजी केएस नगन्याल, अपर सचिव पर्यटन युगल किशोर पंत आदि मौजूद रहे।

### चारधाम यात्रा



- **मुख्यमंत्री धामी ने यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर वर्चुअली समीक्षा में दिए निर्देश**

## केदारनाथ धाम में हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

- **शेरसी से तमिलनाडु के छह यात्रियों को लेकर उड़ा हेलीकाप्टर हेलीपैड से 100 मीटर पहले हुआ लैंड**

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में शुक्रवार सुबह छह यात्रियों को लेकर केदारनाथ आ रहे क्रिस्टल कंपनी के हेलीकॉप्टर का रूडर खराब हो गया, लेकिन पायलट ने धैर्य का परिचय देते हुए हेलीकॉप्टर की सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग करवाई। हेलीकॉप्टर में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। डीएम ने डीजीसीए को इसके जांच के आदेश दिए है।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि शुक्रवार सुबह सात बजे क्रिस्टल एविएशन कंपनी के हेलीकॉप्टर ने छह यात्रियों को लेकर शेरसी हेलीपैड से केदारनाथ के लिए उड़ान भरी थी। केदारनाथ पहुंचने से पहले ही हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई, लेकिन पायलट कल्पेश ने धैर्य रखते हुए हेलीकॉप्टर की केदारनाथ हेलीपैड से सौ मीटर पहले खाई की तरफ सकुशल आपातकालीन लैंडिंग करा दी। पायलट समेत सभी छह श्रद्धालु सुरक्षित हैं। इस घटना की जानकारी पर पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने यात्रियों की सहायता कर उन्हें मंदिर तक पहुंचाया। हेलीकॉप्टर में तमिलनाडु के छह यात्री सवार थे। इससे पहले केदारनाथ धाम की उड़ान भरते समय कई हेलीकॉप्टर हादसे के शिकार हो चुके हैं।

जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने कहा कि पायलट की सूझबूझ से हादसा होने से बच गया। पायलट ने धैर्य नहीं खोया और आपात स्थिति में हेलीकॉप्टर की लैंडिंग कराई। सभी तीर्थ यात्री सुरक्षित हैं, उन्हें बाबा केदारनाथ के दर्शनों के लिए भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि हेलीकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी की जांच कराई जा रही है।




तकनीकी खराबी के कारण हुई हेलीकॉप्टर की आपातकालीन लैंडिंग।

### पहले पखवाड़े में 50 से अधिक श्रद्धालुओं की मौत

**देहरादून।** 10 मई से शुरू चारधाम यात्रा के पहले पखवाड़े में मार्ग पर 50 से अधिक श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि यात्रा पर आए 52 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है और इनमें से ज्यादातर की मौत ह्रदयाघात से हुई। तीन श्रद्धालुओं की मौत गंगोत्री में, 12 की यमुनोत्री में, 14 की बदरीनाथ और 23 की केदारनाथ में हुई है। यात्रा मार्ग पर 50 वर्ष की उम्र से ज्यादा के श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच अनिवार्य है और उन्हें सलाह दी जा रही है कि अगर स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो तो वह यात्रा न करें। अगर यात्रा को तैयार हैं तो फॉर्म भरवाकर आगे जाने दिया जा रहा है। गढ़वाल आयुक्त ने बताया कि अब तक 9,67,302 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री धामी ने निर्देश दिए हैं कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है।

## एक नजर

### ग्रीष्मकालीन अवकाश के लिए 27 से हाईकोर्ट बंद

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ग्रीष्मकालीन अवकाश के लिए सोमवार से बंद हो जाएगा। अगले माह 3 जून को हाईकोर्ट में नियमित सुनवाई शुरू होगी। शुक्रवार को हाईकोर्ट में न्यायिक कार्य हुए। शनिवार-रविवार को साप्ताहिक अवकाश रहेगा जबकि 27 से 31 मई तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। वहीं, 1-2 जून को साप्ताहिक अवकाश के बाद 3 जून से नियमित रूप से हाईकोर्ट खुलेगा।

### अधिवक्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का किया स्वागत

**हल्द्वानी :** बार एसोसिएशन की बैठक शुक्रवार को दीवानी परिसर में हुई। अधिवक्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर हर्ष जताया और मिठाई बांटी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट नैनीताल के स्थानांतरण पर रोक लगा दी है, जोकि स्वागत योग्य है। बैठक में अध्यक्ष किशोर कुमार पंत, उपाध्यक्ष सुनील पुंडीर, भगवती पलड़िया, योगेश लोहनी, आदित्य शर्मा, योगेंद्र कुमार, आरपी पांडे, भरत भंडारी, हरेंद्र पडियार, मोहित पांडे, पंकज कबड़वाल, लोकेश राज, नीलू शर्मा आदि थे।

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** पुलिस ने लंबे समय कई मामले में आरोपी एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली उमेश कुमार मलिक के नेतृत्व में पुलिस ने अभियान चलाया और धनंजय गिरी निवासी सुभाष नगर को धर दबोचा। वारंटी को कोर्ट में पेश किया जहां से रिहा कर दिया गया।

# वीकेंड से पहले ही नैनीताल पर्यटकों से फुल, होटल-पार्किंग पैक


## शुक्रवार को व्यवस्था चरमराने पर होटल की बुकिंग दिखाने वाले पर्यटकों को करने दिया प्रवेश, अन्य को रूसी बाईपास से शटल से भेजा गया

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** सरोवर नगरी नैनीताल में सैलानियों के उमड़ने से पर्यटन सीजन उफान पर है। दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में शनिवार व रविवार के अवकाश के चलते शुक्रवार से ही भारी संख्या में लोग नैनीताल का रुख करने लगे। नगर की सभी पार्किंग फुल होने के बाद प्रशासन ने पर्यटकों को रूसी बाईपास पर वाहनों को पार्क कर वहां से शटल बस सेवा के माध्यम से नगर में भेजना शुरू किया, जिसके चलते रूसी बाईपास पर गाड़ियों का लंबा जाम लगा रहा, जिससे स्थानीय लोगों को भी जाम से जूझना पड़ा।

पुलिस के अनुसार जिनके पास होटल की बुकिंग और पार्किंग उपलब्ध है उनके वाहनों को नगर में जाने दिया जा रहा है बाकी लोगों के वाहनों को रूसी बाईपास पर पार्क कर वहां से शटल से नगर तक पहुंचाया जा रहा है।

शुक्रवार को नैनी झील में नौकायन के लिए सैलानियों के तांता लगा रहा। नगर के पर्यटन स्थल स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, किलबरी, केव गार्डन, जू, सरिताताल, बॉटनिकल गार्डन, हनुमानगढ़ी समेत सभी पर्यटन स्थलों में पूरे दिन सैलानियों की आवाजाही रही। झील किनारे पंत पार्क, ठंडी सड़क व माल रोड में चहलकदमी करते पर्यटकों की भीड़ रही। शहर में प्रवेश न मिलने के चलते पर्यटकों को आसपास के क्षेत्र पंगूट, खुर्पाताल, मंगोली, ज्योलीकोट, भवाली, मुक्तेश्वर, रामगढ़ की ओर रुख करना पड़ा इससे आसपास के अधिकांश होम स्टे वगैरह पैक हो चुके हैं।




शुक्रवार को नैनी झील में नौकायन का आनंद लेते पर्यटक। ● अमृत विचार

### 20-20 मिनट के अंतराल में वाहनों को आने देना चाहिए



कुछ होटलों को छोड़ बाकी 70 प्रतिशत होटल ही पैक हैं। पार्किंग में भी अभी जगह खाली है। ऐसे में पुलिस को 20-20 मिनट के अंतराल में वाहनों को आने देना चाहिए। साथ ही लोकल गाड़ियों की भी पूरी जांच की जा रही है जिससे समय भी बर्बाद होता है और जाम भी लंबा हो जाता है। लोकल की लगभग सभी गाड़ियों पर लेक ब्रिज चुंगी के पास का स्टीकर लगा होता है। ऐसे वाहनों को बिना जांच के ही आने दिया जाएगा तो लोगों का समय भी बर्बाद नहीं होगा और जाम से भी निजात मिलेगी। **-दिग्विजय सिंह बिष्ट**, अध्यक्ष, होटल व रेस्टोरेंट एसोसिएशन नैनीताल



रूसी बाईपास पर लगी गाड़ियों की लंबी कतार। ● अमृत विचार

# बेपटरी हुए इंतजाम, भवाली में रोज लग रहा है लंबा जाम

संवाददाता, भवाली

**अमृत विचार:** वीकेन्ड के चलते पर्यटकों की संख्या बढ़ने और वाहनों के दबाव के चलते भवाली में रोज जाम लग रहा है। भवाली के लोग अब इस समस्या से ऊब गये हैं। उनका कहना है कि अब इस समस्या से मुक्त करवाओ। प्रशासन की ओर से भी इस समस्या का कोई ठोस उपाय नहीं सोचा जा रहा है।

वहीं कैंची धाम में हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिये जाते हैं, जिससे कि भवाली में रानीखेत रोड, नैनीताल रोड, भीमताल व रामगढ़ रोड पर बारी बारी से जाम लगता रहता है। जाम की समस्या से आम आदमी के साथ साथ ज्यादा स्थानीय व्यापारी परेशान नजर आ रहा है, क्योंकि मुख्य मार्गों के व्यापारियों का कहना है कि जाम लगने से उनका व्यापार पर फर्क पड़ रहा है।

ग्राहक जाम के चलते दुकानों पर नहीं आते। वहीं पैदल चलना भी लोगों के लिए दूभर हो रहा। भवाली बाजार में जाम लगने का मुख्य कारण हल्द्वानी को जाने वाले छोटे बड़े अधिकतर वाहनों का दबाव भीमताल रोड होते हुए जाने से लगता है। वहीं पर्यटकों के वाहन सड़क किनारे खड़ा होना, जबकि गेठिया ज्योलीकोट मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बहुत कम है। पुलिस प्रशासन द्वारा जाम कम करने के उपाय नाकाफी साबित हो रहे हैं। निर्माणाधीन पार्किंग को पूरा होने में अभी समय लगेगा।

### बोले लोग

मैंने मीटिंग में एसपी के सामने भी जाम की समस्या रखकर रोडवेज वाली पार्किंग को अस्थाई रूप से खोलने के लिये कहा था, क्योंकि रोज के जाम लगने से व्यापारियों का नुकसान हो रहा है। **-नरेश पांडे**, अध्यक्ष, व्यापार मंडल भवाली

बाईपास ही इस समस्या का स्थाई समाधान है, जिसके लिये मैं बार बार कह रहा हूं कि इसे जल्दी से जल्द पूरा किया जाये। रोडवेज में बन रही पार्किंग को जल्द खोला जाये। **-संजय वर्मा**, निर्वतमान अध्यक्ष, नगर पालिका भवाली

रोज के जाम लगने से भवाली शहर पंगु सा हो गया है। पुलिस प्रशासन अपनी तरफ से निपट रही है। पर संसाधनों की कमी भी है। जल्द ही मुख्यमंत्री को भी इस समस्या से अवगत कराया जायेगा। **-नन्द किशोर पांडे**, वरिष्ठ भाजपा नेता भवाली

रोज के बार बार जाम लगने से जहां ग्राहक दुकान तक नहीं आ पा रहे हैं। व्यापार तो प्रभावित हो ही रहा है, वहीं दुकान का सामान भी रात को उतारना पड़ रहा है। ट्रांसपोर्ट से सामान दिन में ही आता है।- **मन्नु भट्ट**, स्थानीय व्यापारी भवाली।

ट्रैफिक तो निरन्तर चल रहा है। इसे जाम नहीं कह सकते। वाहनों के बढ़ने से ट्रैफिक कभी धीमा हो जाता है। पुलिस तत्परता से कार्य कर रही है। पर्यटक सीजन में वाहनों का दबाव बढ़ जाता है। **-डीआर वर्मा**, प्रभारी निरीक्षक थाना भवाली



भवाली मुख्य बाजार में लगी वाहनों की कतार। ● अमृत विचार



तल्लीताल स्थित फ्लैटस मैदान में बनी डीएसए पार्किंग फुल हो गई। ● अमृत विचार

# पुलिस ने वीकेंड के लिए बनाया ट्रैफिक प्लान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पर्यटन सीजन में वीकेंड को देखते हुए पुलिस ने ट्रैफिक प्लान जारी किया है। शनिवार और रविवार को इसी प्लान के तहत वाहन संचालन होगा।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि प्लान के तहत हल्द्वानी से नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंची धाम व अल्मोड़ा की ओर जाने वाले पर्यटकों, आम लोगों के वाहनों पर प्लान प्रभावी रहेगा। पुलिस के अनुसार यात्रा रूट में यदि वाहनों की संख्या ज्यादा बढ़ेगी जाने पर बरेली रोड, रामपुर रोड व कालाढूंगी से आने वाले पर्यटक वाहनों को गौलापार स्टेडियम में पार्क किया जायेगा, वहां से शटल सेवा से नैनीताल में प्रवेश करेंगे।

### यह है वीकेंड ट्रेफिक प्लान

1. बरेली रोड से नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंची धाम, अल्मोड़ा की ओर जाने वाले वाहन तीनपानी तिराहे से डायवर्ट होकर गौला बाईपास होते हुए नारीमन तिराहे से अपने गन्तव्य को जायेंगे।
2. रामपुर रोड से आने वाले वाहन जिनको नैनीताल जाना है, पंचायतघर तिराहे से डायवर्ट होकर आरटीओ रोड से हनुमान मंदिर होते हुए कालाढूंगी बाईपास रोड से बाया कालाढूंगी नैनीताल में प्रवेश करेंगे। भीमताल, भवाली, कैंची धाम, अल्मोड़ा की ओर जाने वाले वाहन शीतल होटल तिराहे से डायवर्ट होकर तीनपानी बाईपास तिराहे से गोला बाईपास रोड होते हुए नारीमन तिराहे से अपने गन्तव्य को जायेंगे।
3. कालाढूंगी रोड से नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंचीधाम, अल्मोड़ा की ओर जाने वाले वाहन ऊंचापुल/लालडांठ तिराहे से डायवर्ट होकर हाईडिल गेट, कॉलटैक्स तिराहा होते हुए नारीमन तिराहे से अपने गन्तव्य को जायेंगे।
4. सप्ताहांत के दौरान शनिवार व रविवार को यात्रा रूट में भारी वाहनों का प्रवेश सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक बंद रहेगा।

# 26 मई तक हल्द्वानी में रहेगी भीषण गर्मी

संवाददाता, हल्द्वानी

### मौसम की मार

- 27 मई को बादल छा सकते हैं पहाड़ों में बारिश का दौर जारी
- शुक्रवार को अधिकतम 39 डिग्री सेल्सियस रहा पारा

**अमृत विचार:** मौसम विज्ञान केंद्र ने हल्द्वानी में 26 मई तक भीषण गर्मी का अनुमान जताया है। 27 मई से गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। उधर पहाड़ों में बारिश का दौर जारी है।

हल्द्वानी में तापमान में फिर से बढ़ोत्तरी होने लगी है। 21 से 23 मई तक गर्मी अपेक्षाकृत कुछ कम रही थी। अधिकतम तापमान 36 से 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा था। शुक्रवार को सुबह से ही गर्मी रही। दिन के समय लू के थपेड़े भी चले। गर्मी से लोग परेशान हो उठे। दोपहर के समय गर्मी सहन करना मुश्किल हो गया।

अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार तक इसी तरह से गर्मी का प्रकोप रहेगा। संभावना है कि सोमवार से बादल छा सकते हैं और हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। उधर पहाड़ों में बारिश का दौर जारी है।

मुक्तेश्वर में 8.5 मिमी, गंगोलीहाट में तीन मिमी, पिथौरागढ़ में 2.2 मिमी, सोमेश्वर में 2 मिमी, देवीधूरा में 6.5 मिमी, जैंती में नौ मिमी और सामा में 6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। बारिश से पहाड़ों में मौसम सुहावना हो गया है। मौसम विभाग ने पर्वतीय क्षेत्रों में आगे भी बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान जताया है।

# पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** शुक्रवार को शहर कोतवाली स्थित सभागार में पुलिस की अलग-अलग इकाइयों, पुलिस थानों में नियुक्त पुलिस कर्मियों को नई भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों की ट्रेनिंग दी गई। इसमें मास्टर ट्रेनर्स सहायक अभियोजन अधिकारी आशीष गुप्ता, एसआई प्रताप सिंह नेगी एवं आशा पंचम, प्लाटून कमांडर श्याम पाल सिंह रावत, मास्टर ट्रेनर सीसीटीएनएस एसआई रजत कसाना ने भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 की विस्तृत जानकारी दी और पुलिस कर्मचारियों के संशय को दूर किया। समापन पर एसपी क्राइम हरबंस सिंह ने मास्टर ट्रेनर्स को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अब तक 4 बैच में पुलिस अधिकारी/कर्मचारी ने 5 दिवसीय प्रशिक्षण पूरा किया है।

# जमरानी बांध से 400 करोड़ में हल्द्वानी पहुंचेगा पानी

संवाददाता, हल्द्वानी

### योजना

- 17 किमी लंबी पाइप लाइन से पानी शहर पहुंचाने की है योजना
- लाइन बिछाने के लिए 6 हेक्टेयर वनभूमि की होगी आवश्यकता

**अमृत विचार:** पेयजल निगम जमरानी बांध का पानी जंगल के रास्तों से होते हुए शहर में पहुंचाने की योजना है। इसके लिए 17 किमी लंबी पाइप लाइन से पानी हल्द्वानी पहुंचाया जाएगा। इस बाबत 400 करोड़ रुपये की योजना पर काम हो रहा है।


शहर को जमरानी बांध से पानी पहुंचाने की जिम्मेदारी पेयजल निगम को दी गई है। इसके लिए निगम ने कार्य से संबंधित डीपीआर शासन में भेजी हुई है। जिस पर आईआईटी रुकड़ी डीपीआर की तकनीकी जांच पर काम कर रही है। डीपीआर की तकनीकी जांच पूरी होते ही आगे की कार्रवाई हो पाएगी। पेयजल निगम के सर्वे के मुताबिक पेयजल लाइन और ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 16 हेक्टेयर वन भूमि की जरूरत पड़ेगी। पेयजल लाइन वन भूमि के साथ ही निजी भूमि से भी गुजरेगी। इस पेयजल लाइन को बिछाने के लिए 6 हेक्टेयर वनभूमि की आवश्यकता होगी। इधर पेयजल निगम के अधिशासी अभियंता एके कटारिया ने बताया कि शासन से मंजूरी मिलने के बाद ही वन विभाग में भूमि के लिए आवेदन किया जाएगा। फिलहाल जमरानी बांध से जुड़ी पेयजल निगम की ओर से भेजी गई डीपीआर की प्रथम चरण के तहत तकनीकी जांच पर काम किया जा रहा है।

# हाईकोर्ट ने अब्दुल मलिक से 2.44 करोड़ की वसूली पर लगाई रोक

विधि संवाददाता, नैनीताल

### आदेश

- 8 फरवरी को बनभूलपुरा में हुई थी हिंसा, नगर निगम ने सरकारी नुकसान की वसूली के लिए भेजा था नोटिस



**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने बनभूलपुरा दंगे के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक को नगर निगम की ओर से भेजे गए 2.44 करोड़ की वसूली के नोटिस एवं कार्यवाही पर रोक लगा दी है।

अब्दुल मलिक ने हाईकोर्ट में नगर निगम के वसूली नोटिस के खिलाफ याचिका दायर की थी। शुक्रवार को वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में इस मामले में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट को बताया कि 8 फरवरी को बनभूलपुरा में हुए दंगे में सरकारी संपत्ति के नुकसान की वसूली के लिए नगर निगम ने 2.44 करोड़ का नोटिस दिया था। नोटिस में तीन दिन में धनराशि जमा नहीं करने पर वसूली की कार्यवाही की चेतावनी दी गई थी। जब याची ने धनराशि जमा नहीं की तो प्रशासन ने वसूली की कार्यवाही शुरू कर दी थी। इसी क्रम में बीती 25 अप्रैल को हल्द्वानी तहसीलदार की ओर से आरोपी को वसूली नोटिस जारी किया गया था। इस नोटिस के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। याचिकाकर्ता ने कहा कि नगर निगम की ओर से जारी किया गया नोटिस गलत है क्योंकि उनपर लगाए गए आरोप सिद्ध नहीं हुए है। उन पर चल रहे वाद न्यायलयों में लंबित हैं इसलिए उनसे अभी वसूली नहीं की जा सकती है। जब तक दोष सिद्ध नहीं हो जाता है तब तक ऐसी प्रक्रिया गलत है। सिर्फ दोष सिद्ध होने के बाद ही रिकवरी की जा सकती है। इसलिए रिकवरी आदेश पर रोक लगाई जाए। इसके बाद वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज याचिकाकर्ता ने वसूली के आदेश पर रोक लगा दी। अब्दुल मलिक के अधिवक्ता अहरार बेग ने बताया कि एकलपीठ ने नगर निगम के नोटिस और वसूली के आदेश पर रोक लगा दी है।

### समीक्षा

## मंडलायुक्त दीपक रावत ने महायोजना-2041 की बैठक में योजनाकर्ताओं को पलायन रोकने के लिए दिए निर्देश

# नैनीताल और हल्द्वानी की महायोजना में कृषि पर दें जोर

संवाददाता, नैनीताल/हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त दीपक रावत ने शुक्रवार को नैनीताल विकास प्राधिकरण कार्यालय सभागार में नैनीताल-हल्द्वानी महायोजना-2041 की समीक्षा बैठक की। उन्होंने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि विकास पर जोर दिया ताकि पलायन की समस्या की रोकथाम हो सके।

मंडलायुक्त रावत ने समीक्षा बैठक में हल्द्वानी के अर्बन प्लानर आरईपीएल और नैनीताल क्रिएटिव सर्कल के कंपनी योजनाकर्ताओं को वर्तमान स्थिति का आकलन कर रणनीति बनाने और योजना के तहत काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने हल्द्वानी की प्लानर कंपनी आईपीएल के योजनाकर्ताओं के साथ हल्द्वानी तहसील के सभी गांवों के सर्वे कर जमीन उपयोग, परिवार सर्वेक्षक, पार्किंग सर्वे, ड्रेनेज, मंडी, ट्रांसपोर्ट, सड़कों के निर्माण, आउटर रिंग रोड, वन दृश्य रोड आदि पहलूओं पर चर्चा की। इसमें प्रोजेक्ट अधिकारियों की कार्यप्रणाली में लापरवाही दिखी।

मंडलायुक्त ने प्रोजेक्ट अधिकारियों को सभी संबंधित सरकारी विभागों के साथ बैठक कर रोस्टर बनाने और जल्द नई रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि महायोजना-2041के तहत हल्द्वानी और नैनीताल के शहरी-ग्रामीणों इलाकों में कृषि क्षेत्र पर ज्यादा ध्यान रखा जाए ताकि नई व आधुनिक कृषि को बढ़ावा मिले और पलायन को रोका जा सके।

नैनीताल क्रिएटिव सर्कल के प्रोजेक्ट प्लानर ने बताया कि नैनीताल को दो भागों में बांटा गया है जिसमें पहले भाग में नैनीताल-खुर्पाताल जबकि दूसरे भाग में भीमताल, मुक्तेश्वर, भवाली को शामिल किया गया है।

मंडलायुक्त ने कहा कि नैनीताल में सैलानियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसे देखते हुए खुर्पाताल के कुछ इलाकों में छोटी-छोटी पार्किंग, टूरिज्म, टाउनशिप और विस्थापन की स्थिति में भूमि का चयन किया सकता है। भवाली के साथ कैंची को जोड़ने के लिए मास्टर प्लान बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने दोनों कंपनी के अधिकारियों को काम शुरू करने पहले होमवर्क करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मंडलायुक्त व डीएम ने महायोजना के अंतर्गत निवास, पहाड़ी आवास जोन, कृषि, उद्योग, होटल, पर्यटन, पार्किंग, स्कूल, अस्पताल आदि की भी विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान डीएम वंदना सिंह, डीडीए सचिव विजय नाथ शुक्ला, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट एसएम श्रीवास्तव, जेई आरएल भारती, व अंकित सिंह बोरा आदि मौजूद रहे।



प्राधिकरण सभागार में महायोजना की समीक्षा बैठक करते मंडलायुक्त दीपक रावत।

# सरकार से मांगी नदियों के चैनलाइजेशन की रिपोर्ट

**नैनीताल, अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने नंधौर समेत राज्य की अन्य नदियों के चैनलाइजेशन व बाढ़ राहत नहीं होने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए वरिष्ठ न्यायधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार से मौखिक तौर पर पूर्व के आदेशों के क्रम में हुई कार्यवाही की जानकारी मांगी। अब इस मामले की अगली सुनवाई 11 जून को होगी। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि बाढ़ राहत के काम किए हैं। इसका विरोध करते हुए याचिकाकर्ता भुवन पोखरिया ने अभिलेखों के साथ अपना पक्ष रखा और कहा कि वर्ष 2022 से नदियों में जमा सिल्ट, मलबा, चैनलाइजेशन नहीं हुआ है।

# युवती को दी निजी फोटो वायरल करने की धमकी

संवाददाता, हल्द्वानी

### महिला अपराध

- शादी के लिए दबाव बना रहा युवक, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा
- इंस्टाग्राम के जरिए बिहार के युवक से हुई थी दोस्ती

**अमृत विचार:** एक युवक की सोशल मीडिया के माध्यम से हल्द्वानी निवासी एक युवती से दोस्ती हो गई। आरोप है कि उक्त युवक दोस्त युवती पर शादी करने का दबाव बना रहा है। युवती के राजी न होने पर युवक उसकी निजी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है।

हल्द्वानी निवासी एक 23 वर्षीय युवती ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि सितंबर 2023 में इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी दोस्ती भागलपुर बिहार निवासी गौरव तिवारी के साथ हो गई। अब युवक युवती से शादी करने का जिद कर रहा है। लेकिन युवती शादी के लिए मना कर रही है।

युवक ने उसे धमकी दी कि अगर वह उससे शादी नहीं करेगी तो वह उसकी निजी फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। युवती बहुत दिनों से मानसिक प्रताड़ना झेल रही है। अंततः उसने पुलिस में शिकायत की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राजकीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय कठघरिया में कमरों की छत से उखड़ रहा सीमेंट, अतिरिक्त कमरों की आवश्यकता

# छत से टपकता है पानी और दीवारों में सीलन, फर्नीचर भी है कम

अमृत विचार पड़ताल

संवाददाता, हल्द्वानी


विद्यालय के भवन की छत में पड़ी दरारें।



राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कठघरिया का भवन।

**अमृत विचार :** स्कूल में बरसात में छत से पानी टपकता है और दीवारों में सीलन रहती है। इससे बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

राजकीय प्राथमिक विद्यालय कठघरिया में कक्षा तीन के कमरे की छत से सीमेंट उखड़ रहा है और दीवारों में दरारें पड़ी हुई हैं। जिस कारण यहां अतिरिक्त कमरों की आवश्यकता है। विद्यालय में वर्तमान में कुल 176 बच्चे पढ़ रहे हैं जिस पर एक प्रधानाचार्य और 6 शिक्षक हैं। कक्षा तीन में वर्तमान में 44 बच्चे पढ़ रहे हैं। विद्यालय में फर्नीचर पर्याप्त नहीं है जिस कारण कक्षा चार और पांच के बच्चे जमीन में दरी पर बैठने को मजबूर हैं।

इसी परिसर में उच्च प्राथमिक विद्यालय भी हैं। जिसमें वर्तमान में 109 बच्चे पढ़ रहे हैं और अभी भी प्रवेश चल रहे हैं जिससे संख्या और बढ़ेगी। विद्यालय में अब 35-40 बच्चों के बैठने की जगह शेष है। अधिक बच्चों के प्रवेश लेने पर कमरों में पर्याप्त जगह नहीं हो पाएगी। शिक्षकों की संख्या भी पर्याप्त नहीं है। मानक के अनुसार विद्यालय में 1 हेड अध्यापक और तीन शिक्षक होने चाहिए लेकिन हेड अध्यापक का पद रिक्त है। यहां भी दो कमरों की छत से सीमेंट उखड़ रहा है। जिस कारण विद्यालय को अतिरिक्त कमरों की जरूरत है। कक्षा 6 की छत खराब है और यहां खिड़कियां भी टेड़ी होने से बंद नहीं हो पाती हैं। साथ ही बरसात में कक्षा में पानी घुस जाता है जिससे बच्चों को पढ़ने में दिक्कत होती है।

#### पक्का परिसर और आरओ का पानी है उपलब्ध

प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय का परिसर साफ-सुथरा और पक्का है। साथ ही पीने के पानी के लिए आरओ लगा है। विद्यालय जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया के क्षेत्र के अंतर्गत आता है। अध्यक्ष ने जिला पंचायत निधि से विद्यालय में टाइल्स भी लगाई हैं और पानी की भूमिगत टंकी का निर्माण किया गया है। विद्यालय में बिजली-पानी की व्यवस्था दुरुस्त है। नियमित तौर पर पानी की आपूर्ति होती है और बिजली भी आमतौर पर नहीं जाती है। परिसर में विद्यालय की ओर से किचन गार्डन भी बनाया गया है। जिसमें सब्जियां भी उगाई गईं हैं।

> अतिरिक्त कमरों की आवश्यकता है और बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर भी कम है जिस कारण बच्चे जमीन में बैठते हैं। हॉल की आवश्यकता भी है।
> **-आनंद सिंह मेहता**, प्रधानाध्यापक, उच्च प्राथमिक विद्यालय कठघरिया

**कमरों के साथ ही हॉल की जरूरत:** विद्यालय में नए कमरों की जरूरत है और एक हॉल के निर्माण की मांग भी विद्यालय की ओर से की जा रही है। विद्यालय में 26 जनवरी, 15 अगस्त और अन्य अवसर पर होने वाले कार्यक्रम के लिए हॉल की आवश्यकता है। प्रधानाचार्य आनंद सिंह मेहता ने बताया कि कमरों के निर्माण के साथ ही दोमंजिले में कंप्यूटर कक्ष के पास हॉल बनाया जा सकता है।

## सार-संक्षेप

### शहीदों की याद में लगाई पुस्तक प्रदर्शनी

**रामनगर :** राजकीय इंटर कॉलेज ढेला में शहीदों की याद में दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी की शुरुआत की गई। देश की आजादी के लिए 19 साल की उम्र में शहीद होने वाले करतार सिंह सराभा के जन्मदिन पर शुक्रवार को शुरू हुई पुस्तक प्रदर्शनी की शुरुआत सराभा के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। उसके बाद बच्चों ने सफदर हाशमी की कविता किताबें करती हैं बातें बीते जमानों की, दुनिया की इंसानों की का सामूहिक पाठ किया। प्रधानाचार्य श्रीराम यादव ने बच्चों का आह्वान किया कि वे इस पुस्तक मेले से किताबें ले जाकर गर्मियों की छुट्टियों में इनका अध्ययन कर अपने ज्ञान का विकास करें। विद्यालय के पुस्तकालय प्रभारी नवेंदु मठपाल ने जानकारी दी कि पुस्तक मेले में बच्चों की उम्र और बाल मनोविज्ञान को ध्यान में रख दो हजार से अधिक किताबों की व्यवस्था की गई है। इन पुस्तकों में नेशनल बुक ट्रस्ट, एकलव्य प्रकाशन, इकतारा प्रकाशन की किताबें मुख्य रूप से रहीं। पुस्तक मेले का समापन कल 25 मई को श्रीदेव सुमन की जयंती पर किया जाएगा। इस मौके पर नवेंदु मठपाल, मनोज जोशी, सीपी खाती, ऊषा पवार, जया बाफिला, कोमल जलाल, भूमिका अधिकारी, गौरी मिश्रा, हिमानी फर्त्याल मौजूद रहे।

### मैक्स अस्पताल शुरू करेगा कार्डियोलॉजी की ओपीडी

**हल्द्वानी :** मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल वैशाली, बृजलाल अस्पताल हल्द्वानी में कॉर्डियोलॉजी की ओपीडी शुरू करेगा। अस्पताल के वरिष्ठ निदेशक और कार्डियोलॉजिस्ट आनंद पांडे ने शुक्रवार को एक वार्ता में बताया कि हर माह के चौथे शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से दो बजे तक बृजलाल अस्पताल में डॉक्टर प्राथमिक परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। बताया कि हमारे अस्पताल में हृदय रोगियों के उपचार के लिए टीएवीआई, डिवाइस इम्प्लांटेशन, लीडलेस पेसमेकर जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।


डॉ आनंद पांडे।


प्रेस वार्ता करते भाजपा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### ओबीसी सर्टिफिकेट रद करने के फैसले की सराहना की

**हल्द्वानी :** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट व ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष नन्हे कश्यप ने शुक्रवार को नैनीताल रोड स्थित एक होटल में प्रेस वार्ता की। इसमें उन्होंने कोलकाता हाईकोर्ट के बीती 22 मई को पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से जारी 5 लाख ओबीसी सर्टिफिकेट को रद करने के निर्णय को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए विशेष समुदाय को राजनीतिक लाभ पहुंचाने के लिए ओबीसी सर्टिफिकेट जारी करने का आरोप लगाया। कश्यप ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के ओबीसी दर्जा खत्म करने के हाईकोर्ट के आदेश को स्वीकार नहीं करने वाले बयान को उनकी तानाशाही मानसिकता दर्शाता है।

# पानी नहीं मिलने पर राजपुरा के लोगों ने किया जल संस्थान के खिलाफ प्रदर्शन

### वाल्मीकि मंदिर क्षेत्र में एक माह से पेयजल किल्लत, शिकायत के बाद भी समस्या का हल नहीं

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजेंद्र नगर स्थित राजपुरा में दिन पर दिन पेयजल संकट गहराता ही जा रहा है। पानी की समस्या से परेशान लोगों ने शुक्रवार को जलसंस्थान के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत साहू ने बताया कि विभागीय लापारवाही के चलते आम जनता पानी के लिए भटक रही है। एक महीने से वाल्मीकि मंदिर वाले इलाके में पेयजल का संकट बना है। जलसंस्थान के अधिकारियों से पानी की शिकायत करने के बाद भी अभी तक समस्या का हल नहीं निकल पाया है। जिसके चलते लोगों में विभाग के खिलाफ रोष पनप रहा है। आने वाले दिनों में समस्या का समाधान जल्द ही नहीं किया गया तो यहां के लोगों के साथ विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन छेड़ दिया जाएगा। जिसकी सारी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। इस मौके पर शीला सक्सेना, सरस्वती देवी, गीता आर्या, गोपाल राम आर्या, भगवान दास, अमृत पाल वाल्मीकी समेत कई लोग मौजूद रहे।


राजेन्द्र नगर में पेयजल संकट के चलते खाली बाल्टियों के साथ प्रदर्शन करते स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

#### कई घरों में पेयजल लाइन में नहीं पहुंच रहा पानी

शहर के कई घरों में पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिसके चलते लोगों के सामने दिक्कत बनी हुई है। पानी से संबंधित शिकायत करने के बाद भी लोगों को समाधान नहीं मिल पा रहा है। महिला डिग्री कॉलेज इलाके के रहने वाले डीएस मेहरा ने बताया कि बीते 2 दिनों से सप्लाई का पानी नहीं आ रहा है, जिससे दिक्कत बनी हुई है। विकास नगर के बिठौरिया नंबर-1 के निवासी जीएस बोरा ने बताया कि यहां के घरों के नलों में पानी का प्रेशर नहीं आ पा रहा है। इसकी शिकायत जलसंस्थान के शिकायती कंट्रोल रूम में की हुई है लेकिन समस्या का हल नहीं निकल पाया है।

> खराब नलकूपों की मरम्मत जारी है। जिन इलाकों में पानी की दिक्कत बनी हुई है। वहां पर विभाग की ओर से टैंकरों से पानी की आपूर्ति कराई जा रही है। पानी की समस्या से संबंधित शिकायत मिलने पर विभाग की ओर से निस्तारण करने का काम किया जा रहा है। **-आरएस लोशाली**, ईई, जल संस्थान हल्द्वानी

#### नलकूप खराब होने से पानी की किल्लत

**हल्द्वानी :** बीते 3 दिनों से दमूवाढूंगा इलाके के शाह फार्म, गौलापार के खेड़ा और बागजाला इलाके में नलकूप खराब होने के चलते स्थानीय लोगों के सामने पेयजल की किल्लत बनी हुई है। वहीं जल संस्थान की ओर से नलकूपों की मरम्मत का काम जारी है। लेकिन लोगों को पानी के लिए दूर-दराज इलाकों के साथ ही टैंकर पर निर्भर है।

# आदेश को ठेंगा दिखा नदी में नहा रहे लोग

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** कोसी नदी में स्नान करने व पिकनिक मनाने पर रोक लगाने के बाद प्रशासन के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए लोग शुक्रवार को झूला पुल में भारी संख्या में नहाते देखे गए। मगर इन लोगों को कई रोकने टोकने वाला नहीं दिखाई दिया। ये लोग नदी में प्रशासन के आदेशों को नजरअंदाज कर नदी में मौज मस्ती करते देखे गए। मामला सोशल मीडिया पर भी छाया रहा।

बता दें कि 20 मई को गिरिजा मंदिर के समीप झूला पुल पर लखनऊ के युवक की डूबने से मौत हो गयी थी। जिस पर एसडीएम द्वारा कोसी नदी में वर्तमान में स्नान करने, पिकनिक मनाने पर रोक लगाने के आदेश जारी कर दिए थे।

#### लापरवाही

▸▸ 20 मई को लखनऊ के युवक के डूबने के बाद भी नदी में मौज मस्ती की जा रही

> पुलिस प्रशासन को भी अवगत करा दिया गया। वन कर्मियों के समझाने के बाद भी लोग समझने को तैयार नहीं हैं। शनिवार को झूला पुल के पास जेसीबी से गहरी खाई खुदवाई जाएगी ताकि लोग नदी में न उतरने पाएं। **-दिगंथ नायक** डीएफओ, रामनगर वन प्रभाग

मगर शुक्रवार को इन आदेशों की अवहेलना साफ साफ नजर आयी। केवल गिरिजा झूला पुल पर ही नहीं बल्कि रामनगर कोसी नदी में भी ऐसे ही लोग उतरकर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। प्रसासन के लाख समझाने के बाद भी लोग सुधरने को तैयार नहीं हैं।


जान जोखिम में डालकर झूला पुल के समीप कोसी नदी में नहाते लोग। ● अमृत विचार

# विधायक सुमित ने कांगड़ा सीट पर जनसंपर्क किया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विधायक सुमित हृदयेश ने हिमाचल प्रदेश की कांगड़ा लोकसभा सीट के ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी आनंद शर्मा के समर्थन में जनसंपर्क किया।

विधायक सुमित हृदयेश ने इन दिनों हिमाचल में कांगड़ा-चंबा लोकसभा सीट पर वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा के पक्ष में प्रचार करने गए हुए हैं। शुक्रवार को उन्होंने ज्वालामुखी विधानसभा के बोहण भाटी, लगड़ू, टिहरी, मझीन, धल्लौर, अम्ब क्षेत्र में जनसंपर्क कर आमजन से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है और भाजपा से आमजन बेहद खफा हैं। विधायक हृदयेश ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोगों को धर्म, जाति के नाम पर भ्रमित करने की कोशिश कर रही है. लेकिन जनता अब भारतीय जनता पार्टी की नीति और रीतियों को पहचान चुकी है और अब किसी के बहकावे में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार को पिछले 10 सालों से देख रही है और अब लोगों ने कांग्रेस को जिताने का मन बना लिया है। जनसंपर्क में विधायक संजय रत्न, सह पर्यवेक्षक रामेश्वर दत्त, जिला पंचायत सदस्य सीमा देवी, प्रताप सिंह राणा ,मनीष शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


जन संपर्क करते विधायक सुमित हृदयेश। ● अमृत विचार

# संसार के सभी प्राणी चाहते हैं सुख

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आर्य समाज हल्द्वानी का 133वां वार्षिकोत्सव पर तीन दिवसीय समारोह का शुभारंभ शुक्रवार से हो गया है। 24 से 26 मई तक होने वाले वार्षिकोत्सव में भजन, प्रवचन व प्रसाद वितरण होगा।

शुक्रवार को केमू बस अड्डे के समीप आर्य समाज भवन में कार्यक्रम की शुरुआत यज्ञ के साथ हुई। अजमेर से पधारे डॉ. वेदपाल आचार्य ने कहा कि संसार के सभी प्राणी सुख चाहते हैं और सुख की कामना से ही कर्म व व्यवहार करते हैं परंतु साथ में दुख भी मिलते हैं। इन दुखों का एक ही कारण है कि मनुष्य मन में कुछ सोचता है वाणी में कुछ लाता है और कर्म में कुछ और ही करता है । इस कारण से उसका यज्ञमय जीवन नहीं बनता, जीवन यज्ञमय बन जाने पर स्वाहा की भावना का विकास होता है, और जो स्वाहा यज्ञ की आत्मा है वह मनुष्य को मनसा वाचा कर्मणा एक जैसा बनाती है। इस अवसर पर अमृतसर से पधारे अंतरराष्ट्रीय भजनोपदेशक दिनेश पथिक ने भजनों से संगीत की स्वर लहरी प्रवाहित की। यज्ञ की शुरुआत पांच बेदियों पर यजमानों ने की, जिसमें 20 जोड़ों ने वेद मन्त्रों से आहुतियां दीं। इस दौरान डॉ. विनय खुल्लर, ममता, हरिश्चंद्र पंत, विनोद आर्य , सोबरन शर्मा, मुनेश आर्य, शोभित वर्मा, नवीन आर्य, चंदन राम, प्रकाश जोशी, मनजीत बलिया, भुवन चन्द्र अधिकारी, अनुज कांत खंडेलवाल आदि मौजूद रहे।


आर्य समाज मंदिर हल्द्वानी के स्थापना दिवस पर हवन करते संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य।

# स्वास्थ्य विभाग को मिले 37 और नर्सिंग अधिकारी

संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ कुमाऊं में 13 नर्सिंग अधिकारियों को मिली नियुक्ति
▸▸ हाईकोर्ट के आदेश पर स्वास्थ्य महानिदेशालय ने दी तैनाती

**अमृत विचार:** प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग को 37 नए नर्सिंग अधिकारी मिले हैं। इन सभी नर्सिंग अधिकारियों को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण महानिदेशालय ने निर्वाचन आयोग की अनुमति के उपरांत प्रदेश के विभिन्न जनपदों के राजकीय चिकित्सालयों में तैनाती दे दी है। इनमें से 34 नर्सिंग अधिकारियों को नैनीताल हाईकोर्ट में दाखिल याचिका के निर्णय के क्रम में जबकि 3 नर्सिंग अधिकारियों को अनापत्ति प्रमाण पत्र व अन्य वांछित अभिलेखों की पुष्टि के उपरांत तैनाती दी गई।

नैनीताल उच्च न्यायालय के बाद उत्तराखंड मेडिकल सर्विस सेलेक्शन बोर्ड ने 34 नर्सिंग अधिकारियों का चयन परिणाम जारी कर दिया। इनमें से जनपद चमोली में सात नर्सिंग अधिकारी की तैनाती की गई है। इसी प्रकार रूद्रप्रयाग में तीन, पौड़ी में आठ, टिहरी में एक, उत्तरकाशी में पांच, नैनीताल में एक, अल्मोड़ा में दो, बागेश्वर में एक, पिथौरागढ़ में सात और चम्पावत में दो नर्सिंग अधिकारी को तैनाती दी है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि नर्सिंग अधिकारी की तैनाती से प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा।

# चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी की

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** क्रिकेट एसोसिएशन आफ अल्मोड़ा की अगुवाई में अंडर-16 में चयनित बालक वर्ग के खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी गई है। शुक्रवार को एसोसिएशन के उपाध्यक्ष हेमंत बिष्ट ने बताया कि चयनित खिलाड़ी सीएयू की ओर से 28 से 30 मई को आयोजित राज्य स्तरीय ट्रायल में प्रतिभाग करेंगे।

इसमें जिले से 15 खिलाड़ियों के साथ ही 5 स्टैंडबाई खिलाड़ियों का भी चयन किया गया है। इसमें आयुष कुमार, आदित्य, पार्थ सिंह, आरुष पवार, कबीर खान, अभिनव बिष्ट, विजय सिंह, रुद्र खत्री, पार्थ सागर जोशी, प्रियांशु बिष्ट, अरशान खान, प्रियांशु बिष्ट, रजत मेहरा, लक्ष्य रावत जबकि स्टैंडबाई खिलाड़ियों में तेजस कर्नाटक आदि को शामिल किया है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

**उपलब्धि** पिछले साल अप्रैल में कुल 186488 लीटर और इस बार 228595 लीटर दूध का उत्पादन हुआ, नये दुधारु पशु खरीदने व चारे की व्यवस्था से मिली सफलता

# प्रदेश में दूध उत्पादन ने तोड़े पिछले रिकॉर्ड, हरिद्वार जिला टॉप पर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अप्रैल महीने में सामान्यतः दूध का उत्पादन कम हो जाता है लेकिन इस बार प्रदेशभर में इसका उत्पादन बढ़ा है। इसका कारण अधिकांश पशुपालकों का नये दुधारू जानवर खरीदना तथा उन्हें भूसा आदि चारे पर सब्सिडी मिलना है।



पिछले साल अप्रैल की तुलना में इस साल अप्रैल महीने में उत्तराखंड सहकारी डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (यूसीडीएफ) का दूध उत्पादन बढ़ा है। जिसमें हरिद्वार जिलें में सबसे ज्यादा 61 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हरिद्वार में पिछले साल अप्रैल में औसतन 8724 लीटर प्रतिदिन, जबकि इस साल इसी दौरान औसतन 13251 लीटर प्रतिदिन दूध का उत्पादन हुआ है। बागेश्वर में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जहां पिछले साल अप्रैल माह के मुकाबले इस बार औसतन 304 लीटर प्रतिदिन दूध का उत्पादन बढ़ा है। इसी तरह, रुद्रप्रयाग में 48 प्रतिशत, ऊधमसिंह नगर में 29 प्रतिशत, अल्मोड़ा में 22 और नैनीताल में 16 प्रतिशत, देहरादून में 12 प्रतिशत, पिथौरागढ़ में 9 प्रतिशत, चंपावत में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल अप्रैल में कुल 186488 लीटर, जबकि इस बार इसी दौरान 228595 लीटर दूध का उत्पादन हुआ है।

**मांग में भी हुई बढ़ोतरी:** दूध उत्पादन के साथ ही इसकी मांग में भी बढ़ोतरी हुई है। टिहरी में पिछले साल अप्रैल माह में दूध की मांग औसतन 82235 लीटर प्रतिदिन थी, जो इस साल इसी दौरान बढ़कर 85431 लीटर प्रतिदिन हो गई है। इसी तरह, उत्तरकाशी में दूध की मांग में 27 प्रतिशत, चमोली में 16 प्रतिशत, पिथौरागढ़ में 14 प्रतिशत, देहरादून में 9 प्रतिशत, अल्मोड़ा में 5 प्रतिशत व नैनीताल में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

#### इन जिलों में गिरा दूध का उत्पादन

प्रदेश के कई जिलों में पिछले साल अप्रैल की तुलना में इस बार दूध उत्पादन में गिरावट आई है, जिसमें उत्तरकाशी में सबसे ज्यादा 12 प्रतिशत की गिरावट हुई है। यहां पिछले साल अप्रैल में औसतन 807 लीटर प्रतिदिन, जबकि इस साल इसी दौरान औसतन 713 लीटर प्रतिदिन दूध का उत्पादन हुआ। इसी तरह, पौड़ी व चमोली में भी पिछले साल अप्रैल माह की तुलना में इस बार एक-एक प्रतिशत दूध का उत्पादन गिरा है।

#### सब्सिडी बढ़ने व समय पर पैसे मिलने से बढ़ा उत्पादन

दूध के उत्पादन में वृद्धि का कारण चारा आदि में सब्सिडी बढ़ने व पशुपालकों को समय पर पैसे मिलने है। यूसीडीएफ के अधिकारियों ने बताया कि बीते तीन महीनों में राज्यभर में हजारों पशुपालकों ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के तहत दुधारू पशु खरीदे हैं। इसके साथ ही, यूसीडीएफ की ओर से पशुपालकों को 50 से 70 प्रतिशत की सब्सिडी पर भूसा, साइलेज, चारा बीज, पशु आहार आदि उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा उन्हें समय पर सब्सिडी के रुपये व दूध का भुगतान किया जा रहा है।

#### बोले अधिकारी

> अप्रैल से जून तक सामान्यत : दूध उत्पादन गिरता है। अप्रैल से जून तक धूप की तपिश बढ़ने से पशुओं में तनाव बढ़ता है और सुस्ती आ जाती है। गर्मियों में हरे चारे की उपलब्धता भी कम हो जाती है। जिससे दूध का उत्पादन कम हो जाता है। लेकिन जिले के पशुपालकों ने कई सरकारी योजनाओं का लाभ लिया है। इसलिए यूसीडीएफ के दूध उत्पादन में वृद्धि हुई होगी। **-डीसी जोशी**, मुख्य जिला पशु चिकित्सा अधिकारी

> अप्रैल से पशुपालकों को समय पर चारा बीज, भूसा आदि मिलने और दूध का भुगतान समय पर होने से उत्पादन में वृद्धि हुई है। **-डॉ . मोहन चंद्र**, उप महाप्रबंधक, यूसीडीएफ

# जर्जर सड़कें और पेयजल का संकट, गूलों का भी हाल खराब

## भगवानपुर जयसिंह वार्ड 41 का हाल :- पेयजल लाइनें बिछाईं पर मुख्य लाइन से नहीं जोड़ीं

**जनसंख्या: 15 हजार करीब | मतदाता: 07 हजार करीब**

**मुख्य कॉलोनियां :-** भगवानपुर जयसिंह, भगवानपुर विचला भगवानपुर तल्ला, गौडगांजा, हिम्मतपुर तल्ला, नरसिंह तल्ला, मां गिरिजा विहार आदि।

वार्ड परिक्रमा

संवाददाता, हल्द्वानी


भगवानपुर जय सिंह में सड़क किनारे गूल में पड़ा कचरा।


पेयजल संकट के चलते लोगों को ढोना पड़ रहा पानी।


हिम्मतपुर मल्ला में बगैर नाली के बन रही सड़क ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भगवानपुर जयसिंह वार्ड 41 में बिना पानी जोड़े कई कॉलोनियों में पेयजल लाइनें बिछा दी गई हैं। सर्वोदय नगर, भगवानपुर विचला के ओम विहार, गोपीपुरम, प्रेम विहार आदि क्षेत्रों में पेयजल की खासी दिक्कत है। गौड़गांजा में नलकूप बनकर तैयार है लेकिन ट्रांसफार्मर अब लगाया जा रहा है। भगवानपुर जयसिंह में कई किराएदार पानी नहीं आने पर अन्य इलाकों से पानी भरकर लाते हैं।

वार्ड में अधिकतर सड़कें स्थानीय विधायक बंशीधर भगत की निधि से बनी हैं। गिरिजा विहार, गौड़गांजा, भगवानपुर जयसिंह आदि क्षेत्रों में विधायक निधि से सड़कें बनी हैं। भगवानपुर विचला, भगवानपुर जयसिंह, गौड़गांजा की कुछ कॉलोनियों की सड़कें नगर निगम की ओर से बनाई गई हैं, जबकि अधिकतर सड़कें खस्ताहाल हैं। हिम्मतपुर तल्ला में एक साल से सड़क पर डामरीकरण नहीं हो पाया है। वार्ड में ज्यादातर सिंचाई नहरें क्षतिग्रस्त हैं, जिनकी सफाई व मरम्मत नहीं होने से लोगों को परेशानियां होती हैं। नरसिंह तल्ला, भगवानपुर जयसिंह, भगवानपुर तल्ला आदि में सिंचाई नहरें सबसे ज्यादा गंदी व टूटी फूटी हैं। कॉलोनियों में नालियां नहीं होने से जलभराव होना आम बात है।

वार्ड में करीब 2400 स्ट्रीट लाइटें लगीं हैं, जिसमें से दो दर्जन से अधिक लाइटें खराब हैं। शिकायत करने के बावजूद लाइटें सही नहीं हो रही हैं। कई जगह स्ट्रीट लाइटें नहीं लग पाई हैं। निवर्तमान षार्षद चंद्र प्रकाश कहते हैं कि वार्ड काफी बड़ा है। सड़क, पेयजल आदि की स्थिति में सुधार हुआ है।

### लोगों से बातचीत


गिरिजा विहार की लगभग सभी गलियों में बरसात में जलभराव हो जाता है। इससे गंदा पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। स्ट्रीट लाइटें भी नहीं लगी हैं।
-तारा चंद्र चौधरी


स्ट्रीट लाइटें कहने को लग गई हैं लेकिन अधिकतर खराब पड़ी हैं। नलकूप से पानी आता है। कुछ सुधार हुए हैं लेकिन अभी काफी कुछ किया जाना है।
-राजेश भट्ट


हिम्मतपुर मल्ला के साकेत विहार में नई सड़क बनाई जा रही है लेकिन पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं की जा रही है। पेयजल की दिक्कत है।
-सुंदर रावत


नलकूप के खराब होने पर पेयजल का संकट बढ़ जाता है। टैंकरों से पानी खरीदना पड़ता है। नहरों की सफाई नहीं होने से गंदा पानी सड़कों व घरों में आ जाता है।
-भूपेंद्र शर्मा


स्ट्रीट लाइटें लगने से रात में कॉलोनियों में उजाला रहता है। कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां आती हैं लेकिन उनके खराब होने पर लोगों को परेशानी होती है।
-डूंगर सिंह तोलिया


पेयजल की काफी दिक्कत है। घर के नल पर बहुत कम पानी आता है। इसलिए अन्य इलाकों से पानी भरकर लाना पड़ता है। अन्य सुविधाएं ठीक हैं।
-हुलासी राम

# ट्रांसप्लांट की संभावना न होने पर ही काटे जाएं पेड़


हल्द्वानी में अधिकारियों की बैठक लेतीं डीएम वंदना। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**निर्देश**
- डीएम ने शहर के चौराहों के चौड़ीकरण को लेकर की बैठक
- बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी रहे मौजूद

**अमृत विचार :** डीएम वंदना ने शुक्रवार को कैंप कार्यालय में शहर के 13 चौराहों और सड़कों के चौड़ीकरण को लेकर वन विकास निगम, लोनिवि, राजस्व और विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

डीएम वंदना ने कहा कि चौराहों के चौड़ीकरण में यूटिलिटी शिफ्टिंग के लिए एसडीएम परितोष वर्मा और सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बनाकर समस्याओं के निस्तारण के लिए काम करेगा। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि विभिन्न चौराहों के चौड़ीकरण की जद में आने वाले पेड़ों को ट्रांसप्लांट किया जा सकता है तो उन्हें ट्रांसप्लांट किया जाए। इसके लिए विशेषज्ञ को बुलाकर पेड़ों का चिन्हीकरण किया जाए। प्रयास यह होना चाहिए कि जहां तक संभव हो पेड़ों को ट्रांसप्लांट हो, बिल्कुल भी संभावना नहीं होने पर पेड़ों का कटान किया जाए। विद्युत विभाग के ईई को चौराहों के चौड़ीकरण में आ रहे पेड़ों के कटान के लिए वन विकास निगम के साथ समन्वय के लिए एक अधिकारी नियुक्त करने को कहा ताकि सुगमता से काम हो।

डीएम ने लोनिवि ईई को निर्देशित किया कि तीनपानी से नारीमन चौराहे तक हर हाल में ब्लैक टॉप दोनों साइड 10-10 मीटर होना चाहिए। इसके अतिरिक्त दोनों छोर में जो जगह बचती है, वहां नाली, पार्किंग आदि बनाईं जाए। अमूमन देखा जाता है विद्युत विभाग सड़क के ब्लैक टॉप के बाद लगती जगह पर पोल शिफ्ट कर देता है जिससे लोग बची हुई जगह में अतिक्रमण कर देते है। इससे बेहतर रहेगा कि विद्युत विभाग हर हाल में अपने पोल को नाली और पार्किंग स्पेस के बाद बची हुई जगह में शिफ्ट करें ताकि अतिक्रमण की रोकथाम हो सके। डीएम ने कहा कि जितने भी धार्मिक स्थल हैं उन्हें शिफ्ट या ध्वस्तीकरण के लिए वार्ता करके भूमि के स्वामित्व की स्थिति के अनुसार काम किया जाए।

# मां को नहीं दी बेटे की मौत की जानकारी

**हादसा**
- डॉक्टरों ने विशाल की मौत की सूचना किसी को भी नहीं दी
- घायलों को बताया कि विशाल का उपचार चल रहा है

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दोगांव में वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से वाहन में सवार 12 लोगों में से एक युवक विशाल की मौत हो गई है। वह अयोध्या में सुभाषनगर क्षेत्र का रहने वाला था। वाहन में उसकी मां साधना जायसवाल भी सवार थी। साधना भी हादसे में घायल हुई और उनका उपचार डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में चल रहा है। डॉक्टरों ने साधना या फिर किसी भी अन्य घायल को शुक्रवार की देर रात तक भी यह पता नहीं लगने दिया कि विशाल अब नहीं रहा।

दोपहर के समय हादसे के बाद ही जब पुलिस घायलों को खाई से बाहर निकालने पहुंची थी, उसी समय उन्हें लग गया था कि विशाल की हालत गंभीर है। एसटीएच में पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके शरीर से अत्यधिक रक्त स्राव हो गया था। विशाल की मां साधना को भी अन्य घायलों के साथ भर्ती कर दिया गया और कुछ घायलों को निजी अस्पताल भेज दिया गया। डॉक्टरों ने किसी भी मरीज को अहसास नहीं होने दिया कि उनका एक साथी अब इस दुनिया में नहीं है। साथ ही विशाल की मां का खास ख्याल रखा गया कि उन्हें किसी भी तरह से पता नहीं चल पाए। डॉक्टरों का कहना था कि घायलों की स्थिति सामान्य होने के बाद उन्हें बताया जाएगा। बताया कि एसटीएच में भर्ती किसी भी घायल की स्थिति गंभीर नहीं है।

### बच्चों ने जिद की नैनीताल चलो

**हल्द्वानी :** घायलों में गुलाब जायसवाल ही कुछ बात कर पा रहे थे। बाकी सब हादसे के मंजर से बदहवास थे। गुलाब ने बताया कि रिश्तेदारों ने सोचा कि सब मिलकर हरिद्वार और ऋषिकेश में तीर्थ करके आते हैं। 22 मई को सब अयोध्या में इकट्ठे हुए और वहीं से निकले। पहले नैनीताल जाने की योजना नहीं थी लेकिन बच्चों ने कहा कि जब यहां तक आ गए हैं तो नैनीताल भी घूम लेते हैं और वापसी में हादसा हो गया।

### हादसे का कारण अभी स्पष्ट नहीं

**हल्द्वानी :** हादसों के सही कारण अभी जांच के बाद ही सामने आने की बात कही जा रही है लेकिन माना जा रहा है कि चालक गुलाब जायसवाल लगातार वाहन चले रहे थे। जिस वजह से उनसे वाहन अनियंत्रित हो गया और साथ ही वाहन में क्षमता से ज्यादा लोग भी बैठे थे।

### वाहन में क्षमता से ज्यादा लोग सवार थे

परिवहन विभाग और पुलिस सड़क हादसों को रोकने के लिए चेकिंग अभियान चलाने का दावा कर रही है लेकिन हादसे का शिकार 7 सीटर महिंद्रा एक्सयूवी में 12 लोग सवार थे। इसके बाद भी वाहन पहले हरिद्वार, ऋषिकेश और फिर बाद में नैनीताल भी पहुंच गया लेकिन किसी ने भी वाहन को नहीं रोका।

# ड्रोन स्प्रे से समय बचेगा, पैसे और मानव संसाधन की भी होगी बचत

संवाददाता, रामनगर



इफको के ड्रोन वितरण कार्यक्रम में मौजूद किसान व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** इफको की ओर से रामनगर ब्लॉक के नंदपुर चिल्किया गांव में ड्रोन स्प्रे का महत्व बताया। साथ ही युवा किसान को ड्रोन व ई-व्हीकल दिया गया।

शुक्रवार को एक कार्यक्रम में इफको के राज्य प्रमुख राकेश श्रीवास्तव व मुख्य कृषि अधिकारी विकेश यादव ने युवा किसान अर्जुन सिंह रावत को किसान ड्रोन और ड्रोन का लाने- ले जाने के लिए ई-व्हीकल दिया गया। इफको के क्षेत्रीय अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि चयनित अर्जुन सिंह रावत ने गुरुग्राम में ट्रेनिंग सेंटर पर 20 दिन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद केंद्र सरकार की ओर से उन्हें ड्रोन उड़ाने के लिए लाइसेंस प्रदान किया गया है। ड्रोन पायलट रामनगर ब्लॉक के खेतों में ड्रोन के माध्यम से नैनो उर्वरकों का स्प्रे करेगा, जिसमें किसान को केवल 300-350 रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से स्प्रे भुगतान करना होगा। राज्य प्रमुख राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि एक ड्रोन 5-7 मिनट में एक एकड़ कृषि भूमि पर 10 लीटर के टैंक से स्प्रे करने सक्षम है। उन्होंने बताया कि इफको ने राज्य में 20 ड्रोन दिए हैं। इस दौरान विजयपाल सिंह रावत, मनोज दानू, मोहित, कुलवंत सिंह संधू रहे।

## खुले में कूड़ा जलाने पर दो हजार रुपये चालान

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** वनाग्नि की घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने खुले में कूड़ा जलाने पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद कई लोग खुलेआम कूड़ा जला रहे हैं।

नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को जजफार्म क्षेत्र में कबाड़ी का काम करने वाले सरफराज का दो हजार रुपये का चालान किया। इधर मुखानी चौराहे के पास भी खुले में कूड़ा जलाया जा रहा था। लेकिन नगर निगम के अधिकारियों को इसकी भनक नहीं लगी। नगर निगम के सफाई निरीक्षक अमोल असवाल ने कहा कि जजफार्म क्षेत्र में कूड़ा जलाने पर एक व्यक्ति का चालान किया गया है। मुखानी चौराहे की घटना की उन्हें जानकारी नहीं है।

## सार-संक्षेप

### गन्ना किसानों का बकाया 3.5 करोड़ रुपये का भुगतान

**हल्द्वानी :** गन्ना किसानों का महीनों से अटका बकाये का भुगतान कर दिया गया है। बीती 31 जनवरी से उनके बकाये का भुगतान नहीं हो पाया था। गन्ना किसानों का सितारगंज, किच्छा व बाजपुर चीनों मिलों पर करीब 3.5 करोड़ रुपये बकाया था, जिसका भुगतान अब कर दिया गया है। गन्ना विकास समिति के सचिव आदित्य कुमार ने बताया कि सभी किसानों का पूरा भुगतान तीनों मिलों की ओर से कर दिया गया है। कहा कि पिछले साल किसानों ने कुल 16 करोड़ 74 लाख रुपये का गन्ना मिलों को बेचा था। गन्ना विकास समिति में 8500 किसान पंजीकृत हैं, जबकि अन्य दो हजार से अधिक किसान भी मिलों में गन्ना बेचते हैं।

### स्मैक के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** पुलिस ने स्मैक के साथ तस्कर को दबोचा है। पुलिस के अनुसार सूचना के आधार पर पुलिस पार्वती कॉलोनी आरके टेंट रोड पर एक मकान के पीछे पहुंची। यहां एक व्यक्ति को 15.58 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने अपना नाम चंद्रशेखर पाठक निवासी गैस गोदाम रोड बच्ची आटा चक्की के पास बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### सट्टे की पर्चियों के साथ आरोपी गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** पुलिस ने सट्टों की पर्ची के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार टेंपो स्टैंड बरेली रोड के पास पुलिस गश्त कर रही थी। एक व्यक्ति वहां टेंपों स्टैंड के पास आवाज देकर लोगों से सट्टा लगवा रहा था। आरोपी के पास से सट्टे की पर्चियां और 850 रुपये बरामद हुए। आरोपी ने अपना नाम पंकज पंत निवासी सत्यनारायण मंदिर के पास हल्द्वानी बताया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


उच्च शिक्षा निदेशक डॉ अंजू अग्रवाल को ज्ञापन सौंपते छात्र-छात्राएं।

### समर्थ पोर्टल में प्रवेश पंजीकरण की तिथि बढ़ाने का अनुरोध

**हल्द्वानी :** समर्थ पोर्टल में प्रवेश पंजीकरण एक माह पहले शुरू हो चुके हैं और आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई है। लेकिन पर्वतीय क्षेत्र में तकनीकी समस्याओं के कारण अधिकांश विद्यार्थियों को जानकारी नहीं मिल पाई है। जिससे उन्हें आवेदन पत्र भरने में काफी समस्याएं आ रही हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में काफी कम विद्यार्थियों ने प्रवेश पंजीकरण कराया है। अखिल भारतीय विद्या परिषद (एबीवीपी) ने उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अंजू अग्रवाल से पंजीकरण तिथि को आगे बढ़ाकर समर्थ पोर्टल का प्रचार-प्रसार करने की व्यवस्था बनाने का अनुरोध किया है। इस दौरान एमबीपीजी छात्रसंघ अध्यक्ष सूरज रमोला सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सिनेमा व्यवसायी लक्ष्मण प्रसाद अग्रवाल का निधन



**हल्द्वानी :** सिनेमा व्यवसायी स्व. खेमचंद अग्रवाल के पुत्र लक्ष्मण प्रसाद अग्रवाल का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह नाहिद सिनेमा के मालिक थे। वह अपने पीछे धर्मपत्नी मीना अग्रवाल, सुपुत्र अमित अग्रवाल एवं समित अग्रवाल, पुत्री अंजू अग्रवाल को छोड़ गए। शुक्रवार को राजपुरा स्थित श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर निवर्तमान मेयर डॉ. जोगिंदर पाल सिंह रौतेला, पूर्व विधायक नारायण पाल, हेमंत बगड़वाल, डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी आदि ने शोक जताया।

### सहायक अध्यापक को गोदाम प्रभारी पद से हटाया

**हल्द्वानी :** राजकीय इंटर कॉलेज खनस्यू, ओखलकांडा में सहायक अध्याWपक एलटी गणित के पद पर तैनात पंकज मनोज गौतम को निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण के गोदाम प्रभारी पद से हटाया गया है। राजकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. गोकुल सिंह मर्तोलिया ने मंडलीय अपर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा लीलाधर व्यास को इस संबंध में पत्र लिखा था। जिसका संज्ञान लेते हुए अपर निदेशक ने मुख्य शिक्षा अधिकारी नैनीताल को जांच के निर्देश दिए थे। जांच के बाद सहायक अध्यापक को गोदाम प्रभारी पद से कार्यमुक्त कर दिया गया है।


राजकीय इंटर कॉलेज फूलचौड़ में बैठक को संबोधित करते प्रधानाचार्य।

### भावना पीटीए और प्रमोद चंद बने एसएमसी अध्यक्ष

**हल्द्वानी :** अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज फूलचौड़ में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें भावना पांडे को पीटीए अध्यक्ष, प्रदीप सिंह रावत को सचिव और सरिता आर्या को कोषाध्यक्ष चुना गया। इससे पहले अभिभावकों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य आशीष शर्मा ने आय-व्यय का लेखा प्रस्तुत किया। अंग्रेजी प्रवक्ता लाल सिंह ने पीटीए व एसएमसी के गठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) में प्रमोद चंद्र जोशी को अध्यक्ष, जीवंती देवी उपाध्यक्ष तथा कुंवर सिंह, ललित बिष्ट, सुनीता देवी और निर्मला नेगी को सदस्य चुना गया।

### इंजीनियरिंग क्षेत्र में 8164 सीट मैट्रिक्स जारी

**हल्द्वानी :** कौशल एवं सेवायोजन विभाग ने नए सत्र के लिए एनसीवीटी के अंतर्गत 29 इंजीनियरिंग व नॉन इंजीनियरिंग रोजगारपरक व्यवसायों में प्रवेश के लिए 8164 सीट मैट्रिक्स जारी की है। प्रदेश में वर्तमान में 88 आईटीआई में एनसीवीईटी के अंतर्गत और 19 आईटीआई में एससीवीटी (स्टेट काउंसिल ऑफ वोकेशनल ट्रेनिंग) के अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों को एक वर्षीय/दो वर्षीय 29 अलग-अलग रोजगारपरक इंजीनियरिंग व नॉन इंजीनियरिंग रोजगारपरक व्यवसायों में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

**निरीक्षण** अपर सचिव उच्च शिक्षा डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने एमबीपीजी कॉलेज का किया औचक निरीक्षण

# शिक्षा सत्र को नियमित करना है शासन की प्राथमिकता

संवाददाता, हल्द्वानी


एमबीपीजी में अपर सचिव डॉ. आशीष श्रीवास्तव का स्वागत करते शिक्षक व अन्य।

**अमृत विचार :** अपर सचिव उच्च शिक्षा डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने शुक्रवार को एमबीपीजी कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। वह दोपहर 1:30 बजे कॉलेज पहुंचे और यहां बनाए मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मूल्यांकन प्रक्रिया और इससे संबंधित विभिन्न चरणों पर चर्चा करते हुए मूल्यांकन को कम समय में मानकों के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही प्राध्यापकों को मूल्यांकन में आ रही समस्याओं को भी सुना।

अपर सचिव ने कहा कि शासन की प्राथमिकता शिक्षा सत्र को नियमित करना है। इसके लिए परीक्षा व मूल्यांकन अवधि को कम समय में पूरा करने के प्रयास किये जा रहे हैं। ताकि समय पर परीक्षाफल घोषित किया जा सके। सत्र नियमित होने पर छात्र-छात्राओं को समय पर अंक तालिका व प्रमाण पत्र मिलेगा। जिससे अन्य विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए परेशानी नहीं होगी। उन्होंने रसायन व वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रयोगशालाओं का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कॉलेज के समस्त कार्मिकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति भी जांची और महीने भर की उपस्थिति की प्रति अपने पास सुरक्षित रखी। उन्होंने शिक्षकों को समय पर आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा आयोजित कर छात्र-छात्राओं का सतत मूल्यांकन करने की बात कही। इससे पहले कॉलेज के प्राध्यापक प्रभारी प्राचार्य प्रो. बीआर पंत ने अपर सचिव उच्च शिक्षा आशीष श्रीवास्तव व सहायक निदेशक गोविंद पाठक का स्वागत किया गया।

### निदेशालय के कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अपर सचिव उच्च शिक्षा डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने उच्च शिक्षा निदेशालय में अधिकारियों और कर्मचारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निदेशालय के विभिन्न पटलों, निर्माणाधीन निदेशक व कर्मचारी आवास का निरीक्षण किया और निदेशालय के कार्यों में तेजी लाने व 1 जुलाई से प्रत्येक दशा में ई ऑफिस के माध्यम से ही समस्त पत्राचार संपादित करने के निर्देश दिए। साथ ही सेवा, योजना, विकास आदि विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की और समस्त कार्यों को पूरी ईमानदारी और समय से करने को कहा। निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. अंजू अग्रवाल ने अपर सचिव को निर्देशों के पालन के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर उपनिदेशक डॉ. आरएस भाकुनी, डॉ. एचएस नयाल, सहायक निदेशक डॉ. गोविंद पाठक, डॉ. मनीषा तिवारी, डॉ. चौबे, डॉ. चमन कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रदीप पंत, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी धनी लाल सहित समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।

# वार्डों में महीनों से छाया है अंधेरा, अफसर लापरवाह

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** महीनों से वार्डों में स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं, जिससे लोगों को परेशानियां हो रही हैं। लोगों की ओर से कई बार शिकायतें करने के बावजूद नगर निगम के अधिकारियों की नींद नहीं टूट रही है। हिमालय फार्म, वार्ड 20 में महीनों से तीन दर्जन से अधिक लाइटें खराब पड़ी हैं। लोग कई बार इस संबंध में शिकायतें कर चुकें हैं लेकिन अब तक लाइटें सही नहीं हो पाई हैं।

वार्ड में हिमालय फार्म से रामपुर रोड तक करीब 15-20 लाइटें खराब पड़ी हैं। इसके अलावा, समता आश्रम गली में करीब 7, बरेली रोड व शिवाजी कॉलोनी में 2-2 लाइटें खराब पड़ी हैं। कुछ लोग वार्ड की एक दर्जन खराब लाइटें उतारकर ले गए, वह भी अब तक दोबारा नहीं लगाई गई हैं। इससे लोगों को रात में परेशानियां हो रही हैं और वह नगर निगम में फोन करके थक चुके हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। इसी तरह टनकपुर रोड वार्ड-14 में भी महीनों से 28-30 लाइटें खराब पड़ी हैं। वार्ड के टनकपुर रोड, वाल्मीकि बस्ती, वारसी कॉलोनी, नजाकत का बगीजा, गोलचा कंपाउंड आदि में लाइटें खराब पड़ी हैं। लोगों ने बताया कि निगम के कर्मचारी कभी लाइट सही करने भी आते हैं तो उनके पास पूरा सामान नहीं होता है और वह एक-दो लाइट सही करके चले जाते हैं।

## बिजली कटौती से लोग रहे परेशान

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** लो वोल्टेज व बिजली की आंखमिचौली से आमजनों को राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक घंटे बिजली कटौती जारी है। जिसके चलते लोगों को गर्मी में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

शुक्रवार को रामपुर रोड, समता आश्रम गली, मुखानी, राजपुरा, समेत कई इलाकों घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहीं गौलापार इलाके में लो वोल्टेज की समस्या बनी रही। दिनभर बिजली की आंखमिचौली जारी। इधर बिजली विभाग के ईई डीडी पांगती ने बताया नियमित कटौती के चलते कुछ घंटे के लिए कटौती गई गई थी, वहीं जिन इलाकों में लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है, उसे जल्द ही दूर किया जाएगा।

## एक नजर



गर्मी के मौसम में सड़कों के किनारे खड़े पेड़ों में आए दिन जहां-तहां आग लग रही है। उधर, राह चलते कई लोग जलती हुई बीड़ी-सिगरेट सड़कों के किनारे फेंक देते हैं, पेड़ों के नीचे आग लग रही है और पेड़ जलकर नष्ट हो रहे हैं। जसपुर-सन्यासियोंवाला मार्ग के किनारे लगी आग से जले पेड़। ● सुशील चौहान

### दो दिन की राहत के बाद फिर पड़ने लगी भीषण गर्मी

**काशीपुर :** बीते दो दिनों में तराई के कई क्षेत्रों में बारिश हुई। इस बारिश के चलते लोगों को कुछ हद तक गर्मी से राहत मिली थी। हालांकि दो दिन तापमान में गिरावट जरूर दर्ज की गई थी। अब दो दिन बाद लोगों को फिर भीषण गर्मी सताने लगी है। मौसम वैज्ञानिकों ने अगले पांच दिन मौसम गर्म रहने का पूर्वानुमान लगाया है। जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि शुक्रवार को तराई का अधिकतम तापमान 38.8 जबकि न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस रहा। उन्होंने बताया कि 10 किलोमीटर की रफ्तार से लू चल रही है। साथ ही अगले पांच दिन तापमान गर्म रहेगा।

### पंतनगर एयरपोर्ट पर किया राज्यपाल का स्वागत



पंतनगर एयरपोर्ट पर राज्यपाल का बुके देकर स्वागत करते डीएम। ● अमृत विचार

**रुद्रपुर :** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (अवकाश प्राप्त) गुरमीत सिंह अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10.40 बजे जॉली ग्रांट एयरपोर्ट देहरादून से स्टेट प्लेन से 11.50 पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे। अल्प विश्राम के बाद राज्यपाल ने पंतनगर एयरपोर्ट से कार द्वारा नैनीताल के लिए प्रस्थान किया। शुक्रवार को राज्यपाल के पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचने पर जिलाधिकारी उदयराज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के, कुलपति पंतनगर विश्वविद्यालय मनमोहन सिंह चौहान ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान राज्यपाल को एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। इस अवसर पर एसपी सिटी मनोज कत्याल, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा, सीओ निहारिका तोमर आदि मौजूद रहे।

### विवादित जमीन पर निर्माण रोकने पर मारपीट

**काशीपुर :** विवादित जमीन पर निर्माण कार्य रोकने पर सात लोगों ने जानलेवा हमला कर एक ही परिवार के पांच लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो महिलाओं समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आईटीआई थाना क्षेत्र के ग्राम कचनाल गुसाईं निवासी अफसर अली ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में बताया कि उसने मौ. उमर से जमीन क्रय की थी। बीती 22 मई की रात्रि लगभग 9 बजे कचनाल गुसाईं निवासी नूर आलम अपने साथ मौ. उमर, शबनम, यासीन, अंजुम सरफराज, सुहैल पुत्रगण यासीन उस जमीन की नींव भरने लगे। जब उसने कहा कि इस जमीन का कोर्ट में केस चल रहा है। इसी बीच आरोपियों ने उसे, उसके पिता अकबर अली, मां हाजरा व भाई युसूफ अली व अशरफ अली पर लाठी डंडों व फावड़े से हमला कर दिया। जिसमें सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। कहा कि सभी का इलाज बाजपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा है। जहां सभी की हालत गंभीर बनी हुई है।

### शहर में अलग-अलग जगहों से दो बाइक चोरी

**काशीपुर :** पुलिस ने बाइक चोरी के दो अलग-अलग मामले में चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शुक्रवार को न्यू वैशाली कालोनी निवासी सुधांशु शर्मा ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में बताया कि 22 मई की शाम उसकी बाइक सं. यूके 18 एफ 2522 घर के बाहर खड़ी थी। बताया कि कुछ देर बाद उसने घर के बाहर जाकर देखा तो बाइक अपने स्थान पर नहीं थी। वहीं दूसरी घटना में बेंतवाला निवासी जयराम सिंह ने बताया कि 21 मई की सुबह किसी कार्य से देवीपुरा गया था। बताया कि उसने अपनी बाइक सं. यूके18जे1730 को सुबह करीब 8.30 बजे एक व्यक्ति के घर के बाहर खड़ा किया था। जब वह वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### अतिक्रमण मामले में अब तक नहीं मिला न्याय



अमनप्रीत सिंह।

**जसपुर :** प्रशासन द्वारा ग्राम पतरामपुर में हटाए गए अतिक्रमण के मामले में करीब 1 साल बाद भी पीड़ित लोगों को न्याय नहीं मिल पाया है। भारतीय किसान यूनियन के युवा ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह ने कहा कि प्रशासन द्वारा करीब 1 वर्ष पूर्व ग्राम पतरामपुर में अतिक्रमण हटाया गया था। इसमें कई लोगों के मकान व दुकान टूटे थे। पीड़ितों की मांग पर इस मामले की कई बार जांच हो चुकी है। पीड़ितों द्वारा इंसाफ के लिए न्यायालय में भी रिट दायर की गई है। इसकी 1 साल के भीतर आठ बार तारीख पड़ चुकी है। पीड़ित अब आंदोलन करने की तैयारी में हैं। अमनप्रीत ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन पीड़ितों के इस आंदोलन को पूर्ण समर्थन देगी।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

#### नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर का राजस्व पुलिस सजा प्रतिशत अत्यंत कम

# राजस्व पुलिस के अधिकांश मामलों में नहीं हुई सजा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** गत 21 मई को उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने राजस्व पुलिस व्यवस्था एक साल में समाप्त करने के आदेश दिए हैं। इस आदेश का महत्व अभियोजन विभाग के सजा-रिहाई के आंकड़े भी बयान करते हैं। कुमाऊं के 4 जनपदों के आंकड़ों से स्पष्ट है कि राजस्व पुलिस वाले मुकदमों की सजा दर, रेगुलर पुलिस की अपेक्षा कम है।

काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने उत्तराखंड सरकार द्वारा फौजदारी मुकदमों में सजा रिहाई सम्बन्धी सूचना लोक सूचना अधिकारी, अभियोजन निदेशालय उत्तराखंड से मांगी थी। उनके द्वारा सूचना प्रार्थना पत्र जिलों के अभियोजन कार्यालयों को हस्तांतरित करने के बाद विभिन्न जिलों से संबंधित विवरण उपलब्ध कराया गया है। इसके अनुसार वर्ष 2023 में कुमाऊं के राजस्व व रेगुलर दोनों पुलिस व्यवस्था वाले 4 पर्वतीय जनपदों नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ तथा बागेश्वर में कुल 8702 मुकदमे न्यायालयों से निर्णीत हुए। इसमें 7076 मामलों में सजा हुई तथा 756 मामलों में रिहाई हुई।

सजा का प्रतिशत कुल निर्णीत मुकदमों का 81 प्रतिशत रहा। जबकि इसमें राजस्व पुलिस के निर्णीत 248 केसों में से केवल 23 में ही सजा हुई तथा सजा का प्रतिशत 9 रहा, जबकि नियमित पुलिस के 8454 मामलों में से 83 प्रतिशत यानी 7053 केसों में सजा हुई तथा 702 मामलों में रिहाई हुई।

| वर्ष | जिला | कुल केस | सजा | रिहाई |
|---|---|---|---|---|
| 2023 | नैनीताल | 4229 | 3313 | 346 |
| 2023 | अल्मोड़ा | 1062 | 777 | 163 |
| 2023 | पिथौरागढ़ | 2667 | 2432 | 111 |
| 2023 | बागेश्वर | 744 | 554 | 136 |

नोट – आंकड़े सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन द्वारा कुमाऊं के चार जिलों के फौजदारी न्यायालय से सूचना अधिकार के तहत लेकर उपलब्ध कराए है।

### हाईकोर्ट शिफ्टिंग पर रोक का किया स्वागत

काशीपुर। उत्तराखंड उच्च न्यायालय द्वारा नैनीताल हाई कोर्ट शिफ्ट करने के 8 मई आदेश पर उच्चतम न्यायालय ने रोक लगा दी है। इस पर उत्तराखंड हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीसीएस रावत को काशीपुर बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्रा, भास्कर त्यागी एडवोकेट, रामकुमार चौहान, पंकज कश्यप, संजीव कुमार ने बधाई दी तथा उच्चतम न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया।

# चरस का धंधा छोड़ वन्य जीवों के करने लगे शिकार

संवाददाता, रुद्रपुर

**खुलासा**
- चार भालुओं सहित वन्य जीवों का किया शिकार
- 32.22 लाख रुपये में किया था पित्त का सौदा

**अमृत विचार:** चमोली जिले के थराली थाना से पकड़े गए दोनों आरोपी चरस तस्करी का धंधा छोड़कर वन्य जीवों का शिकार करने लगे और मोटी कमाई के चक्कर में अंगों की तस्करी में लिप्त हो गए। बताया जा रहा है कि चार भालुओं की हत्या कर आरोपी महंगे दामों पर पित्त का सौदा कर चुके थे। इसके बाद एएनटीएफ ने आरोपियों का नेटवर्क खंगालना शुरू कर दिया है।

एएनटीएफ प्रभारी पावन स्वरूप ने बताया कि भालुओं की पित्त के साथ पकड़े गए आरोपी बलवंत सिंह और मेहरबान सिंह ने पूछताछ में बताया कि चमोली के पिंडर वन रेंज में भालुओं की संख्या काफी है। इससे पहले वह चरस तस्करी के आरोप में जेल भी जा चुके है, लेकिन जेल से छूटने के बाद कम समय में मोटी कमाई किए जाने का विचार मन में आया और दोनों ने मिलकर अपना नेटवर्क बनाना शुरू कर दिया।

उन्होंने बताया कि पिंडारी गांव के कुछ लोग भालुओं की आवाजाही की सूचना देते थे। यही कारण है कि मई माह की शुरुआत तिथि में ही उन्होंने पहले चार भालुओं का शिकार किया और उसके बाद पित्त निकालकर सुखाई जाती है। बाकी शव को नष्ट कर दिया जाता है। जिसके बाद 460 ग्राम भालू पित्त की कीमत 32.22 लाख रुपये आंकी गई और इसका सौदा भी हो चुका था।

# मॉर्निंग वॉक पर निकले वृद्ध की कार से टकराकर मौत

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** नेशनल हाइवे पर मॉर्निंग वॉक पर निकले बुजुर्ग को कार चालक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को तत्काल नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार को कब्जे में लिया है।



चन्दर सिंह राणा।

बानुसी निवासी चन्दर सिंह राणा (60) शुक्रवार की सुबह खटीमा-सितारगंज हाईवे पर मॉर्निंग वॉक कर रहे थे। इसी दौरान खटीमा की ओर से आ रही कार के चालक ने वृद्ध को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना स्थल पर लोग जमा हो गए और घायल को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने घटना स्थल से कार को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी राधा देवी को रोता बिलखता छोड़ गए हैं जबकि उनकी पुत्री की पहले ही मौत हो चुकी है।

# बाइक की टक्कर से पिल्ले की मौत के बाद हुई मारपीट

संवाददाता, किच्छा

- तमंचे के बल पर परिजनों को बनाया बंधक, फायरिंग किए जाने का भी आरोप

**अमृत विचार :** बाइक की टक्कर में कुत्ते के पिल्ले की मौत होने के बाद बाइक स्वामी को शिकायत करना युवक को महंगा पड़ गया। आरोप है कि शिकायत के बाद आरोपियों ने शिकायतकर्ता के घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ करते हुए घर में मौजूद पीड़ित की पत्नी एवं बेटी के साथ गाली गलौज कर मारपीट की। पीड़ित ने आरोपियों पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग किए जाने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

गुरु नानक एनक्लेव कॉलोनी, ग्राम लालपुर निवासी रघुवीर शर्मा ने बताया कि विगत दिवस गुरुवार की सुबह करीब 8 बजे आइडिया कॉलोनी, लालपुर निवासी गुरबाज सिंह ने बिना नंबर प्लेट लगी मोटर साइकिल से उसके पालतू पिल्ले को बाइक से दबाकर मार दिया। पीड़ित के अनुसार शाम को वह बाइक चालक गुरबाज सिंह के घर पहुंचा और कुत्ते के पिल्ले को टक्कर मारने की शिकायत कर घर लौट आया। पीड़ित ने बताया कि गुरुवार की रात्रि वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ घर में बैठा था और इसी दौरान घर के सामने रुकी कार पर सवार चार लोग जबरन दरवाजा तोड़कर घर में घुस आए और पीड़ित रघुवीर शर्मा, उसकी पत्नी संतोष शर्मा, मां कांति देवी और बेटी शिवानी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार आरोपियों में गुरबाज सिंह तथा उसके बेटे निरबेल सिंह को वह जानता है। आरोप है कि निरबेल सिंह ने तमंचा दिखाते हुए गोली मारने की धमकी दी और तमंचे के बल पर परिवार के सभी लोगों को घर के अंदर कैद कर डंडे से मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से छूटकर जब पीड़ित घर के बाहर भागा तो आरोपी निरबेल सिंह ने तमंचे से उस पर दो फायर कर दिए। जिसमें पीड़ित बाल-बाल बच गया। फायरिंग की आवाज सुनकर कई लोग मौके पर आ गए।

## आदर्श कॉलोनी में विवाहिता ने की खुदकुशी

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** आदर्श कॉलोनी घास मंडी में एक विवाहिता द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का आरोप था कि पड़ोसी युवक द्वारा विवाहिता को उकसाया गया।

आदर्श कालोनी स्थित घासमंडी में रामानंद उर्फ पप्पू सागर अपने परिवार के साथ रहता है। शुक्रवार की शाम उसकी पत्नी प्रीति (33) घर के कमरे में फंदे पर लटकी मिली। जब तक परिजनों को जानकारी हुई तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। प्रीति की मौत से गुस्साए परिजनों ने पड़ोसी युवक को जिम्मेदार का ठहराया। आरोप था कि युवक उसकी बेटी को परेशान करता था। इसको लेकर दोनों परिवारों में पंचायत हुई थी और समझौता हो गया था। लेकिन घटना को लेकर प्रीति परेशान थी। इस दौरान प्रीति और पड़ोसी के परिवार के बीच तनातनी हो गई।

सूचना पर एसएचओ धीरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत किया। एसएचओ ने बताया कि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। यह मामला आत्महत्या का है। मामले में पूछताछ करने के बाद जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



गुम हुए मोबाइल को बरामद कर पीड़ित को सौंपती महिला कांस्टेबल। ● अमृत विचार

### गुम हुए मोबाइल पाकर खिले चेहरे

**काशीपुर :** गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद कर पुलिस ने उनके स्वामियों को देकर उनके चेहरे पर मुस्कान लौटाई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में गुम होने वाले मोबाइल को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बरामद करने सम्बन्धी निर्देश दिए गए थे। उक्त आदेश के अनुपालन में मोहल्ला ओझान खत्री सभा रोड निवासी रमन मेहरोत्रा और नया गांव चौहान रामनगर निवासी संतोषी जोशी के गुम हुए मोबाइल को पुलिस ने बरामद किया। मोबाइल पाकर दोनों के चेहरे पर खुशी छा गई। इस कार्य में एसएसआई सतीश शर्मा, हेड कांस्टेबल भारत सिंह व महिला कांस्टेबल प्रियंका कम्बोज शामिल रहे।

### तारों से निकली चिंगारी से फर्नीचर की दुकान में आग

**जसपुर :** बिजली के तारों से निकली चिंगारी से फर्नीचर की दुकान में आग लग गई। इससे उसका फर्नीचर जलकर राख हो गया और काफी नुकसान हो गया। गुरुवार को रात्रि करीब 10:30 बजे जसपुर के मोहल्ला नत्था सिंह के पास नूरी मस्जिद रोड स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर के तारों से निकली चिंगारियों से पास की लकड़ी फर्नीचर बनाने वाले मोहल्ला जुलाहा निवासी शाहिद अहमद की फर्नीचर की दुकान में आग लग गई। दुकान से धुआं उठते देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। उन्होंने दुकान मालिक को घटना की सूचना दी। दुकानदार ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलने पर तत्काल प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड घटनास्थल पर पहुंची और तत्परता से आग पर लगातार पंपिंग कर आग को फैलने से रोका और बमुश्किल आग पर काबू पाया। आग से दुकान में रखा लकड़ी का काफी फर्नीचर जल गया। इससे उसका करीब 50 हजार रुपये का नुकसान बताया गया। घटनास्थल पर कार्यरत फायर यूनिट एलएफएम रमेश चंद्र, चालक संदीप कुमार, एफएम दलबीर सिंह, बालम सिंह, चन्द्र मोहन शामिल रहे।

## दो क्लीनिकों को किया सीज

**काशीपुर।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने महुआखेड़ा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान दो क्लीनिक को सीज करने की कार्रवाई की है। साथ ही दोनों क्लीनिक संचालकों को कारण बताओ नोटिस दिया है। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह के नेतृत्व में महुआखेड़ा क्षेत्र में पहुंचे जहां महुआखेड़ा क्षेत्र में एक क्लीनिक व एक नर्सिंग होम में निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्लीनिक व नर्सिंग होम क्लीनिक के संचालकों से संबंधित अभिलेख मांगे लेकिन संचालक अभिलेख नहीं दिखा सके। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दोनों क्लीनिक को सीज कर दिया। टीम में दौलत पटवारी, अभिषेक सिसोदिया मौजूद रहे।

# प्रयोगशाला सहायक की परीक्षा 26 को होगी

संवाददाता, रुद्रपुर

**तैयारी**
- परीक्षा के लिए रुद्रपुर में बनाए गए हैं तीन परीक्षा केंद्र
- सभी परीक्षा केंद्रों पर धारा 144 लागू

**अमृत विचार:** लोक सेवा आयोग हरिद्वार की ओर से प्रयोगशाला सहायक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला (समूह ग) लिखित परीक्षा 26 मई को गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज फाजलपुर महरौला रुद्रपुर, अटल उत्कृष्ट एएनझा राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर, आर्य कन्या इंटर कॉलेज काशीपुर बाईपास रोड पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित होगी।

शुक्रवार को जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए कि वे सभी व्यवस्थाएं कर लें और गेट पर ही अभ्यर्थियों की स्कैनिंग कर ली जाए। परीक्षा केंद्रों में मोबाइल, ब्लुटूथ डिवाइस, घड़ी या अन्य किसी प्रकार का इलेक्ट्रानिक गैजेट पूर्णतया प्रतिबंधित होगा। परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी कैमरे के साथ ही वीडियोग्राफी भी की जाएगी। तीन परीक्षा केंद्रों में तीन सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ ही पर्याप्त सुरक्षा बल भी तैनात रहेंगे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी। ● अमृत विचार

परगना मजिस्ट्रेट मनीष बिष्ट ने क्षेत्र के सभी परीक्षा केंद्रों पर धारा 144 लगा दी गई है। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट डॉ. अमृता शर्मा, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक हरेंद्र मिश्रा, आयोग के प्रतिनिधि प्रिंस वर्मा, प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडेय, पार्वती देवी, अमृता सक्सेना, सेक्टर मजिस्ट्रेट. डॉ. प्रकाश फुलारा, कमांडेंट होमगार्ड प्रतिमा, सीओ ओम प्रकाश आदि मौजूद थे।

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी ग्राम किशनपुर पो० उधमावाला तहसील टाण्डा जिला रामपुर हाल निवासी ग्राम खड़कपुर देवीपुरा तहसील काशीपुर जिला उ० सि०नगर की निवासी है प्रार्थिनी दिनांक 22.05.2024 को घर से भूमि सम्बन्धित कागजात व विलेख लेकर विधिक राय लेने काशीपुर तहसील परिसर में गई हुई थी कि तहसील परिसर से वापस आते समय पूर्ववती मूल बैनामा रास्ते में कहीं गिर गया जो काफी तलाशने पर भी नहीं मिला। उपरोक्त बैनामा दिनांक 05.12.2012 वही नं0 01 जिल्द नं0 3215 पृष्ठ संख्या 25-32 क्रमांक 13900 की मूल प्रति जो श्रीमति अनिता देवी पत्नी श्री रमेश के नाम से उपनिबन्धक कार्यालय काशीपुर में पंजीकृत था। प्रार्थिनी ने उक्त खोये हुए बैनामें की सूचना कल दिनांक 23.05.2024 को कोतवाली काशीपुर में दर्ज करा दी है। तथा उपरोक्त बैनामा किसी भी सरकारी/गैर सरकारी बैंक में बन्धक नहीं है। यदि किसी व्यक्ति को इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो वह सात दिन के अन्दर बैंक अधिवक्ता नरेन्द्र कुमार एडवोकेट कार्यालय भल्ला मॉकेट निकट तहसील परिसर काशीपुर, मो० नं० 9412153081 से सम्पर्क करें।

– श्रीमति क्रांति देवी पत्नी श्री भूपेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम किशनपुर, पो० उधमावाला, तहसील टाण्डा, जिला रामपुर, हाल निवासी ग्राम खड़कपुर देवीपुरा, तहसील काशीपुर, जिला उ० सि०नगर।

# फाइनेंस बैंक के मैनेजर व फर्जी ग्राहक पर मुकदमा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके के रहने वाले एक ज्वैलर्स स्वामी से धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप था कि फाइनेंस कंपनी के मैनेजर ने फर्जी ग्राहक के साथ मिलकर कुटरचित तरीके से सोने की झूठी गुणवत्ता बताई और लाखों रुपये की ठगी को अंजाम दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इंदिरा कॉलोनी गली-पांच निवासी शांतनु रस्तोगी ने बताया कि उसकी मछली मार्केट थाना ट्रांजिट कैंप में प्रियंका ज्वैलर्स नाम से दुकान है। बताया कि आवास विकास स्थित मुथूट फिनकॉर्प के बैंक ब्रांच मैनेजर विवेक चौधरी की कॉल आयी। मैनेजर ने बताया कि नैनीताल डौली रेंज के रहने वाले गजेंद्र सिंह द्वारा बैंक में 111.8 ग्राम सोना गिरवी में रखा था। तीन साल बीत जाने के बाद भी ग्राहक नहीं आया। बताया कि सोने की गुणवत्ता 22 कैरेट और खरीदने पर कम दाम में दे दिया जाएगा। सात मई 2024 को मैनेजर द्वारा झांसा देकर सोने की कीमत 6.51 लाख रुपये बताई और कई तिथियों में पूरी रकम का भुगतान ग्राहक गजेंद्र सिंह के खाते में करवाया।

बाद में मैनेजर द्वारा 111.8 ग्राम सोना दिया और जब सोने की गुणवत्ता को परखा तो पाया कि मैनेजर द्वारा बताई गई गुणवत्ता से सोने की वास्तविक गुणवत्ता भिन्न है। ऐसे में सीधे तौर पर उसे पांच लाख रुपये का आर्थिक नुकसान पहुंचाया। आरोप था कि मैनेजर ने फर्जी ग्राहक के साथ मिलकर कूटरचित तरीके से ठगी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद अज्ञात चालक पर मुकदमा

**काशीपुर, अमृत विचार :** सड़क हादसे में एक व्यक्ति के मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

ग्राम रामनगर थाना जसपुर व हाल सुल्तानगढ़ निवासी आशा ने कुंडा पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में उसने बताया कि उसके पति विजय कुमार 16 मई की सुबह जसपुर स्थित एक फैक्ट्री से ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे थे। इस बीच लालपुर मंदिर के सामने हाईवे पर अज्ञात वाहन ने उसके पति को पीछे से टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। कुंडा थाना प्रभारी विक्रम राठौर ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)


रुद्रपुर में बाजार बंद कर विरोध जुलूस निकालते व्यापारी नेता व दुकानदार। ● अमृत विचार

# छापे की आड़ में नेताओं ने निकाली अपनी भड़ास

संवाददाता, रुद्रपुर

**»» व्यापारी नेताओं ने खुलकर दिखाई नाराजगी, शहर में राजनीति गर्माने लगी**

**अमृत विचारः** रुद्रपुर में आयकर विभाग की छापेमारी के बाद शहर की राजनीति भी गरमाने लगी है। जहां सत्ता एवं विपक्ष के नेता एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। वहीं व्यापारी नेताओं ने भी कारोबारी उत्पीड़न के खिलाफ सत्ताधारी सरकार के खिलाफ अपनी नाराजगी जताई है।

कांग्रेस नेता प्रदेश में अफसरशाही हावी होने और व्यापारियों का उत्पीड़न किए जाने का आरोप मढ़ रहे हैं। वहीं पूर्व विधायक का आरोप था कि छापे उन नेताओं और कारोबारियों के यहां पड़ने चाहिए जो अपने कार्यकाल में अवैध तरीके से धनोपार्जन कर रहे हैं। ताकि ईमानदारी का मुखौटा पहनने वाले बेनकाब हो जाएं।

वहीं सत्ताधारी विधायक का कहना है कि प्रदेश सरकार किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने देगी। यह कार्रवाई विभागीय दायित्व का हिस्सा है। बेवजह किसी को प्रताड़ित नहीं होने दिया जाएगा और सरकार कारोबारियों के साथ खड़ी है, लेकिन व्यापारी नेताओं का आरोप था कि सरकार के इशारे पर चलने वाली सरकारी मशीनरी होती है और सरकार के वह जनप्रतिनिधि कहां हैं जो वोट मांगने के दौरान झूठा आश्वासन देते हैं। व्यापारी ने संगठित होकर संघर्ष करने का ऐलान भी किया।



" लखनऊ आयकर विभाग की यह कार्रवाई सर्च एन सीजन के आधार पर हुई है, लेकिन जांच के नाम पर किसी भी कारोबारी को प्रताड़ित नहीं होने दिया जाएगा। खुद एक सीए और विधायक होने के नाते वह नारंग परिवार से मिले और अर्थव्यवस्था के विशेषज्ञों से वार्ता कर समाधान का तरीका भी बताया। साथ ही छापामार कार्रवाई की जानकारी प्रदेश के सीएम को भी दी गई है। सरकार व सत्ताधारी जनप्रतिनिधि व्यापारी के साथ खड़ा है और बेवजह उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेगा। **–शिव अरोड़ा**, विधायक, रुद्रपुर



" नारंग परिवार ने संघर्ष कर अपना कारोबार बढ़ाया और समाज में स्वच्छ छवि की पहचान बनाई। हमेशा सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देने के बाद भी सरकार के अधीन आयकर विभाग ने छापेमारी कर प्रताड़ित किया, जबकि छापा सत्ताधारी या फिर ऐसे कारोबारियों पर मारना चाहिए जो गलत तरीके से धनोपार्जन कर रहे हैं। ताकि ईमानदारी का मुखौटा पहने ऐसे नेता या उनके चहेते उद्योगपतियों को बेनकाब किया जा सके, लेकिन भाजपा सरकार में सरकारी मशीनरी छोटे कारोबारी को परेशान कर रही है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। **–राजकुमार ठुकराल**, पूर्व विधायक, रुद्रपुर



" शहर का दुर्भाग्य है कि भाजपा सरकार में रुद्रपुर को चारागाह बना दिया गया। जहां जब चाहे कोई भी सरकारी एजेंसी आकर कारोबारी को प्रताड़ित करती है और चारा काटकर ले जाती है। जिस कारण व्यापारी हो या फिर आम जनमानस त्रस्त हो चुका है। यही कारण है कि प्रदेश में अफसरशाही हावी है। एक समय वो था कि जब किसी भी अधिकारी छापे मारने से जनप्रतिनियों से इजाजत लेता था। वहीं दो-दो व्यापार मंडल होने से अफसरशाही को दबाने का मौका मिला। पहली बार दोनों व्यापार मंडल का संगठित होना अफसरशाही का पतन करेगी। **–तिलकराज बेहड़**, विधायक, किच्छा



" वास्तव में प्रदेश में अफसरशाही हो चुकी है, लेकिन व्यापारी वर्ग पहले से संगठित था और रात बारह बजे बाजार बंद होने के आह्वान किया गया। शुक्रवार को खुद व्यापारियों ने दुकानें बंद कर अफसरशाही का विरोध किया। आज सत्ताधारी जनप्रतिनिधि कहां हैं जो वोट मांगते वक्त कारोबारियों का हितैषी बनते हैं। जबकि कोई भी सरकारी एजेंसी सत्ताधारी सरकार के अधीन होती है। व्यापारी गुलशन नारंग को चौबीस घंटे से अधिक बंधक बना रखा है। महज 580 रुपये मिलने के बाद भी आयकर विभाग तानाशाही कर रहा है। जिसके खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। **–संजय जुनेजा**, महानगर अध्यक्ष, प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल



" पीड़ित व्यापारी लगातार आयकर विभाग की टीम को सहयोग कर रहा है। बावजूद टीम चौबीस घंटे से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी प्रताड़ित कर रही है। जिसकी देवभूमि व्यापार मंडल कड़े शब्दों में निंदा करता है, जबकि टीम को भी सहयोग करना चाहिए। लगातार कई स्थानों पर एक साथ छापामार कार्रवाई कर व्यापारियों में दहशत का माहौल पैदा किया जा रहा है। जबकि गल्ला मंडी स्थित नारंग फर्नीचर मार्ट का कोई लेना देना नहीं है। व्यापारियों के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। **–गुरमीत सिंह**, जिलाध्यक्ष, देवभूमि व्यापार मंडल

# इनकम टैक्स के छापे के खिलाफ सड़कों पर उतरे व्यापारी

## व्यापार मंडल के आह्वान के बाद बंद हुआ बाजार, गल्ला मंडी में लगा व्यापारियों-नेताओं का तांता, जीएसटी नहीं देने का किया ऐलान

आक्रोश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** गुरुवार की सुबह दस बजे से शुक्रवार की सुबह तक चली इनकम टैक्स विभाग की छापेमारी के खिलाफ आक्रोशित दुकानदार व्यापार मंडल के साथ सड़क पर उतर गए और दुकान बंद कर अपना समर्थन दिया। इस दौरान गुस्साए व्यापारी गल्ला मंडी स्थित छापेमारी स्थल पहुंचे। जहां व्यापारियों और नेताओं का तांता लगा रहा। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा ने बताया कि बाजार बंद होने के कारण लगभग 20 करोड़ का नुकसान हुआ है। साथ ही शासन को पत्र लिखकर आज के दिन का जीएसटी नहीं देने का ऐलान किया गया है।

गुरुवार को लखनऊ से आई डिप्टी कमिश्नर टीएस पंचपाल, इनकम टैक्स अधिकारी मुकेश कुमार व दीपक कुमार सहित छह टीमों ने विनायक ग्रुप की फर्म पर छापेमारी कार्रवाई की थी, जबकि नारंग बंधुओं की गल्ला मंडी स्थित नारंग फर्नीचर मार्ट पर दबिश देकर उनके पिता गुलशन नारंग से कई घंटे तक पूछताछ की। छापेमारी से भड़के देवभूमि व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह और प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा के ऐलान के बाद शुक्रवार को बड़ी संख्या में व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद कर भगत सिंह चौक पर एकत्रित हुए और जुलूस निकालकर गल्ला मंडी स्थित नारंग फर्नीचर पहुंचे।

व्यापारियों के आक्रोश की जानकारी मिलते ही किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान व्यापारियों का कहना था कि नारंग परिवार ने कड़ी मेहनत कर अपना कारोबार बढ़ाया। ऐसे में लखनऊ से आई आयकर विभाग की टीम पिछले कई घंटों से व्यापारी को जांच के नाम पर प्रताड़ित कर रही है। परिवार को नजरबंद कर दिया गया, जबकि अभी तक टीम को ऐसे कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं जो टैक्स चोरी को दर्शाता है। आरोप था कि शहर के इतिहास में पहली बार आयकर विभाग की टीम कारोबारी को प्रताड़ित कर रही है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया। कार्रवाई से जहां नारंग परिवार परेशान है। वहीं कारोबारियों में भय का वातावरण पैदा हो रहा है। उन्होंने ऐलान किया कि यदि जल्द ही आयकर विभाग की टीम जांच पूर्ण कर वापस नहीं जाती है तो व्यापारी अनिश्चितकालीन बाजार बंद कर उग्र आंदोलन करेगा।


गल्ला मंडी स्थित कार्रवाई स्थल पर लगी व्यापारियों की भीड़। ● अमृत विचार


सुनसान पड़ा शहर का मुख्य बाजार व बंद दुकानें। ● अमृत विचार

### शहर में रहा भारी पुलिस बल तैनात

**रुद्रपुर :** व्यापार मंडल के बाजार बंद के आह्वान और शुक्रवार को दिखे आक्रोश के चलते शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात देखा गया। व्यापारियों का जुलूस हो या फिर छापेमारी स्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। वहीं आयकर विभाग की टीम को किसी प्रकार की अराजकता का सामना नहीं करना पड़े इसके लिए कोतवाल धीरेंद्र कुमार बार-बार मौका मुआयना कर व्यापारियों के आक्रोश की अपडेट आला अधिकारियों को दे रहे थे। इससे दिनभर शहर में पुलिस की आवाजाही और दुकानदारों के बीच चहलकदमी देखने को मिली।

### दोपहर एक बजे तक का था ऐलान

**रुद्रपुर :** गुरुवार की सुबह दस बजे जब आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी शुरू की। शाम ढलते-ढलते देवभूमि और प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नेताओं का पारा चढ़ता गया। बताया जा रहा है कि गुरुवार की रात साढ़े 12 बजे तक दोनों ही व्यापार मंडल के नेताओं ने शुक्रवार को बाजार बंद का आह्वान किया और ऐलान किया कि व्यापारी दोपहर एक बजे तक दुकानें बंद कर अपना समर्थन देंगे। इसके बाद भी व्यापारी का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो अनिश्चितकालीन बंद का निर्णय लिया जाएगा। यही कारण था कि बाजार बंद का असर मिलाजुला देखने को मिला।

### जब अचानक होने लगी नारेबाजी

**रुद्रपुर :** गल्ला मंडी स्थित नारंग फर्नीचर मार्ट पर शुक्रवार की सुबह जब भारी संख्या में व्यापारियों और नेताओं का जमावड़ा लगा हुआ था। उस वक्त आयकर विभाग के अधिकारियों ने किसी भी प्रतिनिधि से मिलने से इंकार कर दिया। इसे सुनकर नेताओं का पारा चढ़ गया और गुस्साए व्यापारी नेताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। जिसे देखकर इनकम टैक्स के अधिकारियों ने दो घंटे का समय मांगते हुए कहा कि टीम अपनी कार्रवाई पूर्ण करने जा रही है और पूछताछ के बाद टीम वापस चली जाएगी।

# गन्ने की 238 प्रजाति रोग की चपेट में

संवाददाता, काशीपुर

**अपील**

**»» यूपी में किसानों के लिए इस प्रजाति को सरकार ने किया बैन**

**»» उत्तराखंड में भी गन्ने की अन्य प्रजाति बोने पर जोर**

**अमृत विचार :** कभी किसानों के लिए वरदान बनी गन्ने की अर्ली प्रजाति की कोसा 238 अब अभिशाप बन चुकी है, इसके चलते इसकी बुआई को कम करने के लिए किसानों को प्रेरित किया जा रहा है। इसके बावजूद काफी किसानों ने ऐसी प्रजाति का गन्ना बो रखा है, जिसमें अब लाल सड़न (रेड रॉड) रोग लग गया है। इससे किसानों को काफी नुकसान होने की आशंका बनी रहती है।

गन्ने की अर्ली प्रजाति की कोसा 238 की बुआई कभी बड़े पैमाने पर होती थी, लेकिन कुछ सालों से यह प्रजाति लाल सड़न (रेड रॉड) की चपेट में आ गई है। हर साल इस प्रजाति के गन्ने में लाल सड़न रोग लग रहा है, जिससे गन्ना विभाग ने इस प्रजाति की बुआई पर अभी रोक तो नहीं लगाई है, लेकिन किसानों को इस प्रजाति का एरिया कम करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। किसानों को अन्य उपजाऊ नई प्रजातियों के गन्ने की बुआई करने के लिए गन्ना विभाग प्रोत्साहित कर रहा है, लेकिन अब भी कुछ किसान कोसा 238 के गन्ने की बुआई कर रहे हैं। गन्ना किसान संस्थान के सहायक गन्ना आयुक्त नीलेश कुमार ने बताया कि कोसा 238 प्रजाति में रेड रॉड की बीमारी अधिक लग रही है। जिससे गन्ना सूख कर सड़ जाता है और इसका पैदावार पर प्रभाव पड़ता है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। वहीं चीनी मिल भी इस गन्ने की प्रजाति को लेने से कतरा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बीमारी के कारण यूपी में इस प्रजाति को बैन कर दिया गया है। उत्तराखंड में अभी बैन नहीं किया गया है। लेकिन किसानों को इस प्रजाति को बोने के बजाय अन्य प्रजातियां जैसे 0118, 15023, 14201 इत्यादि बोने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिससे किसान स्वयं ही इस प्रजाति से दूरी बना लें।

# 34 घंटे बाद लौटी आयकर विभाग की टीम, संचालक को छोड़ा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** लखनऊ से आई आयकर विभाग की टीम 34 घंटे छापेमारी की कार्रवाई करने के बाद लौट गयी है। पूछताछ के बाद अधिकारियों ने नारंग फर्नीचर के संचालक गुलशन नारंग को छोड़ दिया।

लखनऊ से आए डिप्टी कमिश्नर टीएस पंचपाल, इनकम टैक्स अधिकारी मुकेश कुमार व दीपक कुमार की देखरेख में आयकर विभाग की सात टीमों ने विनायक ग्रुप के यूपी-उत्तराखंड सहित सात स्थानों पर छापेमारी कार्रवाई गुरुवार की सुबह 10 बजे से प्रारंभ की थी। इसके चलते गल्ला मंडी स्थित नारंग फर्नीचर मार्ट के संचालक गुलशन नारंग से पूरे दिन पूछताछ के बाद टीम ने रात ढाई बजे घर जाने की इजाजत दी, जबकि विनायक फर्म के संचालक रौनिक नारंग को सिविल लाइंस स्थित आवास पर ही नजरबंद कर सवालों के जवाब पूछती रही। वहीं आयकर विभाग की टीम के अधिकारी गुरुवार की पूरी रात नारंग फर्नीचर में ही पुलिस बल के साथ डेरा डाले रहे और सुबह होने पर दुकान पर ही नाश्ता किया। शुक्रवार की सुबह 10 बजे एक बार फिर नारंग फर्नीचर के संचालक गुलशन नारंग को पूछताछ के लिए बुलाया गया। वहीं रौनिक से सुबह होते ही फिर से मोबाइल और रकम के आदान-प्रदान संबंधी सवाल पूछे गये।


जांच के दौरान जाते आयकर विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

### कैश के तौर पर मिले महज 580 रुपये

**रुद्रपुर :** गल्ला मंडी स्थित नारंग फर्नीचर मार्ट पर आयकर विभाग की टीम को 30 घंटे की पूछताछ और पड़ताल में कैश के तौर पर महज 580 रुपये मिलने की चर्चा है। बताया कि जब टीम ने छापेमारी की थी उस वक्त दुकान के गल्ले में 580 रुपये ही पड़े थे। जब इस संबंध में पूछा तो दुकान संचालक ने बताया कि उनका सारा काम मैनुअल ही किया जाता है। इसके अलावा उत्पाद की खरीद पर वह जीएसटी का देय करते हैं। फुटकर का कार्य होने के कारण ज्यादातर भुगतान कैश ही होता है। जिसके बाद टीम ने 580 रुपये को भी जब्त कर लिया।

### दुकान के कर्मचारी भी रहे रात भर नजरबंद

**रुद्रपुर :** चर्चा यह भी है कि गुरुवार को रात्रि ढाई बजे दुकान के संचालक गुलशन नारंग को जाने की इजाजत दी गई, लेकिन दुकान पर कार्य करने वाले अन्य कर्मचारियों को आयकर विभाग की टीम ने गुरुवार की सुबह से लेकर शुक्रवार दोपहर तक कहीं जाने की इजाजत नहीं दी और सभी को नजरबंद कर उनसे भी पूछताछ की। दिन-रात दुकान कर्मियों को नजरबंद किए जाने पर व्यापारी नेताओं ने आक्रोश जताया।

**चिंताजनक** — एक सप्ताह से बाघ से शावक की जान बचा रही बाघिन, डीएफओ ने बाघों के व्यवहार के शोध को लेकर उच्चाधिकारियों को भेजा पत्र

# फाटो जोन में शावक को बचाने के लिए बाघ से संघर्ष कर रही बाघिन

अजीत प्रताप गोस्वामी, काशीपुर

**अमृत विचार :** तराई पश्चिमी वन प्रभाग के फाटो जोन के ग्रीन वाटर पार्क में बाघिन व शावक दिखाई दे रहे हैं। इन दिनों बाघिन के आसपास एक व्यस्क बाघ को देखा जा रहा है। व्यस्क बाघ शावक को देखते ही उन्हें मार देते हैं। ऐसे में बाघिन बीते एक सप्ताह से बाघ से शावक की जान को बचा रही है। बाघों के बदले व्यवहार को देखते हुए वन विभाग भी हैरान है।

फाटो जोन में बाघिन और शावक की जोड़ी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। वहीं बीते एक सप्ताह से बाघिन के आसपास एक व्यस्क बाघ की गतिविधि देखी जा रही है। वन्यजीव विशेषज्ञों की मानें तो बाघों के संबंध बनाने का समय नवंबर से मार्च तक होता है। बाघिन के आसपास व्यस्क बाघ की गतिविधि शावक के लिए खतरा होती है। अनुमान लगाया जा रहा है कि बाघिन अपने शावक को खुद से दूर कर व्यस्क बाघ से बचा रही है। वहीं बाघिन की बदलते व्यवहार को देखते हुए वन विभाग भी हैरत में है।


बाघिन के साथ दिखाई दे रहा व्यस्क बाघ।

### पहली बार देखने को मिली इस तरह की घटना



**काशीपुर :** गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद बुधानी ने बताया कि बाघिन शावकों को जन्म देने के डेढ़ से दो साल तक बाघ के साथ संबंध नहीं बनाती। फाटो जोन में यह बाघिन चार माह के शावक के साथ है। उन्होंने बताया कि बाघिन फेक मेटिंग कॉल के जरिए बाघ के साथ संबंध बनाती दिख रही है। उन्होंने बताया कि इस तरह की घटना पहली बार देखने को मिली है।

### संबंध बनाने के समय में आया बदलाव

**काशीपुर :** वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार बाघ व बाघिन के संबंध बनाने का समय नवंबर से लेकर मार्च तक है। बाघिन का गर्भकाल 90 दिनों का होता है और जून, जुलाई तक बाघिन शावकों को जन्म देती है, लेकिन फाटो जोन में मई माह के अंत तक भी बाघिन और बाघ को मेटिंग करते हुए देखा जा रहा है।

### बाघों के व्यवहार पर शोध की तैयारी

**काशीपुर :** बाघों के बदल रहे व्यवहार को देखते हुए तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ ने उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा है। उन्होंने बाघों के बदले व्यवहार को समझने के लिए शोध कराने को कहा है। ताकि बाघों के बदले व्यवहार को देखते हुए वन विभाग अपनी रणनीति बना सके।



" फाटो जोन में बाघों के व्यवहार में बदलाव को देखा जा रहा है। इसकी वन विभाग मॉनिटरिंग कर रहा है। बाघों के बदल रहे व्यवहार के शोध के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा है। **–पीसी आर्या**, डीएफओ, तराई पश्चिमी वनप्रभाग।

# युवक की मौत, डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** काशीपुर के शिवलालपुर निवासी एक युवक ने अपने भाई के इलाज में लापरवाही करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि निजी अस्पताल के चिकित्सकों ने उपचार के दौरान लापरवाही की। इसके चलते उसके भाई की मौत हो गई। मामले में पीड़ित ने निजी अस्पताल के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

शिवलालपुर अमर झण्डा निवासी दीपक कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 मई को उसका चचेरा भाई धीरज कुमार अपने एक अन्य भाई के साथ बाइक से करनपुर चौराहे से घर की ओर आ रहा था। इसी बीच उसकी बाइक फिसलने से धीरज के चेहरे पर गंभीर चोट लग गई। धीरज का काशीपुर स्थित एक अस्पताल में उपचार कराया गया। आरोप लगाया कि 20 मई को अस्पताल के चिकित्सकों ने उसके भाई ऑपरेशन किया। आरोप लगाया कि चिकित्सकों ने उपचार में लापरवाही की। इसके बाद उसके भाई की मौत हो गई।

## एक नजर

### अपनी खुशी का रिमोट दूसरों को न दें

**काशीपुर:** प्रजापति ब्रह्माकुमारी अलविदा तनाव शिविर के दूसरे दिन सैकड़ों लोगों ने शिविर में आकर संचालिका ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी को सुना। शुक्रवार को आयोजित शिविर में पूनम दीदी ने कहा कि पुरानी बातों को पकड़ कर रखने से खुशी गायब हो जाती है। बातें, घटनाओं, सीन को मन बुद्धि में पकड़ कर रखने से अल्सर, एसिडिटी, ब्लड प्रेशर इत्यादि बीमारियां आयेंगी और तनाव बढ़ेगा। अपनी खुशी का रिमोट दूसरों को नहीं देना चाहिए।

### सिडकुल ढाल लेबर चौक से बाइक चोरी

**पंतनगर:** न्यू शक्ति विहार रुद्रपुर निवासी रजनीश चौधरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते बृहस्पतिवार की शाम 7:30 बजे वह अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक से सिडकुल ढाल पर स्थित लेबर चौक गया था। उसने अपनी बाइक सड़क के किनारे खड़ी कर लॉक लगा दिया और नजदीक के एटीएम पर रुपये निकालने चला गया। लगभग 15 मिनट बाद जब वह वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। एसएचओ पंतनगर आरएस डांगी ने बताया कि मामले में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### शराब के साथ एक दबोचा

**किच्छा:** पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने एक शराब तस्कर को अवैध कच्ची शराब की तस्करी करते पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 24 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम नई बस्ती ग्राम शहदौरा, थाना पुलभट्टा निवासी स्वर्ण सिंह बताया है।

# अंबेडकर कॉलोनी की सड़क न बनने से आक्रोश

## सालों से क्षतिग्रस्त पड़ी है सड़क, अधिकारियों व नेताओं पर लगाया सुध नहीं लेने का आरोप, लोग परेशान

हालात

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** तिलक नगर अंबेडकर कॉलोनी की सड़क सालों से टूटी हुई है। इसके चलते लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल जाने वाले बच्चों को धूल मिट्टी से होकर स्कूल पहुंचना पड़ता है। वहीं मामले में स्थानीय लोगों ने कई बार अधिकारियों से सड़क को बनाने की मांग की, लेकिन अधिकारी कोई सुध लेने को तैयार नहीं हैं।

कुंडेश्वरी के तिलकनगर अंबेडकर कॉलोनी की मुख्य सड़क बीते लंबे समय से क्षतिग्रस्त हालत में है। इससे स्थानीय लोगों को रोज आवागमन में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही सड़क के टूटा होने के चलते आए दिन दोपहिया वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। तिलक नगर कॉलोनी की यह सड़क कई सड़कों से जुड़ती है। जैतपुर, शिवलालपुर डल्लू और कई कॉलोनियों के सैकड़ों लोगों का रोज इस सड़क से आना जाना लगा रहता है। लोकसभा चुनाव में विकास मुद्दा बना हुआ है। पार्टियां उपलब्धियों के साथ ही दूसरों की कमियां गिना रही हैं। मगर तिलक नगर कॉलोनी के लोग विकास के मामले में कोसो दूर हैं। यहां के लोगों को न नेता और न ही जिम्मेदार अधिकारी बेहतर सड़क की सुविधा दे सके। इसके चलते लोगों का बदहाल सड़क पर चलना दूभर हो गया है।


काशीपुर के अंबेडकर नगर में बदहाल सड़क। ● अमृत विचार


टूटी सड़क से बच्चों को स्कूल आते-जाते समय बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है क्योंकि धूल मिट्टी उड़ती है और सड़क पर पत्थर होने के वजह से कई बार बच्चे गिर भी जाते हैं। -प्रेमवती, तिलक नगर निवासी


सड़क टूटने से दिन भर उड़ती धूल स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है। साथ ही घरों में भी धूल मिट्टी हो जाती है। वहीं तबियत खराब होने पर मरीज को ले जाने में भी दिक्कत आती है। -भागवती, कॉलोनी निवासी


टूटी सड़क से बरसातों में बड़ी परेशानी होती है। सड़क में गड्ढे होने से पानी भर जाता है, जिसकी वजह से कई बार लोग उसमें गिर जाते हैं। - जसपाल सिंह, कॉलोनी निवासी


कहने को अंबेडकर कॉलोनी है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर जीरो है। सालों से टूटी पड़ी सड़क की कोई सुध लेने वाला नहीं है। - वेगराज सिंह, कॉलोनी निवासी


गदरपुर में सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

## सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** तीन माह से सड़क पर रोड़ी और मिट्टी डालकर ठेकेदार द्वारा छोड़ दिया गया है। इससे निकले पत्थरों से कई लोग घायल हो रहे हैं। बदहाल सड़क के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि अगर जल्द सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो वह तहसील में धरना प्रदर्शन भी करेंगे।

शुक्रवार को ढीमरखेड़ा फतेहगंज रोड पर ग्रामीण समीर और शाहनवाज के नेतृत्व में एकत्र हुए। जहां उन्होंने ढीमरखेड़ा फतेहगंज रोड के निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि कई माह पहले ठेकेदार ने 2 किलोमीटर रोड पर पत्थर और मिट्टी डालकर छोड़ दिया है। वाहनों की रफ्तार से निकले पत्थरों से अब तक कई लोग घायल हो चुके हैं। समाजसेवी समीर और शाहनवाज का कहना था ठेकेदार और जनप्रतिनिधियों को इसके बारे में कई बार सूचना दी गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि अगर जल्द सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो ग्रामीण तहसील में धरना प्रदर्शन भी करेंगे। इस मौके पर रशीद जुनैद, विनोद कुमार, कमर अली, दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

## सार-संक्षेप



सितारगंज में छात्र को पुरस्कृत करते अतिथि। ● अमृत विचार

### राइंका में आयोजित हुई लिखित बहुविकल्पीय परीक्षा

**सितारगंज:** भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून के तत्वावधान में आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज में मानक प्रश्नोत्तरी (लिखित बहुविकल्पीय) परीक्षा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देहरादून से पहुंचे दीपक पांडे ने उत्पादों के मानकीकरण के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामबाबू शुक्ला, मुख्य संदर्भदाता दीपक पांडे, सन्दर्भदाता शरद चंद्र पंत, कार्यक्रम का संचालन मनोज जोशी ने किया। इस मौके पर शिक्षक विनोद मिश्र, राजेंद्र सिंह, संजय शुक्ला, सतेश्वर प्रसाद, चंदन सिंह डसीला, नेहा ओझा, हेम मोहन तिवारी, हेमा हरड़िया, गोविंद मेहरा, सचिन, सलमान आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में कुल 20 छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिसमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को नगद पारितोषिक पुरस्कार दिया गया।


गदरपुर में एसएस पब्लिक स्कूल में वाटर पूल में नहाते बच्चे।

### एसएस पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मकालीन उत्सव में की मस्ती

**गदरपुर:** एसएस पब्लिक स्कूल में नर्सरी से कक्षा 2 तक के बच्चों के लिए वाटर पूल एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इस दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों ने पानी में नहाने का खूब आनंद उठाया। विद्यालय के चेयरमैन डीपी सिंह ने कहा कि बिना माता-पिता की अनुमति के गहरे पानी में न जाएं। इस मौके पर प्रधानाचार्य परविंदर सिंह, उप प्रधानाचार्य सुरेंद्र प्रसाद, उमेश कुमार, पलक तिवारी, चंदा, कोमल, अलका, मोनिका, रेखा, नेहा, जसप्रीत, गुरप्रीत, निशा, सोनम, यशप्रीत, तान्या, उषा, पूजा आदि मौजूद थे।


खटीमा में एसडीओ अंबिका यादव को ज्ञापन सौंपते अमाऊं के ग्रामीण।

### लो वोल्टेज को लेकर एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**खटीमा:** लो वोल्टेज से जूझ रहे अमाऊं के ग्रामीणों ने विद्युत उपखंड कार्यालय पहुंचकर आक्रोश जताया। उन्होंने इस आशय का ज्ञापन का उपखंड अधिकारी अंबिका यादव को सौंपा। पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी के नेतृत्व में अमाऊं के ग्रामीणों ने एसडीओ यादव को सौंपे ज्ञापन में कहा कि 25 परिवारों को लो वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सिंगल फेस लाइट होने के चलते पंखे व पानी की मोटर नहीं चल रही है। तीन वर्ष पहले भी ग्रामीणों ने लो वोल्टेज की समस्या को लेकर ज्ञापन दिया था लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसडीओ यादव ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर प्रेम खोलिया, एचएस भंडारी, महिपाल सिंह, नरेश सिंह, जगत सिंह, जगदीश जोशी, टीका सिंह पोखरिया, राम प्रसाद, प्रदीप आदि मौजूद थे।

# मजदूरी मांगने पर ठेकेदार ने कर्मचारियों को पीटा

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में विगत ढाई महीने से काम कर रहे डेढ़ दर्जन कर्मचारियों को ठेकेदार से मजदूरी मांगना महंगा पड़ गया। आरोप है कि ठेकेदार ने अपने साथियों के साथ मिलकर मजदूरी मांगने पर तीन कर्मचारियों के साथ जमकर मारपीट की और पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना से गुस्साए तमाम कर्मचारी भाजपा नेताओं के साथ कोतवाली पहुंचे और ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस द्वारा हस्तक्षेप किए जाने के बाद कोतवाली पहुंचे ठेकेदार ने तीन दिनों के भीतर सभी कर्मचारियों को बकाया मजदूरी देने का भरोसा दिलाते हुए मारपीट की घटना को लेकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। ठेकेदार के आश्वासन के बाद विवाद निपट गया।

भाजपा नेता मनमोहन सक्सेना एवं मुकेश कोहली के नेतृत्व में करीब डेढ़ दर्जन कर्मचारी किच्छा कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि करीब डेढ़ दर्जन युवक पनचक्की फार्म स्थित एस एम इंजीनियरिंग वर्क्स फैक्ट्री में विगत करीब ढाई महीने से नौकरी कर रहे हैं। उनका कहना था कि वार्ड नंबर 3, किच्छा निवासी ठेकेदार मुजफ्फर अंसारी द्वारा उन्हें फैक्ट्री में नौकरी पर लगाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार मेहनत मजदूरी किए जाने के बाद ठेकेदार मुजफ्फर अंसारी द्वारा अप्रैल, मई एवं जून महीने की मजदूरी न दिए जाने के कारण मजदूरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार पैसे की मांग करने पर जब तीन युवक फैक्ट्री गेट पर पहुंचे तो आरोपी मुजफ्फर अंसारी ने अपने आधा दर्जन साथियों के साथ मिलकर तीनों कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करते हुए उन्हें घायल कर दिया और पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। मामला संज्ञान में आने के बाद उप निरीक्षक राजेंद्र पंत ने फोन पर ठेकेदार मुजफ्फर अंसारी की जमकर फटकार लगाते हुए तुरंत कोतवाली पहुंचने के निर्देश दिए। कोतवाली पहुंचे ठेकेदार ने मारपीट की घटना को लेकर कर्मचारियों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगी और 27 मई तक सभी कर्मचारियों की बकाया मजदूरी देने का भरोसा दिलाया।


किच्छा कोतवाली में कार्रवाई की मांग को लेकर पहुंचे पीड़ित कर्मचारी।


मुख्य वक्ता डॉ. अंजलि सनवाल का स्वागत करतीं आयोजक डॉ. अदिति वत्स।

### स्पीच एंड हियरिंग पर कार्यशाला आयोजित

**पंतनगर:** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय स्थित सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के विकास एवं पारिवारिक अध्ययन विभाग की ओर से शुक्रवार को स्पीच एंड हियरिंग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन विभागाध्यक्ष डॉ. अदिति वत्स ने किया। मुख्य वक्ता सनवाल क्लीनिक हल्द्वानी की भाषा एवं श्रवण चिकित्सक डॉ. अंजलि सनवाल ने माता-पिता, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की समस्याओं का समाधान किया। कार्यशाला का आयोजन सहायक प्राध्यापिका डॉ .रागिनी मिश्रा एवं एसआरपी चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों के संयुक्त प्रयास से किया गया था। इसमें डॉ. मनीषा गहलौत व डॉ. खास्तगीर आदि शिक्षकों आदि ने प्रतिभाग किया।

### पति की हत्यारोपी पत्नी को भेजा जेल

**बाजपुर:** घरेलू कलह के चलते तवे से पीटकर पति की हत्या करने में मामले में गिरफ्तार आरोपी पत्नी को पुलिस ने शुक्रवार को मेडिकल परीक्षण करवाकर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दे दिए गए हैं। नगरपालिका के वार्ड नंबर-8 मोहल्ला सुभाषनगर निवासी चंद्रप्रकाश उर्फ सोनू का अपनी पत्नी कंचन से विवाद हो गया था। कंचन ने अपने पति चंद्रप्रकाश पर तवे से वार करके उसकी हत्या कर दी थी। 23 मई की प्रात: घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी कंचन को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं कंचन ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसका पति चंद्रप्रकाश रोजाना नशे में घर आता और उसके साथ मारपीट करता था। घटना के दिन भी पति ने उसको पीटा था और तवा लेकर उसको मारने आया था, लेकिन खुद को बचने के प्रयास में उसने पति से तवा छीनकर उसके सिर पर मार दिया, जिसमें उसके पति की मौत हो गई।



खटीमा के अलक्ष्या पब्लिक स्कूल में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ स्कूल प्रबंधन। ● अमृत विचार

### अलक्ष्या में सम्मानित हुए मेधावी छात्र-छात्राएं

**खटीमा:** अलक्ष्या पब्लिक स्कूल में बोर्ड परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इंटरमीडिएट टॉपर लवलीन कौर 97 और हाईस्कूल टॉपर रक्षित गहतोड़ी 97 .6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान पर रहे। 10वीं से विशाखा ओली 95 .4 द्वितीय और मोहित सिंह 93 .6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। रिषभ खड़ायत 93 .2, युगल किशोर 91, आशीष कुमार 90 एवं मानिक राणा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी क्रम में खुशी सुतेडी, मनमोहन सिंह, निकिता, दिनेश सिंह, कनिका गोस्वामी, ज्योति चिलकोटी, गौरांश बिष्ट, माही ग्याला, आदित्य चंद, आकार राणा, रितिका जोशी, योगेश सिंह, हिमानी ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किया। वहीं 12वीं से ईशांत ओली 90 द्वितीय और तनीषा भट्ट 88 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। साथ ही पारुल राणा, प्रांजली भट्ट, रोशनी कठायत, प्रिया सकलानी, काव्या राणा, प्रियांशी बोहरा, व्योम पांडे, ग्रेस राणा, स्नेहप्रीत कौर, मयंक सिंह, श्रेया पांडे, सुजल राणा, पीयूष चंद ने उत्कृष्ट अंक अर्जित किए। विद्यार्थियों को प्रबंध निदेशक मधुसूदन दास गोस्वामी, प्रबंधक विनोद बोहरा, प्रधानाचार्य अजय बोहरा, उपप्रधानाचार्य विनोद चन्द, कल्याण बिष्ट, दीपा बिष्ट, हरीश खोलिया, मीना वल्दिया, सीमा भट्ट, सुप्रिया पंत, दीक्षा देऊपा आदि मौजूद थे।

## छह घरों में बिजली चोरी पकड़ी

**बाजपुर:** विद्युत विभाग की टीम ने छह घरों में बिजली चोरी पकड़ी। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। ईई विवेक कांडपाल के अनुसार टीम ने गांव बाजपुर निवासी अख्तर अली के घर 0.576 किलोवाट, विपिन शर्मा 3.73 किलोवाट, ग्राम भजुवानगला गंगापुर निवासी ओमप्रकाश के आवास पर 5.222 किलोवाट, राजकुमार के घर 1.492 किलोवाट, पवन कुमार के यहां 3.730 किलोवाट, ग्राम बांसखेड़ी निवासी मंदीप कौर के आवास पर 3.7 किलोवाट बिजली चोरी पकड़ी है। इन सभी के कनेक्शन काट कर 95 मीटर टू-कोर एवं 11 मीटर 4-कोर केबिल कब्जे में ली गई है। साथ ही इनके विरुद्ध कोतवाली में बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

# सिपाही पर जानलेवा हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

कार्रवाई

▸▸ दो साल से चल रहे थे फरार रंपुरा चौकी में तैनात है सिपाही

**अमृत विचार:** पिछले दो सालों से फरार चल रहे सिपाही पर जान लेवा हमला करने के दो आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

सीओ सदर निहारिका तोमर ने बताया कि 19 मार्च 2022 को रंपुरा चौकी में तैनात सिपाही विजेंद्र शर्मा को शिव मंदिर रंपुरा बस्ती में एक झगड़े की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर जब घटनास्थल पहुंचा तो वहां पर 10 से 12 युवकों ने लाठी डंडों से सिपाही पर जानलेवा हमला कर अधमरा कर दिया। गंभीर हालत में सिपाही को तत्काल कोतवाली पुलिस द्वारा अस्पताल पहुंचकर जान बचाई गई थी। सिपाही पर हमले के प्रकरण में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कई युवकों को गिरफ्तार कर लिया था। बावजूद दो साल बाद कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि सिपाही पर हमले के आरोपी वार्ड-22 निवासी मुकेश उर्फ मकोड़ा और आयुष कुमार बस्ती में देखे गए हैं। सूचना के आधार पर कोतवाल धीरेंद्र कुमार की टीम ने मौके पर जाकर घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।


महिला समूह की सदस्य मंजू राणा को सिलाई मशीन भेंट करते विधायक बेहड़।

### शांतिपुरी की मंजू राणा को विधायक बेहड़ ने दी सिलाई मशीन

**शांतिपुरी:** क्षेत्रीय विधायक तिलकराज बेहड़ ने शांतिपुरी निवासी महिला समूह की सदस्या मंजू राणा को अपने सिलाई स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए दो सिलाई मशीनें भेंट कीं। विधायक बेहड़ ने शुक्रवार को अपने किच्छा आवास विकास स्थित कैंप कार्यालय पर कहा कि उनका हमेशा से ही शांतिपुरी की जनता से विशेष लगाव रहा है। इस दौरान कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बिशन सिंह कोरंगा, किच्छा नगरपालिका चियरमैन दर्शन कोहली, महिला कांग्रेस की नगर अध्यक्ष सुनीता कश्यप, विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़, मंजू राणा आदि मौजूद रहे।


ग्रेट मदर टेरेसा स्कूल शांतिपुरी में टॉपर बच्चों को सम्मानित करते जनप्रतिनिधि।

### ग्रेट मदर टेरेसा स्कूल में मेधावी बच्चे सम्मानित

**शांतिपुरी:** शांतिपुरी भरतपुर ढांकानी ग्रेट मदर टेरेसा हायर सेकेंड्री स्कूल में 10वीं सीबीएसई बोर्ड के टॉपर बच्चों को सम्मानित किया गया। विद्यालय में आयोजित एक सम्मान समारोह में पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डॉ. गणेश उपाध्याय, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, पूर्व मंडी चेयरमैन नारायण सिंह बिष्ट, अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ने विद्यालय की सर्वाधिक 96 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाली दसवीं कक्षा की लक्षिता नेगी व 94 प्रतिशत अंक अर्जित करने इसी कक्षा की छात्रा दीपिका चंद को सम्मानित किया। डॉ. गणेश उपाध्याय ने उन्हें बधाई दी। इस दौरान प्रबंध निदेशक गणेश चंद, मैनेजर प्रीती चंद, प्रधानाचार्य सच्चिता पांडे मौजूद रहे।

आयोजन | समदर्शी संस्था ने किया आयोजन, अन्य प्रतिभाओं को भी दिया सम्मान

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** समदर्शी संस्था ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं तथा अन्य प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

सामाजिक संस्था समदर्शी ने शुक्रवार को दुल्हन बैंक्वेट हॉल में एक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें विगत वर्षों की भांति इस बार भी हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं व वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मान दिया गया। समारोह की अध्यक्षता पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल ने की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। संस्था के अध्यक्ष आरपी सिंह ने कहा कि संस्था वर्ष 1999 से लगातार विभिन्न सामाजिक कार्य कर रही है। कार्यक्रम का संचालन संस्था के महासचिव डॉ. सुदेश कुमार ने किया। इस मौके पर प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी सीताराम कछारिया, डॉ. आशु सिंघल, प्रदीप गोयल, प्रेम सिंह सहोता, दर्शन देओल, अशोक खन्ना, महेश प्रजापति, मोहम्मद यामीन, गुरदेव सिंह, हरकेश सिंह राणा, विरमल सिंह, खुशीराम, बृजपाल दीवान, मास्टर सुरेंद्र सिंह, मुरली सिंह आदि मौजूद रहे।



जसपुर में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते समदर्शी संस्था के पदाधिकारी।

### शिक्षा के क्षेत्र में बालकरण को मिला सम्मान

**जसपुर:** समदर्शी संस्था ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर रामलाल सिंह विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महुआडाबरा जसपुर के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य बालकरण सिंह को सम्मानित किया। उधर, समदर्शी संस्था के प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जिला ऊधम सिंह नगर के मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत किसी कारणवश कार्यक्रम में भाग नहीं ले पाए।


खटीमा में नाइट क्रिकेट के शुभारंभ अवसर पर टीमें और आयोजक। ● अमृत विचार

### नाइन ए साइड नाइट ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**खटीमा:** नाइन ए साइड नाइट ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच सूर्या इलेवन ने सीए इलेवन को हराकर दूसरे राउंड में प्रवेश कर लिया। इस दौरान युवाओं को नशे की प्रवृति से दूर रहने की अपील की गई। तराई बीज विकास निगम के मैदान पर आयोजित टूर्नामेंट का शुभारंभ टूर्नामेंट के संरक्षक सतीश चंद्र भट्ट, भवानी पोखरिया, पूर्व क्रिकेटर जीवन धामी, आयोजक राजेंद्र पोखरिया, भग्गी धामी ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन मैच सीए इलेवन और सूर्या इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें सीए इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रतिद्वंद्वी सूर्या इलेवन को 65 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए सूर्या इलेवन ने 6 विकेट से मैच जीत लिया। टूर्नामेंट के सचिव सूरज धामी ने बताया कि नाइट टूर्नामेंट प्रत्येक रात्रि सात बजे से होगा।

## सार-संक्षेप

### पपरसैली में कैमरे में कैद हुआ तेंदुआ

**अल्मोड़ा :** जिला मुख्यालय अल्मोड़ा और जिले के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों तेंदुए का आतंक बना हुआ है। तेंदए की दिनदहाड़े आबादी वाले इलाकों में धमक से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। जिस कारण ग्रामीण क्षेत्रों में लोग शाम ढलते ही अपने अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। अल्मोड़ा नगर से कुछ दूरी पर स्थित पपरसैली में बीते दिवस तेंदुआ बसासत वाले क्षेत्र में घूमता हुआ दिखाई दिया। वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने दूर से तेंदुए को अपने मोबाइल फोन में कैद भी कर लिया। मोबाइल कैमरे की रिकार्डिंग में तेंदुआ बेखौफ चहलकदमी करता दिखाई दे रहा है। तेंदुए के दिखाई देने के बाद अब क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने मोबाइल फोन की रिकार्डिंग वन विभाग के अधिकारियों को अधिकारियों को दिखाकर तेंदुए को पकड़ने के लिए क्षेत्र में पिंजरा लगाने की मांग की है।

### चयन वेतनमान का निर्धारण न होने पर आक्रोश

**अल्मोड़ा :** सृजित पदों की फिडिंग समेत चयन प्रोन्नत वेतनमान का निर्धारण नहीं होने से अशासकीय शिक्षकों में रोष व्याप्त है। उत्तरांचल प्रधानाचार्य परिषद के पदाधिकारियों ने इस संबंध में सीईओ से मुलाकात कर समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर संगठन ने आंदोलन की चेतावनी दी है। परिषद के जिलाध्यक्ष हिमांशु तिवारी ने कहा कि वर्तमान में अशासकीय विद्यालयों में सृजित पदों की फिडिंग का कार्य निदेशालय स्तर पर किया जा रहा है। इसमें जनपद स्तर पर वर्ष 1950 से पूर्व के विद्यालयों में सृजित पदों में भिन्नता आने से मिलान नहीं हो पा रहा है। सीईओ से मिले शिष्टमंडल में प्रधानाचार्य सुनील मसीह, सुनिल जोशी, कुसुम भट्ट, दीपक फुलोरिया, चंदन सिंह बिष्ट, हेम कबडवाल, साज सिंह, पुष्कर भैसोड़ा रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**टनकपुर :** चपावत जिले के एक गांव में किशोरी को हवस का शिकार बनाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अदालत में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। लोहाघाट विकासखंड के एक गांव का युवक काफी समय से एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर रहा था। बीती 22 मई को नाबालिग ने जिले के एक अस्पताल में शिशु को जन्म देने पर मामले का खुलासा हुआ। घटना से हैरान परिजनों ने लोहाघाट थाने में तहरीर दी थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और धारा 376 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया। थानाध्यक्ष अशोक कुमार का कहना है कि 20 साल के आरोपी अभिषेक कुमार को शुक्रवार को चौमेल रोड से गिरफ्तार कर लिया गया।



रानीखेत महाविद्यालय में योग करतीं छात्राएं।

### महाविद्यालय में निःशुल्क योग शिविर का शुभारंभ

**रानीखेत :** भारत सरकार के आओ हम सब योग करें अभियान के तहत 24 मई से 21 जून तक प्रात : 7 बजे से 8 तक महाविद्यालय परिसर में नि :शुल्क योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। योग शिविर में महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं, शिक्षक-कर्मचारियों के साथ ही अन्य लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। शुक्रवार को योग शिविर का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा किया गया। उन्होंने योग से निरोगी होने के आयामों के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रुचि साह ने समस्त प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया तथा प्रतिभागिता और अधिक बढ़ाने की अपील की। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय कैंपस अल्मोड़ा के योग विज्ञान विभाग की प्रशिक्षु कु. पायल बिष्ट द्वारा योगाभ्यास कराया गया।

### प्रयोगशाला सहायक परीक्षा को लेकर लगाई निषेधाज्ञा

**अल्मोड़ा :** एसडीएम सदर जयवर्धन शर्मा ने बताया कि उत्तराखंड लोक सेवा आयोग हरिद्वार द्वारा आयोजित प्रयोगशाला सहायक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला परीक्षा रविवार को नगर के अटल आदर्श राजकीय इंटर कालेज और एडम्स इंटर कालेज में आयोजित होनी है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के सफलतापूर्वक संचालन में कतिपय असामाजिक तत्वों द्वारा परगना अल्मोड़ा अंतर्गत पड़ने वाले परीक्षा केंद्रों में शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने की संभावना है। जिसके मद्देनजर सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता के प्राविधानों के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। उन्होंने बताया कि परीक्षा समाप्त होने तक सभी केंद्रों में निषेधाज्ञा लागू रहेगी।

### प्रयोगशाला सहायक की लिखित परीक्षा कल

**टनकपुर :** लोक सेवा आयोग हरिद्वार द्वारा दिनांक 26 मई 2024 को पूर्वाह्न 10 से अपराह्न 12 बजे तक एकल सत्र में प्रयोगशाला सहायक विधि विज्ञान प्रयोगशाला (समूह - ग) परीक्षा- 2023 की लिखित परीक्षा का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज चम्पावत कनलगांव में कराया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उप जिलाधिकारी सदर आकाश जोशी द्वारा अवगत कराया गया कि परीक्षा केंद्र में परीक्षा को शांतिपूर्वक ढंग से निष्पक्ष एवं नकल विहीन कराए जाने के उद्देश्य से परगना क्षेत्र अंतर्गत परीक्षा केंद्र के 200 मीटर के दायरे में 26 मई को धारा 144 लगाई गई है। उन्होंने कहा कि निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### जल जीवन मिशन का लाभ जनता को मिले: पांडेय

**टनकपुर :** जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने पेयजल निगम तथा जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिन भी योजनाओं का निर्माण किया गया है और वर्तमान में किया जा रहा है, उसका शत प्रतिशत लाभ जनता को मिले। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विभाग और अधिकारियों की है। कहा कि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना विभाग की जिम्मेदारी है। बैठक में जल जीवन मिशन की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति पर चर्चा के साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यदाई संस्थाओं उत्तराखंड जल संस्थान तथा उत्तराखंड पेयजल निगम द्वारा मिशन के अंतर्गत नए कार्यों के लिए भी प्रस्ताव बैठक में रखे।

# जिले के ग्रामीण इलाकों में गहराया पेयजल का संकट, लोग परेशान

## अल्मोड़ा जिले के अधिकांश इलाकों में विभाग टैंकरों से नहीं कर पा रहा पर्याप्त आपूर्ति

संवाददाता, अल्मोड़ा



लमगड़ा में ट्रक में रखकर लाए गई टंकियों से पानी भरते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल का संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। पेयजल की किल्लत के कारण ग्रामीण अब दूरदराज के नदी धारों से पीने का पानी ढोने को मजबूर हैं।

लेकिन तमाम शिकायतों के बाद भी विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की किल्लत को दूर नहीं कर पा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि औपचारिकता के नाम पर पानी के एक दो टैंकर दूरस्थ क्षेत्रों में भेजे जा रहे हैं। लेकिन उनसे भी जरूरत के मुताबिक पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। बढ़ती गर्मी और जंगलों में लग रही आग के कारण इन दिनों ग्रामीणों इलाकों में अधिकांश पेयजल स्रोत सूख गए हैं। जिस कारण अब पेयजल संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। जिले के लमगड़ा, धौलादेवी, भैंसियाछाना, सल्ट समेत अन्य इलाकों में पिछले कई दिनों से पेयजल की आपूर्ति ठप है। इन क्षेत्रों में पेयजल समस्या को दूर करने के लिए करोडों रुपये की लागत से पेयजल योजनाओं का निर्माण तो किया गया है। लेकिन यह योजनाओं महज सफेद हाथी साबित हो रही हैं।

लोगों के घरों में पिछले कई दिनों से पानी की एक बूंद तक नहीं टपकी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि वह कई बार जल संस्थान समेत स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों से पेयजल की व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग कर चुके हैं। लेकिन अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। ग्रामीणों ने कहा है कि विभाग औपचारिकता के नाम पर सड़कों के आसपास स्थित कुछ कस्बों में पानी के एक दो टैंकर भेज रहा है। लेकिन उने भी लोगों को पर्याप्त ानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। मजबूरी में लोग दूरदराज के नौले धारों से पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। जिस कारण उनका पूरा दिन पानी की जुगत में ही व्यतीत हो जा रहा है। ग्रामीणो ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र पेयजल की आपूर्ति सुचारू नहीं की गई तो वह विभाग के अधिकारियों का घेराव करने से भी गुरेज नहीं करेंगे।

## सार-संक्षेप

### रानीखेत में अग्निवीर भर्ती रैली 16 जुलाई से

**रानीखेत :** भारतीय सेवा ने एक बार फिर देश भर के नौजवानों के लिए फौज में भर्ती होकर देश सेवाओं का अवसर दिया है। कुमाऊं रेजिमेंटल सेंटर मुख्यालय के ऐतिहासिक सोमनाथ मैदान में 16 से 21 जुलाई तक यूनिट हेडक्वार्टर कोटा भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अग्निवीर जनरल ड्यूटी व ट्रेडमैन पदों के लिए नौजवान परीक्षा देंगे। केआरसी मुख्यालय भर्ती अधिकारी कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार कोटा भर्ती रैली में 16 जुलाई उत्तराखंड के सभी जिलों के युवा हिस्सा लेंगे। 17 को दौड़ और शारीरिक दक्षता परीक्षा पास कर चुके अभ्यर्थियों के प्रपत्रों की जांच की जाएगी। 18 जुलाई को उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, दिल्ली, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, व पूर्वोत्तर राज्यों के युवाओं को भर्ती का अवसर दिया जाएगा। 19 को उनके दस्तावेजों की जांच की जाएगी। 20 जुलाई को सभी राज्यों के विशिष्ट खिलाड़ियों की अग्निवीर जनरल ड्यूटी भर्ती के बाद 21 जुलाई को पत्रों की जांच होगी। रैली में वहीं अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे जिनके पास केआरसी मुख्यालय की ओर से जारी भर्ती नोटिफिकेशन के अनुसार निर्धारित सभी दस्तावेज उपलब्ध होंगे। अग्निवीर जनरल ड्यूटी व ट्रेडमैन के लिए आयु सीमा 17 वर्ष 6 माह से 21 वर्ष निर्धारित की गई है।

### चेक बाउंस मामले में तीन माह का कारावास व अर्थदंड

**अल्मोड़ा :** चेक बाउंस के एक मामले में सिविल जज जूनियर डिवीजन शुभांगी गुप्ता की अदालत ने आरोपी पर दोषसिद्ध करते हुए उसे तीन महीने के कारावास और 17 .30 लाख रुपे के अर्थदंड की सजा सुनाई है। नगर के चौघानपाटा निवासी पान सिंह अधिकारी ने एनटीडी अल्मोड़ा निवासी निशांत कपूर उर्फ नोनू कपूर के खिलाफ एक अभियोग दायर किया था। जिसके अनुसार पान सिंह अधिकारी ने निशांत कपूर को जान पहचान के चलते समय समय पर उधार दिया। अधिकारी के अनुसार उन्होंने निशांत कपूर को करीब 16,61,748 रुपये बतौर उधार दिया था। बाद में उधारी का चुकता करने के लिए आरोपी निशांत कपूर ने इतनी ही धनराशि का एक चेक पान सिंह अधिकारी को दिया। जब पान सिंह अधिकारी ने यह चेक अपने बैंक में प्रस्तुत किया तो पता चला कि जिस खाते का चेक दिया है, उसमें पर्याप्त धनराशि ही नहीं है। इस कारण चेक अनाधिकृत हो गया था। इसी मामले को लेकर पान सिंह अधिकारी का वाद सिविल जज जूनियर डिवीजन अल्मोड़ा शुभांगी गुप्ता की अदालत में चला। पत्रावली का अवलोकन कर न्यायालय ने आरोपी निशांत कपूर को दोषी पाया और निर्णय देते हुए आरोपी निशांत कपूर को 03 माह के कारावास एवं 17 .30 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। मामले में वादी पान सिंह अधिकारी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता भगवती प्रसाद पंत एवं अधिवक्ता धनंजय शाह ने पैरवी की।

### बाजार में महिला शौचालय बनाने की उठाई मांग

**अल्मोड़ा :** प्रांतीय उद्योग प्रतिनिधि व्यापार मंडल ने नगर के मुख्य बाजार में महिला शौचालय बनाने की मांग उठाई है। व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने पालिका के अधिशासी अधिकारी भरत त्रिपाठी को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा है कि अल्मोड़ा बाजार में एक भी महिला शौचालय नहीं है। जिससे महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। व्यापारियों ने कहा है कि पूर्व में भी महिला शौचालय को लेकर कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ।

# अतिवृष्टि प्रभावित चौंसली पहुंचे विधायक तिवारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ **बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था के दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** बीते दिनों जिले में हुई अतिवृष्टि के कारण चौंसली गांव में हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए विधायक तिवारी यहां पहुंचे।

विधायक ने यहां ग्रामीणों से अतिवृष्टि से हुए नुकसान के बारे में जानकारी प्राप्त की और अधिकारियों को गांव में पहुंच रहे बरसाती पानी की निकासी के लिए उपाय करने के निर्देश दिए।

बीते दिनों हुई अतिवृष्टि के कारण चौंसली गांव में खासा नुकसान हुआ था। बरसाती पानी के साथ आया मलबा यहां ग्रामीणों के घरों और दुकानों में घुस गया था। जिससे लोगों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा। विधायक तिवारी को ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में पानी की निकासी के लिए बनाए गए कलमटों के बंद होने के कारण बरसात का पानी और मलबा गांव का रूख कर रहा है और लोगों के घरों और दुकानों में घुस जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि पानी की निकासी न होने के कारण मानसून काल में गांव को बढ़ा खतरा पैदा हो सकता है। लेकिन कई बार की शिकायतों के बाद भी विभाग द्वारा बरसाती पानी की निकासी के लिए यहां कोई व्यवस्था नहीं की गई है। ग्रामीणों से वार्ता के बाद विधायक तिवारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिशासी अभियंता को दूरभाष पर तत्काल बंद पड़े कलमटों को खोलने के निर्देश दिए।



चौंसली गांव में ग्रामीणों से अतिवृष्टि से हुए नुकसान की जानकारी लेते विधायक।

# जनहित से जुड़ी योजनाओं के प्रस्ताव करें तैयार : डीएम

▸▸ **जिला योजना की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश**

संवाददाता, अल्मोड़ा



कलक्ट्रेट में अधिकारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी तोमर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी विनीत तोमर ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट में जिला स्तरीय अधिकारियों की एक बैठक ली। बैठक में डीएम ने जिला योजना वर्ष 2024-25 के लिए विभागों द्वारा प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की। बैठक में डीएम ने अधिकारियों को जिला योजना में अधिक से अधिक जनहित की योजनाओं को प्रस्तावित करने के निर्देश दिए।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि विभागीय अधिकारी जिला योजना में सिर्फ वही कार्य प्रस्तावित करें जो जनउपयोगी हों और धरातल पर जिनकी आवश्यकता हो। उन्होंने कहा प्रस्तावित कार्य की व्याहारिकता भी देखें। यदि उन्हें ऐसा लग रहा है कि कोई कार्य व्यवहारिक रूप से आवश्यक नहीं है। तो उस कार्य के स्थान पर अन्य कार्य प्रस्तावित किया जाए। कृषि विभाग को समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि उनके द्वारा जो घेरबाड़ के कार्य प्रस्तावित हैं। उन कार्यों को इस प्रकार किया जाए कि खेती को जंगली जानवरों से सुरक्षा प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक किसानों को कार्यों का लाभ मिले ऐसी योजनाएं ही प्रस्तावित हों। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे जिस कार्य को भी जिला योजना में प्रस्तावित करेंगे, उनमें यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि संपूर्ण कार्य का टेंडर हो, प्रतिवर्ष के हिसाब से टेंडर न किए जाएं।

### कांडा में कई घरों के बिजली उपकरण फुंके, मुआवजे की मांग उठाई

**बागेश्वर :** बीती रात्रि कांडा में अंधड़ में बिजली तारों में शार्ट सर्किट होने से कई घरों में बिजली के उपकरण फुंक गए। इससे कई लोगों को नुकसान हुआ है। प्रभावित लोगों ने बिजली विभाग से मुआवजा देने की मांग की है। जनपद के कांडा क्षेत्र में बीती रात्रि अचानक मौसम खराब हो गया। तेज हवाओं और आकाशीय बिजली के चलते बिजली के तार झूलने लगे। नारायणगूंठ के ग्रामीण योगेश नगरकोटी, भगवत सिंह, पुष्पा नगरकोटी ने बताया कि बीती रात्रि अचानक तेज बरसात हुई तथा आकाशीय बिजली चमकने लगी। इस बीच तूफान से कई जगहों पर बिजली के तार भी आपस में मिल गए। शॉट सर्किट होने से शुक्रवार सुबह जब लोग उठे तो उन्होंने देखा कि उनके विदयुत उपकरण फूंके पड़े हैं। बताया कि आकाशीय बिजली के चलते कई लोगों के फ्रिज, इनवर्टर फूंक गए कई लोगों के घरों की विदयुत लाइन भी फुंक गई।


## वर्ग पहेली-80

**बाएं से दाएं**

1.1. पाश जिसका अस्त्र है अर्थात वरुण देवता 2. यम 3. बहेलिया।
4.1. जो मन में बसा हो, प्रिय 2. प्रेमपात्र।
6.1. बंदर 2. पक्षी, चिड़िया 3. सूर्य।
8.1. बुराई 2. अहित।
9. परम दयालु, परम कृपालु।
10.1. अनिश्चयात्मक ज्ञान 2. दुविधा 3. संभावना और असंभावना का मिश्रण 4. संकट की आशंका या संदेह।

**ऊपर से नीचे**

2. तत्काल, अचानक, एकाएक, फटाफट।
3.1. दानशीलता 2. उदारता 3. दरियादिली।
5.1. दो या दो से अधिक संस्थाओं
7.1. किसी बात का परिणाम या फल बताना 2. (ज्योतिष) वे बातें जो व्यक्ति के जीवन पर ग्रहों के प्रभाव के रूप में कही जाती हैं।
8.1. मानरहित, प्रतिष्ठारहित 2. जिसका मान या अंदाज़ न हो, बहुत, बेहद, अपरिमित 3. सीधा-सादा, गर्वरहित।



### वर्ग पहेली -79 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | थे | रा | | | | 2 अ |
| जू | | | 3 कृ | | 4 ले | न |
| म | | | प | | | जा |
| | 5 हं | 6 त | का | 7 र | | न |
| | | 8 ब | र | प | ना | |
| 9 भु | 10 र | का | | ट | | |
| | न | | | 11 ना | दि | रा |

## सुडोकू -159

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | | |
| | | | | | | | 5 | |
| | 5 | | | | | | | |
| | | | 1 | | 9 | | | |
| 1 | | | | | | | | 3 |
| | | | 6 | | | 1 | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | 2 | | | | | | | |
| | | | 4 | | | | | |

### सुडोकू -158 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 8 | 1 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 2 | 4 | 5 | 7 |
| 9 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 5 | 8 | 6 | 4 | 1 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 1 | 6 | 9 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 6 | 4 | 3 | 9 | 7 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 | 9 |
| 8 | 6 | 9 | 3 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 8 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 मई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 18 .58 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 10 .36 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष:** आज आपकी कुछ गुप्त बातें लोगों को पता लग सकती हैं। आपको धैर्यवान होकर अपना काम करना चाहिए। बुद्धिजीवी लोगों की सलाह से आप परेशानियों से बाहर आ सकते हैं। नुकीले उपकरणों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें।

**वृष:** आज प्रेम संबंधों में कुछ भी अस्पष्टता न रखें। यदि आवश्यक न हो तो आपको किसी यात्रा पर जाने से बचना चाहिए। आप अपने व्यक्तिगत जीवन को काफी महत्व देंगे। आपको महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के पहले भाग में ही पूर्ण कर लेना चाहिए।

**मिथुन:** आज व्यवसाय में अटका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। छुट्टियां मनाने के लिए आप कहीं बाहर जा सकते हैं। शाम को अपनी कार्य नीति में कुछ बदलाव करने की योजना पर काम करने का विचार बनाएंगे।

**कर्क:** आज इस समय आपको एकतरफा निर्णय लेने से बचना चाहिए। क्रोध और स्वार्थी व्यवहार के कारण कुछ अच्छे लोग आपसे दूरी बना सकते हैं। शाम के समय आप किसी मंदिर या धार्मिक स्थल की यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**सिंह:** आज होटल कारोबारियों को कुछ तकनीकी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। धन के लेन-देन को लेकर सावधानी बरतें। दार्शनिक विषयों के प्रति आपकी रुचि बढ़ने वाली है। व्यवसाय में कुछ धीमापन देखने को मिल सकता है।

**कन्या:** आज दिन की शुरुआत काफी अच्छी रहेगी। व्यवसाय से जुड़े लोग दुकान या स्थान में बदलाव को लेकर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं, किंतु दोपहर बाद कुछ उलझनों में फंसने के योग बन रहे हैं। अपनी जीवनशैली पर आपको ध्यान देना होगा।

**तुला:** आज अचानक स्थान बदलने के योग बन रहे हैं,जो लोग आपके प्रति नकारात्मक भाव रख रहे थे वे आपको लेकर काफी सहयोगात्मक हो सकते हैं। सलाहकर्ता सेवाओं और धार्मिक कृत्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है।

**वृश्चिक:** आज दिन की शुरुआत सामान्य रहेगी। आप काम को लेकर लापरवाही न करें। गठिया रोगियों की समस्या बढ़ सकती है। आपके मन में दया का भाव रहेगा। इसीलिए आप दूसरे लोगों और बेजूबान जीवों की सेवा कर सकते हैं।

**धनु:** आज दोपहर के बाद आप काफी परिस्थितियों की समीक्षा करेंगे जिसके परिणाम स्वरूप आप काफी कुछ बदलाव लाने की तैयारी कर सकते हैं। जिन कार्यों से आपको नुकसान हो रहा था उसमें सुधार या उसे बंद करने की भी योजना बनाएंगे।

**मकर:** आज अनावश्यक बातों को लेकर आप अपने नजदीकी लोगों पर नाराज भी हो सकते हैं। आपको बड़े निर्णय लेने से बचना चाहिए। संतान को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। आपके मन को कई तरह की चिंता घेर सकती है।

**कुंभ:** आज संपत्ति खरीदने का निर्णय लेने का प्रयास करेंगे। चिकित्सीय पेशे से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अच्छा रहेगा। आपके द्वारा कई लोगों की मदद हो सकती है। गुमी हुई वस्तु आपको वापस मिलने के योग बन रहे हैं।

**मीन:** आज शिक्षण कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन सुखद रहेगा। शाम को घर पर अच्छा समय बिता सकते हैं। आप काफी सजग होकर काम करेंगे। नए व्यवसाय को लेकर बौद्धिक लोगों से परामर्श ले सकते हैं। परिजनों का सहयोग प्राप्त होगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
हिरासत — सुबह : 10 .22
रन — दोपहर : 03 .18

**Sony Max**
आदि पुरुष — सुबह : 08 .22
एक था टाइगर — रात : 09 .07

**Sony Pix**
डंकिर्क — सुबह : 11.20
2012 — रात : 08 .45

**Zee Cinema**
जिस्म 2 — सुबह : 09 .55
दबंग 3 — रात : 07 .25

**Colors Cineplex**
सिम्हा 2 — दोपहर : 12 .36
लकीर — शाम : 06 .39

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात : 09 .07 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने हजामत की दुकान खोली।
एक ग्राहक शेव कराने आया।
पप्पू- मूंछ रखनी है?
ग्राहक- हां।
पप्पू ने ग्राहक की मूंछ काट कर उसके हाथ में देते हुए- लो रख लो, जहां रखनी है।

एक लड़का परीक्षा हॉल में परेशान बैठा था।
टीचर-क्या हुआ प्रश्न कठिन हैं क्या?
लड़का- नहीं सर, मैं तो ये सोच रहा हूं कि इस प्रश्न का उत्तर किस जेब में है।

बुद्धौ कलूषभूतायां विनाशे प्रत्युपस्थिते।
अनयो नयसङ्काशो हृदयात्रावसर्पति॥

विनाशकाल के समय बुद्धि विपरीत हो जाती है। ऐसे व्यक्ति के मन में न्याय के स्थान पर अन्याय घर कर लेता है। वह अन्याय के आसरे ही सब निर्णय लेता है।

## संपादकीय

# यात्रा संचालन के लिए

उत्तराखंड में चल रही चार धाम यात्रा के लिए इस बार रिकार्ड संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यात्रा के लिए 22 मई तक 31 लाख पंजीकरण हुए। परंतु भीड़ प्रबंधन को लेकर जो तैयारी होनी चाहिए थी, वह समुचित रूप से नहीं की गई। श्रद्धालुओं के सैलाब से प्रशासनिक व्यवस्थाएं चरमराई हैं। यह चिंताजनक और डराने वाली हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां आए तीर्थयात्रियों में से 52 श्रद्धालुओं की विभिन्न कारणों से मृत्यु हो चुकी है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री, सचिव और गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि चार धाम यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक गंगोत्री में तीन, यमुनोत्री में 12, बदरीनाथ में 14 और केदारनाथ में 23 श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई है। उनकी मृत्यु का कारण हृदयाघात बताया गया है। केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने यात्रा की जानकारी लेने के लिए उत्तराखंड की मुख्य सचिव समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। भीड़ नियंत्रण को लेकर अब उत्तराखंड सरकार केंद्रीय सुरक्षा बलों की मदद लेगी। राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निगरानी समिति का गठन कर अधिकारियों को यात्रा मार्गों में तैनात रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंदिरों में श्रद्धालुओं को दर्शन का समान समय मिले तथा रजिस्ट्रेशन एवं दर्शन में वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता देने के साथ ही ऋषिकेश, हरिद्वार एवं अन्य ठहराव वाले स्थानों से केदारनाथ, बद्रीनाथ जा रहे वाहनों को अलग-अलग समय में छोड़ा जाए। यानि श्रद्धालुओं की मौत के बात अब शासन-प्रशासन जागा है।

केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने मिलकर काम करने का निर्णय लिया है। चार धाम यात्रा के दौरान स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ते हैं लेकिन यहां आने वाले श्रद्धालुओं को अव्यवस्थाओं की वजह से परेशानियां झेलने को मजबूर होना पड़े तो उसमें प्रशासन की नाकामी ही झलकती है। राज्य की अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाले तीर्थाटन को सुनियोजित ढंग से संचालित कराने की जिम्मेदारी के प्रति संवेदनशीलता से काम लिया जाना चाहिए। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और श्रद्धालुओं की आवाजाही को नियंत्रित किया जाना चाहिए। क्षमता से अधिक लोग वहां पहुंच रहे हैं, तो इस समस्या पर ध्यान देना चाहिए। यात्रा मार्गों को समय पर दुरुस्त नहीं करना भी प्रशासन की बड़ी नाकामी है। मानसून के दौरान भी चार धाम यात्रा का संचालन सुचारू रूप से हो इसके लिए समय रहते पूरी तैयारी की जानी चाहिए। लोग निजी वाहन लेकर इन तीर्थ स्थलों पर पहुंच रहे हैं। इस कारण वाहनों की लंबी कतारें परेशानी का कारण बन रही हैं। यात्रियों व वाहनों की संख्या का संतुलन बनाए रखने के लिए सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाया जाना चाहिए।

# अवकाश में उल्लास का पर्याय हों समर कैंप


डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ. प्र.

विद्यालय स्तर पर समर कैंप अवकाश के दिनों में कुछ निर्धारित अवधि के लिए तैयार किए गए कार्यक्रम होते हैं। निश्चित ही इस दौरान जो क्रियाकलाप आयोजित किए जाते हैं, उनके मूल में बच्चों के समग्र विकास की संकल्पना होती है।

अक्सर शाम को घर के सामने पार्क में चला जाता हूं। पक्षियों का कलरव, बच्चों की चहल-पहल, तन-मन को सुकून देते फूल-पौधे जैसे कई कारणों के साथ स्वास्थ्य लाभ भी है। यहां बिताया एक घंटा दिनचर्या को संतुलित व सुव्यवस्थित बना देता है। इस दौरान यहां आने वाले विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों से कुछ देर का वार्तालाप भी एक विशेष पल होता है। यह विभिन्न बोर्ड में पढ़ने वाले बच्चे हैं, जो स्कूली शिक्षा के तमाम पहलुओं पर मुझसे बेझिझक अपने विचारों का आदान-प्रदान करते रहते हैं। उस दिन पार्क में पहुंचा तो बच्चे किसी चिंता में मशगूल दिखे।

मैं बातचीत में थोड़ा शामिल हुआ तो बोले, "क्या बताएं अंकल! कल से छुट्टियां हो रही थीं, लेकिन स्कूल में एक सप्ताह का 'समर कैंप' लगा दिया गया है''। ''समर कैंप! उससे तो आपको लाभ ही होगा''-मैंने कहा। ''कोई लाभ नहीं होगा अंकल, वही पुरानी बातें रिपीट होंगी जो कई साल से हो रही हैं"-एक सीनियर बच्चा बोला। इस बिंदु पर काफी देर बातचीत के बावजूद सभी बच्चे इस बात पर एकमत थे कि कैंप से उन्हें कोई विशेष लाभ नहीं होने वाला है, बल्कि यह उनके अवकाश के उल्लास को छीन रहा है।

विद्यालय स्तर पर समर कैंप अवकाश के दिनों में कुछ निर्धारित अवधि के लिए तैयार किए गए कार्यक्रम होते हैं। निश्चित ही इस दौरान जो क्रियाकलाप आयोजित किए जाते हैं, उनके मूल में बच्चों के समग्र विकास की संकल्पना होती है। ग्रीष्मकालीन शिविरों की संकल्पना का पहला संगठित स्वरूप 1861 में संचालित अमेरिकन 'गनरी कैंप' को माना जाता है। शिक्षक एवं उन्मूलनवादी फ्रेडरिक विलियम गन तथा उनकी पत्नी ने 1850 में वाशिंगटन के एक छोटे शहर में लड़कों के लिए 'द फ्रेडरिक गन स्कूल' (गनरी स्कूल) नाम से एक स्वतंत्र होम स्कूल संचालित किया था। विद्यार्थियों ने स्कूल संचालकों से स्कूल का कुछ समय सैनिकों की तरह प्राकृतिक परिवेश में जाकर बिताने का अनुरोध किया। फ्रेडरिक गन ने बच्चों के शारीरिक, चारित्रिक व शैक्षिक विकास को ध्यान में रखते हुए इस विचार को दो सप्ताह की सुनियोजित यात्रा के रूप में प्लान किया। वे पूरे स्कूल को दो सप्ताह की पैदल यात्रा पर ले गए, जहां बच्चों ने शिविर बनाया तथा प्राकृतिक परिवेश में जीवन के तमाम उपयोगी सबक सीखे। यह इस यात्रा की सफलता का ही प्रभाव था कि इस प्रकार के शिविर अगले कई वर्षों तक चलते रहे। इन शिविरों की सफलता और प्रभावकारिता के कारण फ्रेडरिक गन को 'संगठित कैंपिंग का जनक' माना जाता है।

सुनियोजित नियोजन इस कड़ी का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पहलू है। इसमें स्थान का चुनाव (विद्यालय में किस स्थान पर कौन सी गतिविधि या क्रियाकलाप कराना है), मूलभूत बुनियादी सुविधाएं, आवश्यक संसाधन-सामग्री, संदर्भ व्यक्ति, समय-सारिणी जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं का समुचित निर्धारण आवश्यक होता है। यहां यह भी ध्यातव्य है कि नियोजन में बच्चों तथा उनके अभिभावकों की राय को भी प्रमुखता से स्थान दिया जाए। बच्चे इस अवधि में 'हॉलिडे मोड' पर होते हैं। इसलिए सामान्य दिनों के औपचारिक विद्यालयीय अनुशासन के बजाय यहां लचीला रुख अपनाते हुए बच्चों को रचनात्मक स्वतंत्रता देनी होगी। समय-सारिणी के अनुरूप क्रियाकलापों का निर्धारण इस प्रकार से करना होगा कि बच्चों को प्रतिक्षण नवीनता का अनुभव हो तथा वे उनमें रम जाएं।

आने वाले वर्षों में समर कैंप किंचित परिवेश व परिस्थितिगत बदलावों के साथ स्कूली शिक्षा का अहम हिस्सा बनते गए। उद्देश्य यही था कि बच्चे अनुकूल वातावरण में सहज रूप से अपनी प्रतिभाओं का विकास कर पाएं। विभिन्न संस्थाओं में इनके उल्लेखनीय परिणामों को दृष्टिगत रखते हुए हर शिक्षा बोर्ड ने समर कैंप के आयोजन को किसी न किसी रूप में स्वीकार किया जो अद्यतन जारी है। प्रश्न यही है कि ऐसा क्या किया जाए कि समर कैंप मात्र औपचारिकता बनकर न रह जाए, बल्कि बच्चे खुशी-खुशी इनका हिस्सा होने को आतुर हों। यह कैसे संभव हो, इस पर विचार करते हैं। अगर हम ग्रीष्मकालीन समर कैंप्स के उद्देश्यों की बात करें तो इनमें प्रमुख रूप से -सृजनात्मकता को बढ़ावा देना, कल्पना शक्ति को उभारना, नेतृत्व क्षमता विकसित करना, सह-अस्तित्व को समझना, नवीन परिस्थितियों से समायोजन, समस्या समाधान कौशल जैसे प्रमुख लक्ष्य उभर कर आते हैं। यह उद्देश्य अपनी पूर्णता को प्राप्त हों इसके लिए सबसे जरूरी है नियोजन अर्थात् सुनियोजित कार्ययोजना बनाना। इसके बाद कैंप का आयोजन (क्रियान्वयन), प्रबंधन, आकलन, मूल्यांकन, अभिलेखीकरण जैसे अन्य बिंदु आते हैं।

सुनियोजित नियोजन इस कड़ी का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पहलू है। इसमें स्थान का चुनाव (विद्यालय में किस स्थान पर कौन सी गतिविधि या क्रियाकलाप कराना है), मूलभूत बुनियादी सुविधाएं, आवश्यक संसाधन-सामग्री, संदर्भ व्यक्ति, समय-सारिणी जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं का समुचित निर्धारण आवश्यक होता है। यहां यह भी ध्यातव्य है कि नियोजन में बच्चों तथा उनके अभिभावकों की राय को भी प्रमुखता से स्थान दिया जाए। बच्चे इस अवधि में 'हॉलिडे मोड' पर होते हैं। इसलिए सामान्य दिनों के औपचारिक विद्यालयीय अनुशासन के बजाय यहां लचीला रुख अपनाते हुए बच्चों को रचनात्मक स्वतंत्रता देनी होगी। समय-सारिणी के अनुरूप क्रियाकलापों का निर्धारण इस प्रकार से करना होगा कि बच्चों को प्रतिक्षण नवीनता का अनुभव हो तथा वे उनमें रम जाएं। सामान्यतः समर कैंप एक सप्ताह से दो सप्ताह की अवधि के होते हैं। शेष समय बच्चे अपने घर-परिवेश में विभिन्न प्रकार के अनुभवों से गुजर रहे होते हैं। खेल, यात्राएं, समारोह, घरेलू कार्य, मेले, बाजार, स्वाध्याय, संकलन, टेक टाइम जैसे कितने ही कार्य अवकाश अवधि में उनकी दिनचर्या का हिस्सा होते हैं। अवकाश अवधि में बच्चों के इन पसंदीदा कार्यों को योजनाबद्ध रूप से सीखने से कैसे जोड़ा जाए समर कैंप में इस बिंदु पर भी पर्याप्त चर्चा-विमर्श हो।

उदाहरण के लिए यदि इस अवधि में बच्चे कोई यात्रा करने जा रहे हैं तो उसका सचित्र यात्रा वृत्तांत तैयार करें। यदि वह किसी कलाकार, कलमकार अथवा कामगार से मिलते हैं तो उसका साक्षात्कार लें। यदि उनके आसपास कोई आयोजन होता है तो उसकी आख्या बनाएं। कोई मूवी देखी है तो उसकी समीक्षा करें। समर कैंप के दौरान बच्चों को संगीत, नृत्य, कला, शिल्प, साहित्य, खेल जैसी विशिष्ट प्रतिभाओं के आधार पर चिह्नित कर उन्हें उस क्षेत्र विशेष पर आधारित क्रियाकलापों से प्रमुखता से जोड़ने का एक सुस्पष्ट पाथ-वे तैयार कराया जाए। इससे वे समर कैंप अवधि के बाद भी अपनी प्रतिभा को तराशना जारी रख सकेंगे।

एक स्वतंत्र, समावेशी तथा भयमुक्त वातावरण में समय बिताना, नई चीजें सीखते हुए स्वयं को समृद्ध करना तथा आत्मविश्वास में वृद्धि होना। ये कुछ ऐसे गुण हैं, जो समर कैंप के दौरान बच्चों में स्वाभाविक रूप से आ जाते हैं और उन्हें जीवन की विविध परिस्थितियों से समायोजन के लिए तैयार करते हैं। इसके लिए यह नितांत आवश्यक है कि कैंप केवल पुराने क्रियाकलापों की औपचारिक व नीरस पुनरावृत्ति भर न हो। मनोशिक्षाविद विलियम हल का कथन है कि 'यदि हम बच्चों को बोलना सिखाते तो वे शायद कभी बोलना नहीं सीखते'। यह कथन समर कैंप के संदर्भ में भी प्रासंगिक और विचारणीय है।

## प्रसंगवश

# मूर्ति विखंडन के मायने


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हिंदू धर्म की मान्यताओं और व्यवस्थाओं के अनुसार देवी-देवताओं की मूर्तियां विधि विहित पद्धति के अनुसार प्राण प्रतिष्ठित हो जाने पर तो प्राणवान हो ही जाती हैं, किंतु ऐसा न होने पर भी उन्हें पूज देने, श्रद्धा सहित अक्षत पुष्पादि अर्पित कर देने या भक्ति भाव सहित विनती कर देने पर भी जीवंत हो जाती हैं। गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि "भक्त जब पत्र, पुष्प, फल या जल जो भी मुझे भक्ति भाव फे अर्पित करता है तो मैं सदेह होकर उसका भोग करता हूं"।

इधर अयोध्या के राम मंदिर के प्रवेश द्वार से आगे नृत्य मंडप के पास स्तंभ पर उत्कीर्ण हनुमान जी की भुजा खंडित हो जाने का समाचार मिला है, जो चिंताजनक और दुःखद है। यहां एक धनुष का विग्रह भी टूटा हुआ बताया जा रहा है। ये किस तरह निर्मित हुए हैं और कैसी निम्न स्तरीय सामग्री लगाई गई कि इतनी जल्दी विखंडित हो गए। खजुराहों के मंदिरों पर सदियों पूर्व अंकित मूर्तियां आज भी ज्यों की त्यों हैं। सीसीटीवी कैमरे में आए चित्र के अनुसार एक भक्तिन महिला के मूर्ति से लिपट जाने से भुजा उखड़ गई। इससे मूर्ति में प्रयुक्त मैटेरियल की गुणवत्ता का अंदाजा सहज ही लग जाता है। अब मंदिर प्रशासन ने मूर्ति की मरम्मत करा दी है, किंतु धनुष अभी टूटा ही है। आगे से रोज रात दर्शन का समय समाप्त हो जाने के बाद निरीक्षण किया जाएगा और टूट -फूट की मरम्मत सुनिश्चित की जाएगी। यह कौन सी बात हुई? क्या श्रद्धार्पित मूर्ति का खंडित होना अपशकुन नहीं है?

रामचरितमानस में त्रिजटा ने एक दुःस्वप्न देखा था जिसमें रावण "मुंडित शिर खंडित भुज बीसा" दिखा था। फिर जो कुछ हुआ, वह सर्वविदित है। जब राजकुमारी सीता भवानी भवन में पूजन करने गईं तो शुभ संकेत मिला, "विनय प्रेम बस भईं भवानी। खसी माल मूरति मुसकानी"। यानी मूर्तियों के संकेत हलके में लेना बुद्धिमानी नहीं होगी। पहला यह कि मूर्ति का निर्माण इतना कमजोर कैसे हुआ? दूसरा यह कि अरबों की कमाई वाले मंदिर में मूर्तियों की सुरक्षा पर यथोचित खर्च क्यों नहीं किया जा रहा? दर्शन काल में मूर्तियों के इर्दगिर्द वर्दीधादी सेवादार तैनात कर दिए जाएं।

# बयानों की मियाद


अनूप शुक्ल
कानपुर

एक पार्टी में रहते हुए दिए गए बयान दूसरी पार्टी में ज्वाइन करने पर मान्य नहीं होंगे और अलग-अलग समय में दिए गए बयानों में विरोधाभास होने पर सबसे ताजा बयान ही मान्य होगा। ऐसी स्थिति में पुराने बयान की मियाद स्वतः समाप्त मानी जाएगी। राजनीति में बयानों की मियाद संबंधी यह नियम लागू होने पर देश के अधिक से अधिक लोग देश सेवा के क्षेत्र में आगे आएंगे। देश का धड़ल्ले से विकास होगा।

अक्सर लोगों का मन देश सेवा के लिए हुड़कने लगता है। खासकर चुनाव के समय देश सेवा की ललक सबसे तगड़ी होती है। इस इच्छा की पूर्ति के लिए लोग उसी पार्टी से चुनाव लड़ना चाहते हैं जिस पार्टी की सरकार बनने की संभावना होती है। बिना सरकार में शामिल हुए देश सेवा कोई मायने नहीं रखते।

सरकार बनाऊ पार्टी के लिए लोग या तो पार्टी बदलते हैं या पहली बार उस पार्टी में शामिल होते हैं। दोनों स्थितियों में पहले के दिए गए बयान बहुत समस्या पैदा करते हैं। पहले जिस पार्टी की ऐसी-तैसी करते रहे बाद में उसी की तारीफ करने पर लोग बहुत सवाल उठाते हैं। पहले आप इसको घटिया बताते रहे अब यह अच्छी पार्टी कैसे हो गई? जिसको गरियाते रहे उसकी जय बोलते हुए कैसा लगता है आपको। जिसका मुंह तोड़ने की मंशा रखते थे उसके चरण चांपते हुए कैसा फील होता है। बयान और भी बवाल करते हैं। कोई पार्टी विपक्ष में रहते हुए जो कहती है सरकार बनने पर उससे उलट काम करना पड़ता है। सरकार में रहते हुए जिन कामों की वकालत करते रहे चुनाव में हार कर विपक्ष में बैठने पर उसी का विरोध करना पड़ना है।

पहले का जमाना होता और बात अखबारों तक ही सीमित रहती तो कह देते -"अखबार ने मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर छापा है", लेकिन आजकल तो ट्विटर और फेसबुक का जमाना है। लोग आपके ही ट्विट आपको दिखाकर पूछते हैं -" ये तो आप ही ने कहा था। अब आप इसके उलट कैसे हो गए? इस हृदय परिवर्तन का कारण क्या है?" ट्विटर, फेसबुक और सोशल मीडिया पर दिए गए बयानों का ई-कचरा बहुत दिन तक सुरक्षित रहता है, जहां आपके खिलाफ हुआ आपके विरोधी आपके सामने लहराकर कहेंगे कि आपका आचरण इस बयान के विरुद्ध है। आपकी पॉलिटिक्स क्या है बंधुवर? आप लोगों से अगर कहेंगे कि आपका हृदय परिवर्तन हुआ है तो लोग विश्वास नहीं करेंगे।

सबको पता है कि हृदय परिवर्तन तो डाकुओं का होता है। राजनीतिज्ञ का तो केवल दल परिवर्तन होता है। पुराने बयानों से होने वाली असुविधा सर्वव्यापी है। सभी राजनीतिज्ञ इससे हलकान हैं। ऐसे में इसका यही एक उपाय है कि बयानों की मियाद तय कर ली जाए। हर राजनीतिज्ञ अपने बयान की सीमा तय कर दे। जैसे गारंटी/वारंटी की मियाद खतम होते ही ग्राहक का दावा खतम हो जाता है। वैसे ही बयान की मियाद खतम होते ही उस बयान पर सवाल बेमानी हो जाएंगे। कुछ मियादें इस तरह की हो सकती हैं: गैर राजनीतिज्ञ रहते हुए दिए बयानों की अवधि राजनीति में प्रवेश करते ही समाप्त हो जाएगी। वहीं सरकार में रहते हुए दिए गए बयान सरकार गिरते ही अमान्य हो जाएंगे। इसके साथ ही विपक्ष में रहते हुए दिए गए बयान सरकार बनने की स्थिति में स्वतः निरस्त हो जाएंगे।

एक पार्टी में रहते हुए दिए गए बयान दूसरी पार्टी में ज्वाइन करने पर मान्य नहीं होंगे और अलग-अलग समय में दिए गए बयानों में विरोधाभास होने पर सबसे ताजा बयान ही मान्य होगा। ऐसी स्थिति में पुराने बयान की मियाद स्वतः समाप्त मानी जाएगी। राजनीति में बयानों की मियाद संबंधी यह नियम लागू होने पर देश के अधिक से अधिक लोग देश सेवा के क्षेत्र में आगे आएंगे। देश का धड़ल्ले से विकास होगा। फिलहाल तो चुनाव के समय राजनीति में बयानबाजी को फैशन मानकर ही काम चलाना होगा और जैसा कि फैशन के बारे में सब जानते हैं कि फैशन के दौर में गारंटी का कोई मतलब नहीं होता। देश सेवा के पवित्र भाव के सामने दिए गए बयानों की कोई गारंटी नहीं होती।

## सोशल फोरम

# भारतीय चुनावी राजनीति


रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

केंद्र में कांग्रेस का राज भारतीयों को अभी नहीं चाहिए। वे मोदी में ही अभी भविष्य देख रहे हैं, क्योंकि कुछ अनकहे मामलों में उनका नियंत्रण और स्थिरता अपनी कहानी खुद बयां करती है। पॉलिसी डायनामिक्स को आमजन नहीं समझता, डेवलपमेंट परफॉरमेंस के माने आमजन क्या जाने?

सोशल सेक्टर में इन्वेस्टमेंट के माने हैं बुढ़ापा पेंशन, फ्री राशन, मुफ्त चिकित्सा और दवा, मुफ्त शिक्षा और किताबें, सिलाई मशीनों का वितरण और न जाने क्या क्या! कुछ पार्लियामेंट्री कमेटियों की रिपोर्ट्स देख रहा था। हमारे माननीयों की मैपिंग हुई और देखा गया कि किसी विषय, जैसे कि साइंस एंड टेक्नोलॉजी में इनकी रुचि और जागरूकता का लेवल क्या है? संसद में साइंस और टेक्नोलॉजी से संबंधित विषयों पर स्वास्थ्य और एग्रीकल्चरल साइंस को लेकर कितने प्रश्न उठाए गए। स्थिति निराशाजनक से भी नीचे की है। इससे अच्छी तो यह 1990 आदि के दशक में थी। लोगों के जीवन को क्या अकेले मोदी ही या इनकी पार्टी के सांसद ही बदलने की काबलियत रखते हैं? इंडियन पार्लियामेंट की डायनामिक्स या हालात बदलने की ताकत वक्त के अनुसार बदली है, लेकिन लोकलुभावन चेहरों से नहीं, बल्कि संसद में कुछेक अच्छे पढ़े-लिखे लोगों और संसदीय कार्य प्रणाली की वजह से। इंडियन पार्लियामेंट को दिशा-निर्देश इनके कमेटी सिस्टम से ही मिलता है, बिहार या झाबुआ की पब्लिक रैलियों से नहीं।

कांग्रेस 60 साल रही है और मोदी जी? बड़ा सवाल यह है कि देश एक व्यक्ति के दिशा-निर्देश से क्यों चले? विपक्ष मजबूत चाहिए, लेकिन विपक्ष की मजबूती किन अर्थों में किन मुद्दों पर प्रकट हुई है? संसदीय कार्रवाई की रिपोर्ट्स का अध्ययन गिरते हुए स्तर की ओर इंगित करता है। डिबेट्स में क्या क्वालिटी है? बौद्धिक लोगों ने इस बारे अध्ययन करके बहुत रिसर्च पेपर्स लिखे हैं, लेकिन इनका अध्ययन कौन करता है? और जो लोग करते हैं, वे भारतीय राजनैतिक परिदृश्य को बदलने में असमर्थ हैं या कोई रुचि नहीं लेते।

-फेसबुक वॉल से

# वायुयान हादसे से यात्री सुरक्षा के नए सबक


डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

उत्तरी अटलांटिक के ऊपर, साफ हवा में यह टर्बुलेंस हुआ, जो ताकत में पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से भी अधिक शक्तिशाली था। उनका कहना है कि पूरी दुनिया में वायुमंडलीय टर्बुलेंस में इसी तरह की वृद्धि हुई है।


अभी हाल ही में घटे एक वायुयान हादसे से यात्री सुरक्षा के नए सबक मिले हैं। वाकया लंदन से सिंगापुर जा रहे सिंगापुर एयरलाइंस के विमान का है। उड़ान के दौरान ही जब विमान हजारों फीट की ऊंचाई पर था उसमें सहसा भीषण उथल-पुथल (टर्बुलेंस) हुई जिसके कारण 73 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई और 70 से अधिक लोग घायल हो गए। ताज्जुब यह है कि न कोई आंधी तूफान दिखा था, न ही घने बादलों का घेरा और आकाशीय बिजली। कोई चेतावनी नहीं। सबकुछ साफ, मगर फिर भी भयानक स्थिति उत्पन्न हो गई।

उड़ान में इतनी गंभीर बाधा किस कारण से आई? अब इस पर एयरोडायनमिक्स से जुड़े विशेषज्ञों के बीच विचार विमर्श हो रहा है। अभी इसी सिलसिले में एक रिपोर्ट नेचर पत्रिका के समाचार विश्लेषण स्तंभ में 22 मई को आई है। क्या जलवायु परिवर्तन विमानों में टर्बुलेंस की ऐसी तीव्रता और आवृत्ति को बढ़ावा दे सकता है? जिसमें यात्रियों की जान पर बन आए? विगत 20 मई को उड़ान भरने वाले इस विमान ने झटके से अचानक लगभग 1800 मीटर से अधिक नीचे तेजी से गोता लगाया जिससे यात्री और उनके सामान केबिन की छत से जा टकराए। एयरलाइन की 24 वर्षों में ऐसी यह पहली घातक घटना थी। रीडिंग यूनिवर्सिटी, यूके में वायुमंडलीय शोधकर्ता पॉल विलियम्स के अनुसार यह गंभीर टर्बुलेंस की घटना थी, जो विमान के यात्रियों एक प्रक्षेप्य (प्रोजेक्टाईल) में बदल देती है। सीट-बेल्ट न पहनने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए यह बिना किसी प्रतिबंध के रोलर कोस्टर पर बैठने जैसा भयावह अनुभव दे सकता है।

हवाई जहाजों की उड़ान में छोटे-मोटे टर्बुलेंस आम घटना हैं। अधिकांश उड़ानों में कुछ हद तक टर्बुलेंस का अनुभव होता है। जमीन के पास, हवाई अड्डे के आसपास तेज हवाएं विमानों के उड़ान भरने या उतरने के दौरान टर्बुलेंस पैदा कर सकती हैं। अधिक ऊंचाई पर, तूफानी बादलों में हवा का ऊपर-नीचे का प्रवाह विमानों के उनके बीच से या उनके पास से गुजरने पर हल्की से लेकर गंभीर टर्बुलेंस पैदा कर सकते हैं। पर्वत श्रृंखलाओं पर ऊपर की ओर बढ़ने वाली हवा की धाराएं भी टर्बुलेंस पैदा कर सकती हैं। विलियम्स का मानना है कि जब हवा पहाड़ के ऊपर से बहती है तो विमान ऊपर उठ जाता है और उसमें टर्बुलेंस हो सकता है। इसके अलावा ऐसी स्थिति अक्सर जेट धाराओं के किनारों पर होती हैं, जो कि दुनिया भर में घूमने वाली मजबूत हवा की धाराएं हैं, मगर बिना बादलों के भी घटित होने वाले टर्बुलेंस को "साफ हवा का टर्बुलेंस (क्लीयर एअर टर्बुलेंस)" कहा जाता है। विलियम्स कहते हैं कि सिंगापुर एयरलाइंस की घटना के सटीक कारण का पता लगाने में कई हफ्ते लग सकते हैं। हो सकता है वह कोई तूफान रहा हो, लेकिन साथ ही साफ हवा की परिस्थितियां भी थीं। जांच चल रही है। सियोल नेशनल यूनिवर्सिटी में वायुमंडलीय शोधकर्ता जंग-हून किम का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण टर्बुलेंस की घटनाएं अधिक, बार-बार और गंभीर होती जा रही हैं। पिछले वर्ष प्रकाशित एक अध्ययन में विलियम्स और उनके सहयोगियों ने 1979 और 2020 के बीच साफ हवा में घटे टर्बुलेंस में बड़ी वृद्धि पाई थी।

उत्तरी अटलांटिक के ऊपर, साफ हवा में यह टर्बुलेंस हुआ, जो ताकत में पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से भी अधिक शक्तिशाली था। उनका कहना है कि पूरी दुनिया में वायुमंडलीय टर्बुलेंस में इसी तरह की वृद्धि हुई है। विलियम्स का कहना है कि यह वृद्धि लगभग निश्चित रूप से जलवायु परिवर्तन का परिणाम है, जो टर्बुलेंस पैदा करने वाली जेट धाराओं को मजबूत कर रहा है। एक अन्य अध्ययन में विलियम्स और उनके सहयोगियों ने जलवायु मॉडल का उपयोग करके यह अनुमान लगाया कि जैसे-जैसे जलवायु गर्म होगी, साफ हवा में टर्बुलेंस की घटनाएं और अधिक गंभीर और लगातार होती जाएंगीं। किम और उनके सहयोगियों ने पाया कि पिछले साल प्रकाशित एक अध्ययन में जलवायु परिवर्तन के साथ बादलों और पहाड़ों के आसपास की साफ हवा में भी उथल-पुथल अधिक बार होगी। टर्बुलेंस में हो रहे संभावित वृद्धि के बावजूद, अधिकांश उड़ानें यथावत चलती रहेंगी। "ऐसा नहीं है कि हमें उड़ान भरना बंद करना होगा या विमान आसमान से गिरने लगेंगे, मैं बस इतना कह रहा हूं कि फिलहाल जो टर्बुलेंस 10 मिनट तक के हैं, वे भविष्य में 20 या 30 मिनट के हो सकते हैं"। पायलट उड़ान की योजना बनाने के साथ ही टर्बुलेंस के अनुमानों का सहारा लेते हैं। मौसम केंद्रों के शोधकर्ता ग्राउंड-आधारित सेंसर और उपग्रहों से एकत्र किए गए डेटा के आधार पर टर्बुलेंस की भविष्यवाणी कर सकते हैं और पायलटों को पूर्वानुमान बता सकते हैं। विमान में पायलट तूफानी बादलों की पहचान करने के लिए रडार का उपयोग करते हैं। यह विमान से भेजे जाने वाले रेडियो तरंगों पर निर्भर करता है, जो फिर सेंसर की ओर वापस परावर्तित होते हैं और आसपास के क्षेत्र का नक्शा बनाते हैं, लेकिन रडार बादल रहित साफ हवा के उथल-पुथल का पता नहीं लगा सकता। विलियम्स कहते हैं कि यहां लिडार नामक एक अन्य तकनीक मदद कर सकती है, जो रडार के विपरीत प्रकाश की एक अलग तरंग दैर्ध्य का उपयोग करता है। मगर अभी तो यह बहुत महंगा है और इसके लिए एक बड़े बॉक्स की आवश्यकता होती है, लेकिन यह अदृश्य/साफ हवा के टर्बुलेंस को देख सकता है। यदि इसके बॉक्स को छोटा किया जा सके और लागत कम हो जाए तो इसका जल्द ही व्यापक उपयोग किया जा सकता है। कुछ प्रायोगिक उड़ानों में विमान से 20 मील आगे की साफ हवा के टर्बुलेंस को देखने में सफलता मिली है। इसलिए तब तक जब भी आप हवाई यात्रा करें, तो पूरी यात्रा के दौरान कृपया अपनी सीट बेल्ट बांधे रखें और खुद को सुरक्षित रखें। सिंगापुर एअरलाइन की उड़ान में तकरीबन सत्तर लोग सीट बेल्ट नहीं बांधे थे, जो मिसाइल की तरह विमान की छत से जा टकराए।

# नकदी में लेन-देन का बढ़ना


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

डिजिटल युग में डिजिटल लेन- देन में भारी उछाल आया है। डिजिटल लेन-देन एक ट्रिलियन के आंकड़े को पार कर चुका है। भारत सरकार ने 8 नवंबर 2016 में भारतीय रुपये के 1000 और 500 के नोटों को प्रचलन से बाहर कर दिया था, उसके बाद से डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा मिलना शुरू हुआ था।

इस समय कुल नकदी प्रचलन 17 लाख करोड़ से कुछ अधिक था, किंतु अब यही नकदी प्रचलन 35.5 लाख करोड़ पहुंच गया है, जो पहले से दुगना है। नोटबंदी और यूपीआई को लेकर प्रचार के बाद नकदी के प्रयोग में कोई अंतर नहीं आया है यानी दूसरे शब्दों में कहे तो नकदी हमेशा राजा है। एक्सपर्ट का मानना है कि परंपरागत कैश के लेन-देन और मनुष्य के अंदर व्याप्त एक अदृश्य भय के कारण ही वो डिजिटल पेमेंट से दूरी बनाए रखता है और नकद भुगतान में सुरक्षित महसूस करता है। यह भी देखने में आया है कि यूपीआई यूजर भी दोनों तरह से भुगतान करने को ही बेहतर मानते हैं। भारतीय कर प्रणाली में उच्चतम दरों के चलते भी नकद भुगतान को खत्म करना संभव नहीं।

आगरा के जूता बाजार में हाल ही में जूता निर्माताओं के यहां से करोड़ों की नकदी बरामद होना इसका ज्वलंत उदाहरण है। जीएसटी की उच्चतम दरों से बचने को आगरा के जूता बाजार में पर्ची का चलन है। पर्ची से पूरे हफ्ते खरीद होती रहती है और हफ्ते में एक दिन नकदी से भुगतान किया जाता है। यही व्यवस्था और उद्योग भी अपनाते हैं। फिलहाल देश में दोनों ही विकल्प मौजूद हैं और दोनों ही समान रूप बढ़ रहे हैं।

छठा चरण

उत्तर प्रदेश में छठे चरण में 14 लोकसभा सीटों सुलतानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, श्रावस्ती, बस्ती, डुमरियागंज, अंबेडकरनगर, संत कबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछली शहर व भदोही में शनिवार को वोट डाले जाएंगे। 2019 के चुनाव में भाजपा इनमें नौ सीटें ही जीत सकी थी। चार सीटें लालगंज, श्रावस्ती, अंबेडकर नगर और जौनपुर में बसपा जीती थी, जबकि आजमगढ़ सीट सपा के खाते में गई थी, जो उसने उपचुनाव में गंवा दी थी। ऐसे में भाजपा के सामने इस बार पिछले प्रदर्शन से आगे निकलने की चुनौती है, तो सपा के पीडीए की असली परीक्षा पूर्वांचल में ही मानी जा रही है, जबकि बसपा के सामने पिछली बार जितनी सीटें जीतकर आधार बचाने का दबाव है। इन 14 में आधी सीटों पर भाजपा और सपा में जोरदार मुकाबला देखने में आया है। माना जा रहा है कि यहां जातीय समीकरणों के चलते पलड़ा किसी ओर भी झुक सकता है।

# छठे चरण की सीटें आठ, जिन पर लड़ाई आर-पार

**14** लोकसभा सीटों पर आज मतदान, आधी सीटों पर कड़ा संघर्ष

**09** सीटें ही इनमें भाजपा 2019 के चुनाव में जीत सकी थी।

दिग्विजय सिंह

### आजमगढ़ का रण जीतने पूरा सैफई कुनबा उतरा

आजमगढ़ सीट सपा का गढ़ मानी जाती है। 2014 में स्व. मुलायम सिंह यादव और 2019 में अखिलेश यादव यहां से जीते थे। लेकिन अखिलेश ने करहल विधासभा सीट जीतने के बाद आजमगढ़ सीट से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद हुए उपचुनाव में भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ ने सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव को हरा दिया था। इस बार फिर से धर्मेंद्र को चुनावी मैदान में उतारकर पूरा यादव कुनबा उस हार का बदला लेने को आतुर है। 2022 के उपचुनाव में धर्मेंद्र को करीब 3.04 लाख वोट मिले थे। वह निरहुआ से सिर्फ आठ हजार वोटों से पीछे रह गए थे। बसपा से उतरे गुड्डू जमाली को 2.66 लाख वोट मिले थे। उन्हें ही हार का जिम्मेदार माना गया था। जमाली अब सपा में हैं। बसपा से इस बार मशहूद अहमद ताल ठोंक रहे हैं, पर उनके लिए जमाली जैसा समर्थन नहीं नजर आ रहा है। हालांकि भाजपा सांसद निरहुआ को दूसरी जीत का पूरा भरोसा है। लेकिन आंकड़े सपा के पक्ष में दिख रहे हैं। लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभा सीटें सपा के पास हैं। पार्टी के मुख्य वोट बैंक, मुस्लिम और यादवों की संख्या यहां ज्यादा है। अनुमान है कि यादवों की आबादी 21 फीसदी, दलितों की 20 फीसदी और मुसलमानों की आबादी 17 फीसदी है।



### श्रावस्ती में बूथ जीतने में बदला कांटे का संघर्ष

- श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र ब्राह्मण-मुस्लिम बहुल है। परिसीमन के बाद 2009 में यहां पहली बार चुनाव हुआ था। पिछले तीन चुनावों में कांग्रेस, भाजपा व बसपा एक-एक बार जीती है। 2019 में बसपा के राम शिरोमणि शर्मा ने भाजपा सांसद दद्दन मिश्रा को 5,320 मतों से हरा दिया था। कांग्रेस के धीरेंद्र प्रताप सिंह 58 हजार मत पाकर तीसरे स्थान पर थे। यहां मतों की लड़ाई को 2014 के चुनाव से समझा जा सकता है, जब भाजपा से जीते दद्दन मिश्रा को 3 .45 लाख, सपा के अतीक अहमद को 2 .60, बसपा के लालजी वर्मा को 1,94 लाख वोट मिले थे। इस बार यहां भाजपा प्रत्याशी राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के पुत्र साकेत मिश्र ने ब्राह्मण मतों के साथ पार्टी के परंपरागत मतों को अपने पक्ष में गोलबंद कर रखा है। सांसद रामशिरोमणि वर्मा बसपा छोड़कर सपा से उतरे थे। बसपा ने मुइनुद्दीन अहमद खान को मैदान में उतारा था। यहां लोगों का कहना है कि मुस्लिम मत बसपा और सपा में बंटते नजर आ रहे हैं। ऐसे में दलित मत निर्णायक भूमिका में आ गए हैं, जिन पर तीनों प्रत्याशी अपना-अपना दावा कर रहे हैं। कांटे के मुकाबले में प्रचार खत्म होने के बाद लड़ाई अब बूथ जीतने की कोशिश में बदल गई है।

### जौनपुर में वोटों का बंटवारा, भाजपा को धनंजय की ताकत

- जौनपुर सीट पर 1996 से भाजपा और बसपा को तीन-तीन बार जीत मिली है। सपा यहां दो बार जीती है। इस बार यहां बसपा से सांसद श्याम सिंह यादव, भाजपा के कृपाशंकर सिंह और सपा से उतरे पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा के बीच तिकोना मुकाबला हुआ है। भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रह चुके हैं, लेकिन रहने वाले जौनपुर के हैं। जौनपुर के बड़ी संख्या में लोग मुंबई में रहते हैं। बाहुबली धनंजय सिंह का समर्थन मिलने के बाद उनकी स्थिति मजबूत मानी जा रही है। सपा ने मुस्लिम, यादव, कुशवाहा समीकरण बनाकर मुकाबला अपनी ओर खींचने का प्रयास किया है, तो बसपा दलित वोट बैंक के साथ यादव मतों में सेंधमारी कर रही है। 2019 के चुनाव में बसपा के श्याम सिंह यादव ने भाजपा के सांसद कृष्ण प्रताप सिंह को 60 हजार मतों से हराया था। कांग्रेस के देवव्रत मिश्रा 27 हजार वोट पाकर तीसरे स्थान पर थे। 2014 में भाजपा के कृष्ण प्रताप सिंह वोटों के बंटवारे से जीत गए थे। उन्हें 3 .67 लाख वोट मिले थे। बसपा के सुभाष पांडे को 2 .20, सपा के पारसनाथ यादव को 1.80, निर्दलीय धनंजय सिंह को 64 हजार, आप पार्टी के डॉ. केपी यादव को 43 हजार और कांग्रेस के रविकिशन को भी करीब 43 हजार मत मिले थे। इस बार भी यहां वोटों का बंटवारा होना माना जा रहा है।



बीपी सरोज।



प्रिया सरोज।



कृपाशंकर सरोज।

### तीनों प्रत्याशी पासी, भाजपा-सपा में सिमटती कहानी

मछली शहर लोकसभा सीट से भाजपा सांसद बीपी सरोज के सामने जीत की हैट्रिक का मौका है। लेकिन 2019 के चुनाव में मामूली अंतर से मिली जीत और इस बार सपा और बसपा से भी सरोज (पासी) बिरादरी के प्रत्याशी होने से परिस्थितियां बहुत आसान भी नहीं है। सपा से सुप्रीम कोर्ट की वकील युवा प्रत्याशी प्रिया सरोज ने उन्हें कड़ी चुनौती दी है। प्रिया सपा से तीन बार सांसद रहे और वर्तमान में जौनपुर की केराकत विधानसभा सीट से विधायक तूफानी सरोज की बेटी हैं। तीसरे प्रत्याशी बसपा से उतरे पूर्व आईएएस अधिकारी कृपाशंकर सरोज भी पासी के अलावा कॉडर मतों पर भरोसा कर रहे हैं। पिछले चुनाव में बीपी सरोज देश में सबसे कम वोटों से जीतने वाले सांसद बने थे। उन्होंने बसपा के त्रिभुवन राम को 181 वोटों से हराया था। इस बार तीनों प्रत्याशी पासी बिरादरी से होने से सवर्ण मतदाता निर्णायक नजर आ रहे है। हालांकि मछली शहर में पिछड़े और दलित मतदाता सबसे ज्यादा हैं। पिछड़ों में भी यादव अधिक हैं तो दलितों में गौतम बिरादरी सर्वाधिक है। जानकार मुकाबला भाजपा और सपा के बीच सिमटता बता रहे हैं।

### लालगंज में सपा की चुनौती तोड़ पाएगी भाजपा

- लालगंज लोकसभा सुरक्षित सीट पर पिछले सात चुनावों में चार बार बसपा, दो बार सपा जबकि भाजपा ने सिर्फ एक बार 2014 में जीत दर्ज की थी। 2019 में सपा के साथ गठबंधन में बसपा की संगीता आजाद ने 54 .01 मत प्राप्त करके भाजपा की सांसद नीलम सोनकर 37 .19 प्रतिशत को हराया था। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने लालगंज लोकसभा क्षेत्र की सभी पांच विधानसभा सीटें जीती थीं। भाजपा से नीलम सोनकर ने इस बार जीत हासिल करने के लिए पूरा जोर लगाया है। यहां माने जा रहे सीधे मुकाबले में लोग सपा से उतरे दो बार के सांसद दरोगा प्रसाद सरोज की स्थिति बेहतर बताते नजर आते हैं। बसपा सांसद की जगह पार्टी से उतरीं डॉ. इंदु चौधरी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की पूरी कोशिश करती नजर आई हैं। लेकिन इस सीट पर जीत-हार का फैसला जातीय समीकरणों से ही तय होना है।

### मेनका को त्रिकोणीय संघर्ष में बहाना पड़ा है पसीना

- सुल्तानपुर लोकसभा सीट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री भाजपा सांसद मेनका गांधी को नौवीं बार संसद में पहुंचने के लिए काफी पसीना बहाना पड़ा है। 2019 में वह पहली बार सुल्तानपुर से चुनाव लड़ी थीं और कांटे के मुकाबले में बसपा के चंद्रभद्र सिंह को 14 हजार वोट से हराया था। इस बार सपा प्रत्याशी पूर्व राज्य मंत्री रामभुआल निषाद ने बाहरी होने के बाद भी सजातीय मतों तथा यादव-मुस्लिम मतों के सहारे उन्हें तगड़ी चुनौती दे रखी है। बसपा के स्थानीय युवा प्रत्याशी उदराज वर्मा ने भी कड़ी मेहनत की है। उन्हें कुर्मी और कॉडर वोट का सहारा है। पिछले तीन चुनावों में बसपा यहां दूसरे नंबर पर रही है। लोकसभा क्षेत्र की चार विधानसभा सीटों पर भाजपा तथा एक में सपा का कब्जा है। मुकाबला कड़ा समझकर ही मेनका गांधी ने पूरे चुनाव प्रचार की कमान खुद संभाले रखी है। मतदान से पहले यहां त्रिकोणीय संघर्ष की चर्चा है।

## जातीय बिसात पर शह-मात के खेल में अब वोटर की चाल

मनोज त्रिपाठी

- सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पीडीए में गैर यादव ओबीसी रणनीति का होने जा रहा इम्तिहान
- धनंजय सिंह और राजा भैया का कहां और कितना चला सिक्का, इसका भी चल जाएगा पता
- सुभासपा, अपना दल (एस), निषाद और जनवादी पार्टी से भाजपा को कितना मिलेगा आक्सीजन

**अमृत विचार।** पूर्वांचल में लोकसभा चुनाव की जातीय बिसात पर शह और मात के खेल में सपा ने इस बार गैर-यादव ओबीसी का दांव चला है तो भाजपा ने सवर्ण कार्ड से किलेबंदी करते हुए ओबीसी वोट बैंक को अपने पाले से बाहर नहीं जाने देने की व्यूह रचना की है। छठे चरण के चुनाव वाली 14 सीटों पर इंडिया गठबंधन के तहत 12 सीटों पर सपा ने चुनाव लड़ा है, जबकि कांग्रेस ने इलाहाबाद तो टीएमसी ने भदोही में किस्मत आजमाई है। सपा का सिर्फ डुमरियागंज में ही अगड़ी जाति से भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी को उतारा है। बाकी 11 सीटों पर उसने पिछड़ों और दलित को मौका दिया था। ऐसे में सपा के गैर-यादव ओबीसी प्रत्याशियों ने भाजपा को कड़ी देकर आधा दर्जन सीटों पर मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। सपा के श्रावस्ती, बस्ती, प्रतापगढ़, अंबेडकरनगर सीट पर कुर्मी समुदाय के प्रत्याशी लड़ाई में हैं। संतकबीरनगर और सुल्तानपुर सीट पर निषाद जाति और फूलपुर और जौनपुर में मौर्य समाज के उम्मीदवारों ने मजबूती से मुकाबला किया है। इसी तरह लालगंज और मछलीशहर सुरक्षित सीट पर सपा के पासी समुदाय के प्रत्याशियों ने भाजपा की राह में कांटे बो रखे हैं। अकेले आजमगढ़ में यादव बिरादरी से सपा मुखिया अखिलेश यादव के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव चुनाव लड़ रहे हैं। उधर, इंडिया गठबंधन की सहयोगी पार्टी कांग्रेस ने इलाहाबाद में भूमिहार समाज के उज्जवल रमण सिंह को उतारकर भाजपा के ब्राह्मण प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी की नाक में दम कर रखी है, तो भदोही में तृणमूल कांग्रेस से ब्राह्मण प्रत्याशी ललितेश पति त्रिपाठी समीकरण उलटने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं।

### भाजपा की सवर्ण और ओबीसी दांव से कमल खिलाने की रणनीति

- भाजपा छठे चरण की सभी 14 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद के बेटे प्रवीण निषाद भाजपा के कमल निशान पर ही उतरे हैं। भाजपा ने इस चरण की एक दर्जन सामान्य सीटों में अधिकांश पर अगड़ी जाति के ही प्रत्याशी उतारे हैं। सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, इलाहाबाद और बस्ती सीट पर भाजपा के प्रत्याशी ब्राह्मण हैं, जबकि जौनपुर और डुमरियागंज सीट पर ठाकुर बिरादरी के प्रत्याशी हैं। पार्टी ने आजमगढ़ में यादव, प्रतापगढ़ में तेली, फूलपुर में कुर्मी और संत कबीर नगर तथा भदोही में निषाद समुदाय को प्रतिनिधित्व दिया है।

### ओबीसी का वर्चस्व, उपजातियां भी नहीं कम

- पूर्वांचल की पूरी सियासत में ओबीसी का वर्चस्व माना जाता है। यहां कई सीटों पर ओबीसी वोट 50 फीसदी तक है। ऐसे में यह वोट बैंक जीत-हार तय कर देता है। अनुमानित आंकड़ों के मुताबिक पूर्वांचल में मुसलमान 17 फीसदी, यादव 14 फीसदी, अन्य पिछड़ा वर्ग 27 फीसदी दलित 22 फीसदी, ब्राह्मण 10 फीसदी और राजपूत सात फीसदी से कुछ अधिक माने जाते हैं। राजपूत वोटों को भाजपा ने धनंजय सिंह से जौनपुर ही नहीं आसपास की कई सीटों पर साधने की कोशिश की है, हालांकि राजा भैया की नाराजगी पार्टी को दो-तीन सीटों पर परेशान कर रही है। पूर्वांचल की कई सीटों पर राजभर, कुर्मी, मौर्या, पासी, निषाद, चौहान (नोनिया) जैसी गैर यादव ओबीसी जाति के वोटर इतनी संख्या में हैं कि वो किसी भी दल को जीत दिला सकते हैं। भाजपा ने इसे देखते हुए ही ओमप्रकाश राजभर की पार्टी सुभासपा, निषाद पार्टी, अपना दल (एस) और जनवादी पार्टी को अपने साथ जोड़कर जीत का ताना बाना बुना है।

### नोनिया मतदाताओं में असमंजस की स्थिति

- घोसी संसदीय सीट पर नोनिया और राजभर मतदाताओं की अच्छी खासी संख्या है। हालांकि ये दोनों जातियां भाजपा के परंपरागत मतदाता के रूप में गिनी जाती हैं। 2022 के विधानसभा और 2019 के लोकसभा चुनाव में इनके मतों में जबरदस्त बंटवारा होने से इस सीट पर बसपा को लाभ मिला था। बसपा से नोनिया जाति के पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान के मैदान में आने और जनवादी पार्टी अध्यक्ष संजय चौहान के भाजपा के साथ जाने से नोनिया चौहान मतदाता यहां असमंजस की स्थिति में दिख रहा है।

### लालगंज में राजपूत और पासी मतदाता दिख रहे हैं निर्णायक

- लालगंज सीट पर राजपूत मतदाताओं का दबदबा है। पासी और सोनकर मतदाता भी यहां निर्णायक भूमिका निभाते हैं। 2014 में सोनकर और पासी मतदाताओं का साथ पाकर भाजपा सीट जीत गई थी लेकिन 2019 के लोकसभा और 2022 के विधानसभा चुनाव में ये मतदाता सपा के साथ चले गए थे। मछलीशहर में पासी जाति के ही उम्मीदवार सपा, भाजपा और बसपा से होने से पासी समाज के मतदाता असमंजस में हैं। यहां इस जाति का एकमुश्त वोट किसी दल के साथ जाता नहीं दिख रहा है। जौनपुर में कोइरी, कुशवाहा मतदाताओं का भाजपा पर जबरदस्त प्रभाव है पर बाबू सिंह कुशवाहा के सपा से आने के बाद सपा सेंधमारी करती दिख रही है। बसपा से यादव जाति के उम्मीदवार के कारण यादव भी बंटा दिख रहा है।

### अंबेडकरनगर में बसपा ने खड़ी की सपा के लिए मुश्किल

अंबेडकरनगर में आठ में से छह चुनाव बसपा ने जीते हैं। लेकिन इस बार यहां समीकरण बदले नजर आ रहे हैं। बसपा के सांसद रितेश पांडेय ने भाजपा से चुनाव लड़ा है। उनको बसपा सरकार में मंत्री रहे और छह बार के विधायक लालजी वर्मा ने सपा उम्मीदवार के रूप में कड़ी टक्कर दी है। इनके मुकाबले बसपा ने करीब ढाई लाख मुस्लिम मतदाताओं को देखते हुए जलालपुर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष कमर हयात को मैदान में उतारा था, जिन्होंने लड़ाई को त्रिकोणीय बनाकर सपा के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। 2019 में यहां बसपा के रितेश पांडेय ने भाजपा के मुकुट बिहारी को 96 हजार मतों से हरा दिया था। इससे पहले 2014 में भाजपा के हरिओम पांडे जीते थे। लेकिन बसपा के राकेश पांडेय को 2 .92 लाख, सपा के राममूर्ति वर्मा को 2 .34 लाख और कांग्रेस के अशोक सिंह को 23 हजार मत मिले थे। 2009 में रितेश पांडेय के पिता राकेश पांडेय बसपा से सांसद चुने गए थे।

### बस्ती में बसपा के दांव से भाजपा को हैट्रिक की आस

बस्ती लोकसभा सीट पर 2019 में जोरदार मुकाबला हुआ था। यहां इस बार भाजपा प्रत्याशी सांसद हरीश द्विवेदी ने जीत की हैट्रिक लगाने के लिए कड़ी मेहनत की है। पिछली बार उन्होंने बसपा के रामप्रसाद चौधरी को 30,354 मतो से हराया था। इस बार भी हरीश द्विवेदी के सामने पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी हैं, लेकिन वह सपा से चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि बसपा से ताल ठोंक रहे लवकुश पटेल ने सपा की मुश्किलें बढ़ाई है। बस्ती लोकसभा क्षेत्र से अब तक सपा को जीत नसीब नहीं हुई है, बसपा दो बार चुनाव जीत चुकी है। लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों में तीन पर सपा काबिज है, जबकि भाजपा और सुभासपा के पास एक-एक सीट है। यहां करीब सात लाख ओबीसी मतदाताओं में कुर्मी वोट का बंटवारा होता साफ नजर आ रहा है, जबकि पांच लाख से ज्यादा सवर्ण वोटों का बड़ा हिस्सा भाजपा के समर्थन में खड़ा है।

### मतदान की तैयारी



हरियाणा के अंबाला में मतदान के लिए पोलिंग बूथ पर रवानगी से पहले ईवीएम की कंट्रोल और बैलेट यूनिट को जोड़कर उसे परखते मतदान कार्मिक। यहां शनिवार को वोट डाले जाएंगे।

## हरियाणा में वोटों के बंटवारे से भाजपा जीत को आशवस्त

**चुनाव डेस्क।** हरियाणा में छठे चरण में सभी 10 लोकसभा सीटों पर शनिवार को मतदान होगा। पिछली बार क्लीन स्वीप करने वाली भाजपा को इस बार कांग्रेस के साथ कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि भाजपा नेताओं को उम्मीद है कि विपक्षी दलों कांग्रेस, इनेलो और जेजेपी के बीच वोटों के बंटवारे से वह नुकसान उठाने से बच जाएगी। राज्य में 10 साल की सत्ता विरोधी लहर से जूझ रही भाजपा को तीन माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ता बरकरार रखने की भी चिंता है। जानकार कह रहे हैं कि हरियाणा में पिछले 15-20 साल में पहली बार ऐसी सत्ता विरोधी लहर दिख रही है। ग्रामीण क्षेत्र में जाटों और किसानों की नाराजगी ईवीएम पर निकली तो चौंकाने वाले रिजल्ट भी आ सकते हैं। हालांकि भाजपा के रणनीतिकार 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिले 58 .02% वोटों के कारण थोड़े आशवस्त नजर आ रहे हैं। कांग्रेस को 2019 में में 28 .42% वोट ही मिले थे। ऐसे में करीब 30% वोटों का फासला तय करना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है। हालांकि जाटों के एकमुश्त वोट पाकर कांग्रेस इस काम को अंजाम दे सकती है। राज्य में जाटों की आबादी लगभग 27 फीसदी है।

# केजरीवाल और मालीवाल के साथ समस्याएं भी बनीं मुद्दा

## दिल्ली की सातों सीटों पर भाजपा के सामने क्लीन स्वीप तो आप-कांग्रेस के लिए वोट ट्रांसफर की चुनौती

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिहाई के बाद आम आदमी पार्टी के प्रचार अभियान में दम दिखा। लेकिन उनके खिलाफ शराब घोटाला और सांसद स्वाति मालीवाल से कथित बदसलूकी का मुद्दा भी खूब चर्चा में रहा है। अब देखने वाली बात यह है कि गठबंधन में चुनाव लड़ रहीं कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अपने सौ फीसदी वोट एक दूसरे को ट्रांसफर करा पाती हैं या नहीं, क्योंकि 2019 में दिल्ली की सभी साट सीटों पर भाजपा की जीत का अंतर इतना बड़ा है कि उसे पाटना आसान काम नहीं है।

**पूर्वी दिल्ली में आरोप-प्रत्यापरोप से उलझे मतदाता :** पूर्वी दिल्ली सीट पर भाजपा के हर्ष मल्होत्रा का मुकाबला आम आदमी पार्टी के विधायक कुलदीप कुमार ने जमकर किया है। यहां केजरीवाल ने खास प्रचार किया। प्रचार अभियान में गाजीपुर लैंडफिल साइट, जीएसटी और सीलिंग कार्रवाई के साथ कॉलोनियों को नियमितीकरण जैसे मुद्दे पर खूब आरोप-प्रत्यारोप हुआ।

**नई दिल्ली में दो वकीलों की रोचक लड़ाई:** नई दिल्ली लोकसभा सीट पर भाजपा से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी वकील बांसुरी स्वराज का आम आदमी पार्टी के वकील सोमनाथ भारती से मुकाबला हुआ। दोनों ही उम्मीदवारों का ये पहला लोकसभा चुनाव था। यहां व्यापारियों की समस्या के साथ ही पानी, सीवर और पार्किंग के मुद्दे प्रचार के दौरान हावी नजर आए।

**पश्चिमी दिल्ली में प्रत्याशियों ने काम बनाए मुद्दा :** पश्चिमी दिल्ली सीट पर आम आदमी पार्टी से उतरे पूर्व सांसद महाबल मिश्रा और भाजपा की कमलजीत सेहरावत के बीच दिलचस्प जंग हुई है। महाबल मिश्रा अपने सांसद काल में कराए कामों की दुहाई देकर केजरीवाल सरकार के काम पर वोट मांगते रहे। उधर कमलजीत दक्षिण दिल्ली नगर निगम में मेयर रहते कराए काम गिनाकर मोदी की गारंटी याद दिलाती रहीं।

**दक्षिणी दिल्ली में बुनियादी सुविधा दिलाने का वादा:** दक्षिणी दिल्ली सीट से भाजपा विधायक रामवीर सिंह बिधूड़ी और आम आदमी पार्टी के सही राम पहलवान के बीच हुए संघर्ष में प्रचार के दौरान पेयजल, सीवर, शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था और कच्ची कॉलोनियों में बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसी दिक्कतें छाई रहीं।



### चांदनी चौक में समस्याएं आगे करके भाजपा पर प्रहार

- चांदनी चौक सीट से भाजपा के नए चेहरे प्रवीण खंडेलवाल के खिलाफ कांग्रेस के पुराने नेता जयप्रकाश अग्रवाल ने दम लगाकर मुकाबला किया है। उन्होंने प्रचार के दौरान स्थानीय मुद्दों को आगे करके बढ़त बनाने की कोशिश की है। भाजपा के राम मंदिर, विकसित भारत, मोदी की गारंटी जैसे प्रचार का जवाब उन्होंने बिजली, पानी, पार्किंग, सफाई और बाजारों में तारों के जंजाल जैसी समस्याएं उठाकर दिया है।

### उत्तर पूर्वी में पूर्वांचल-बिहार के वोटों का घमासान

- उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा के दो बार के सांसद मनोज तिवारी और कांग्रेस के कन्हैया कुमार के बीच घमासान छिड़ा रहा है। दो पूर्वांचलियों की लड़ाई में यहां बाहरी का मुद्दा भी छाया रहा। यहां भी कन्हैया ने प्रचार के दौरान ट्रैफिक कनेक्टिविटी, यातायात जाम, पार्किंग, चिकित्सा, शिक्षा जैसे मुद्दे उठाकर मनोज तिवारी के विकास के दावों को घेरा।

### उत्तर पश्चिमी सीट पर क्या कांग्रेस को जीत दिला पाएंगे दलित नेता उदित राज

उत्तर पश्चिमी दिल्ली सुरक्षित सीट भाजपा के योगेंद्र चंदोलिया को कांग्रेस से उतरे पूर्व केंद्रीय मंत्री उदित राज की कड़ी चुनौती से पार पाना है। यहां प्रचार के दौरान विकास का मुद्दा जोर मारता नजर आया। कच्ची कॉलोनियों का नियमितीकरण, ग्रामीण इलाकों तक यातायात कनेक्टिविटी और मेट्रो पहुंचाने के साथ जमीन का सर्किल रेट मुद्दा बने।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1000 डीएमओ 870 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2065, राज श्री 1390, फ़ॉर्च्यून कि. 1750, रविन्द्रा 1940, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1510, सचिन 1540, सूरज 1535, अवसर 1650, राग गोल्ड 1640, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1655, चक्र टिन 1880, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1885, स्वास्तिक 2035, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 38500, लाल मिर्च 20000-23500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7425-7700, मलका छँटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8100, लाल हिंदुस्तान 8200, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8700, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10300, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 15000, अरहर पटका मोटा 15500, अरहर कोरा मोटा 15800, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17400, **चीनी**-डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज (नई) 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

फाइनेंस कंपनी होम क्रेडिट इंडिया ने प्रमुख शहरों में कराए गए सर्वे की रिपोर्ट में किया दावा

# दो-तिहाई लोग करना चाहते हैं बचत-निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के अधिकांश उपभोक्ताओं को अगले वर्ष तक उनकी आय बढ़ने की उम्मीद है और लगभग दो तिमाई उपभोक्ताओं को अपने वाले वर्षों में अधिक बचत और अधिक निवेश करने में सक्षम होंगे। कंज़्यूमर फाइनेंस कंपनी होम क्रेडिट इंडिया ने अपने वार्षिक कंज़्यूमर सर्वे-द ग्रेट इंडियन वॉलेट स्टडीः प्रमुख फ़ाइनेंशियल पहलुओं के प्रति कंज़्यूमर का व्यवहार का दूसरा संस्करण जारी किया है जिसमें यह दावा किया गया है।



ग्रेट इंडियन वॉलेट का अध्ययन दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद, पुणे, लखनऊ, जयपुर, भोपाल, पटना, रांची, चंडीगढ़, देहरादून, लुधियाना और कोच्चि सहित 17 शहरों में किया गया था। इसमें 18 -55 वर्ष के आयुवर्ग में लगभग 2500 लोग शामिल थे जिनकी वार्षिक आय 2 लाख रुपए से 5 लाख रुपए तक की थी। अध्ययन के अनुसार, वर्तमान स्थिति और भविष्य की धारणा दोनों के संदर्भ में शहरी और अर्ध-शहरी कंज़्यूमरों के बीच वित्तीय कल्याण सूचकांक में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि हुई है। 52 प्रतिशत लोगों ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में चालू वर्ष में उनकी आय में वृद्धि हुई है, जबकि 74प्रतिशत कंज़्यूमरों को उम्मीद है कि आने वाले वर्ष तक उनकी आय में वृद्धि होगी। लगभग दो-तिहाई दावा करते हैं कि वे आनेवाले वर्ष में अधिक (66प्रतिशत) बचाने और अधिक (66प्रतिशत) निवेश करने में सक्षम होंगे। कंज़्यूमर्स भावना में यह उछाल अर्थव्यवस्था में वृद्धि, कमाई की क्षमता में वृद्धि और आय वृद्धि की सकारात्मक धारणा से प्रेरित है।

### अलग-अलग जनसांख्यिकी के बीच भिन्न है खर्च पैटर्न

अध्ययन से पता चला है कि किराना (26 प्रतिशत) और किराया (21 प्रतिशत) औसत निम्न-मध्यम वर्ग के भारतीयों के वॉलेट शेयर पर हावी होने वाले प्राथमिक खर्च हैं। इसके बाद यात्रा (19 प्रतिशत), बच्चों की शिक्षा (15 प्रतिशत), चिकित्सा व्यय (7 प्रतिशत), बिजली बिल (6 प्रतिशत), कुकिंग गैस (4 प्रतिशत) और मोबाइल बिल (2 प्रतिशत) आते हैं। जहां तक विवेक के आधार पर किए गए खर्चों का सवाल है, अलग-अलग जनसांख्यिकी के बीच अलग-अलग खर्च पैटर्न देखे जा सकते हैं। चेन्नई अन्य महानगरों की तुलना में स्थानीय यात्रा/दर्शनीय स्थलों की यात्रा (59 प्रतिशत), बाहर खाना (54 प्रतिशत) और बाहर फ़िल्में देखना (55प्रतिशत) में सबसे आगे है। दूसरी ओर, लखनऊ स्थानीय यात्रा/दर्शनीय स्थलों की यात्रा (17 प्रतिशत) और बाहर खाने (14 प्रतिशत) पर सबसे कम खर्च करने वाला है। चेन्नई भी सबसे ज्यादा किराया (29 प्रतिशत) का भुगतान करता है, जबकि कोलकाता और जयपुर सबसे कम (15 प्रतिशत) का भुगतान करते हैं। अहमदाबाद और देहरादून फिटनेस(1 प्रतिशत) पर सबसे कम खर्च करते हैं।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
| --- | --- |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 92,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,050-55,250 |

**लखनऊ**

| | |
| --- | --- |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
| --- | --- |
| सोना जेवरात पक्के | 72,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,500 |
| चांदी पक्की | 888 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
| --- | --- |
| सोना 24 कैरेट | 72,700 |
| चांदी आभूषण | 88,800। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 73 मसूरी 55 अंगूरी- 65 बासमती 100, **दाल दलहन**-काला चना 125 साबुत चना दाल 70-87 मूंग साबुत 94 राजमा 160 दाल उड़द 125 साबुत मसूर दाल 68 मसूर दाल 73 उड़द साबुत 120 काबुली चना 65 अरहर दाल 157 लोबिया/करमानी 72 सोयाबीन 45 मूंगफली 77 मटर (सूखी) 61 मक्का 20-23 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द :100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 राजमा लाल : 130 से 140 राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये।

## फ्लिपकार्ट में छोटी हिस्सेदारी लेने की तैयारी में गूगल

**नई दिल्ली।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने ई-कॉमर्स विक्रेता फ्लिपकार्ट में वित्तपोषण के नए दौर में छोटी हिस्सेदारी खरीदने के लिए निवेश का प्रस्ताव रखा है। वॉलमार्ट समूह की कंपनी फ्लिपकार्ट ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

फ्लिपकार्ट ने एक बयान में कहा-वॉलमार्ट की अगुवाई में होने वाले नए वित्तपोषण दौर के तहत फ्लिपकार्ट ने गूगल को अल्पांश निवेशक के तौर पर अपने साथ जोड़ने की घोषणा की। यह कदम दोनों पक्षों की तरफ से नियामकीय एवं अन्य प्रक्रियागत अनुमोदनों के अधीन होगा। हालांकि फ्लिपकार्ट ने गूगल की तरफ से निवेश की जाने वाली प्रस्तावित राशि का कोई ब्योरा नहीं दिया। इसके साथ ही उसने जुटाए जा रहे अपने कोष का आकार भी नहीं बताया है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 4.55 अरब डॉलर बढ़कर नई ऊंचाई पर पहुंचा

मुंबई, एजेंसी

- रिजर्व बैंक के अनुसार वृद्धि का यह तीसरा सप्ताह

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17 मई को समाप्त सप्ताह में 4.55 अरब डॉलर बढ़कर 648.7 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह विदेशी मुद्राभंडार में वृद्धि का लगातार तीसरा सप्ताह है।



इससे पहले के सप्ताह में यह 2.56 अरब डॉलर बढ़कर 644.15 अरब डॉलर रहा था। पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में यह 648.56 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 17 मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.36 अरब डॉलर बढ़कर 569.01 अरब डॉलर हो गयी। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.24 अरब डॉलर बढ़कर 57.19 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 11.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.17 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा 16.8 करोड़ डॉलर घटकर 4.33 अरब डॉलर रही।

## जी ने विलय रद करने के लिए सोनी से नौ करोड़ डॉलर का समाप्ति शुल्क मांगा

नई दिल्ली, एजेंसी

जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज ने 10 अरब अमेरिकी डॉलर के विलय सौदे को रद करने के लिए सोनी समूह से नौ करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 748.7 करोड़ रुपये) के समाप्ति शुल्क की मांग की है।

जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जील) ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने सोनी समूह की दो संस्थाओं सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) और बांग्ला एंटरटेनमेंट (बीईपीएल) से समाप्ति शुल्क मांगा है। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया को अब कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट के नाम से जाना जाता है। विलय सहयोग समझौते (एमसीए) के तहत कल्वर मैक्स और बीईपीएल के उल्लंघनों के कारण जील ने 23 मई 2024 को पत्र जारी करके एमसीए को समाप्त कर दिया है। कंपनी ने एमसीए के प्रावधानों के तहत कल्वर मैक्स और बीईपीएल से समाप्ति शुल्क मांगा है। जील ने कहा-एमसीए के तहत कल्वर मैक्स और बीईपीएल अपने दायित्वों को पूरा करने में विफल रहे हैं। इसलिए कंपनी ने एमसीए को समाप्त कर दिया है और कल्वर मैक्स तथा बीईपीएल को समाप्ति शुल्क का भुगतान करने को कहा है।

## आरबीआई का अप्रत्याशित लाभांश है सकारात्मक

नई दिल्ली, एजेंसी

- रेटिंग एजेंसियों ने कहा-इसका इस्तेमाल नई सरकार की प्राथमिकताएं स्पष्ट करेगा

आरबीआई से 2.1 लाख करोड़ रुपये का अप्रत्याशित लाभांश देश की राजकोषीय स्थिति के लिए सकारात्मक है और इसका इस्तेमाल नई सरकार की राजकोषीय प्राथमिकताओं को स्पष्ट करेगा। वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने शुक्रवार को यह बात कही।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निदेशक मंडल ने इस सप्ताह की शुरुआत में 2023-24 में अर्जित मुनाफे से सरकार को 2.1 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देने का फैसला किया। यह सरकार द्वारा निर्धारित बजट 1.02 लाख करोड़ रुपये से दोगुने से भी अधिक है। फिच



रेटिंग्स के एशिया-प्रशांत 'सॉवरेन्स' निदेशक जेरेमी जूक ने कहा कि निरंतर घाटे में कमी, खासकर अगर टिकाऊ राजस्व बढ़ाने वाले सुधारों द्वारा समर्थित होत तो मध्यम अवधि में भारत की रेटिंग बुनियादी बातों के लिए सकारात्मक होगी। जूक ने ईमेल के जरिए कहा-लाभांश का उपयोग चाहे इसे बचाया जाए या अतिरिक्त खर्च के लिए किया जाए... सरकार की वित्तीय प्राथमिकताओं के बारे में संकेत प्रदान कर सकता है। फिच ने भारत को स्थिर परिदृश्य के साथ बीबीबी रेटिंग दी है। वहीं मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि आरबीआई द्वारा उम्मीद से कहीं अधिक लाभांश हस्तांतरण का राजकोषीय प्रभाव इससे र्धारित होगा कि आने वाली सरकार इन अतिरिक्त संसाधनों के साथ क्या करने का निर्णय लेती है। मूडीज रेटिंग्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष क्रिश्चियन डी. गुज़मैन ने कहा कि एक तरफ, सरकार व्यय पर संयम बरत सकती है और अपने घाटे के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद कर सकती है।

राष्ट्रीय

## एक नजर

### अदालत ने सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को दोषी ठहराया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने नर्मदा बचाओ आंदोलन (एनबीए) की नेता मेधा पाटकर को दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि मामले में शुक्रवार को दोषी ठहराया। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने पाटकर को आपराधिक मानहानि का दोषी पाया। संबंधित कानून के तहत, सामाजिक कार्यकर्ता पाटकर को दो साल की सजा या जुर्माना या दोनों हो सकती हैं।

### दिल्ली में बच्ची की अपहरण के बाद हत्या

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली में एक व्यक्ति ने अपने पड़ोस में रहने वाली तीन साल की एक बच्ची का कथित तौर पर अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि लड़की का शव एक नाले में पाया गया और संक्षिप्त गोलीबारी के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, यह घटना बुधवार शाम की है जब बच्ची के परिवार ने कापसहेड़ा इलाके से अपनी बेटी के अपहरण की सूचना दी। दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने कहा- सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस की टीम को मौके पर भेजा गया। इसके बाद अभियान चलाकर आरोपी गिरफ्तार कर गया।

# तालाबाज सरकार ने भर्ती आयोग को किया बंद: मोदी

हिमाचल में विजय संकल्प रैली में बोले प्रधानमंत्री, आरक्षण छीनकर मुस्लिमों को देने की रची जा रही साजिश

शिमला, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्मचारी चयन आयोग को बंद करने के लिए शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार को तालाबाज सरकार करार दिया और कहा कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी अयोध्या के राम मंदिर पर भी ताला लगाने का इरादा रखती है। सिरमौर जिले के नाहन में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने दावा किया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण छीनकर मुस्लिमों को देने की साजिश रची जा रही है।

मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत 'भारत माता की जय' के नारे से की और फिर स्थानीय देवी-



हिमाचल प्रदेश के मंडी में जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंडी निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत के साथ। ● एजेंसी

देवताओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सिरमौर आना घर वापस आने जैसा होता है। उन्होंने कहा-मेरे लिए न तो नाहन नया है और न ही सिरमौर लेकिन मुझे कहना पड़ेगा कि आज का माहौल नया है क्योंकि मैंने नाहन में ऐसी ऐतिहासिक रैली नहीं देखी। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिमला व मंडी की जनसभा में कांग्रेस सरकार पर पिछले साल आई बाढ़ के पीड़ितों के लिए केंद्रीय सहायता राशि चुनिंदा रूप से वितरित करने का आरोप लगाया और जनता से वादा किया कि सत्ता में लौटने के बाद यह पता लगाया जाएगा कि वह पैसा कहां गया।

### जब भाजपा हर जगह हार रही है, तो 400 से ज्यादा सीट कैसे आएंगी : खरगे



**कलबुर्गी (कर्नाटक)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को हैरानी जताई कि जब भाजपा हर जगह हार रही है, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कैसे 400 से ज्यादा सीट जीतने का नारा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया को बहुमत मिलने की पूरी संभावना है। खरगे ने यहां अपने गृहनगर कलबुर्गी में संवाददाताओं से कहा कि जनता ने विपक्षी गठबंधन इंडिया को अच्छा समर्थन दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह चुनाव जनता और प्रधानमंत्री मोदी के बीच है, क्योंकि लोग अब परेशान हो चुके हैं, खासकर बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और भारतीय संविधान पर बड़ा हमला किया जा रहा है। खरगे ने कहा कि भाजपा स्वायत्त निकायों का दुरुपयोग कर सरकार चला रही है, जिस कारण जनता उससे खासी नाराज है।

## क्यों न रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद कर दिया जाए

नई दिल्ली, एजेंसी

- विदेश मंत्रालय ने प्रज्ज्वल को कारण बताओ नोटिस भेजकर पूछा

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने जद (एस) के निलंबित सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को कारण बताओ नोटिस भेजकर पूछा है कि उनके खिलाफ यौन शोषण के आरोपों के मद्देनजर उनका राजनयिक पासपोर्ट क्यों न रद कर दिया जाए। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

कर्नाटक सरकार ने प्रज्ज्वल रेवन्ना का पासपोर्ट रद करने का अनुरोध किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को कहा था कि विदेश मंत्रालय प्रज्ज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद करने संबंधी कर्नाटक सरकार के अनुरोध पर कार्यवाही कर रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि वह फिलहाल जर्मनी में हैं। सूत्रों ने कहा कि प्रज्ज्वल का पासपोर्ट रद करने के लिए शुरू की गई प्रक्रिया के तहत उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया गया है। पता चला है कि कारण बताओ नोटिस ईमेल के जरिए भेजा गया है। पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा के पोते प्रज्ज्वल पर यौन शोषण का आरोप है और हासन के सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने के एक दिन बाद 27 अप्रैल को भारत से बाहर चले गये थे। यह भी पता चला है कि विदेश मंत्रालय पासपोर्ट अधिनियम 1967 के प्रावधानों के साथ-साथ संबंधित नियमों के तहत प्रज्वल के राजनयिक पासपोर्ट को रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि यदि पासपोर्ट रद कर दिया जाता है, तो प्रज्वल का विदेश में रहना अवैध होगा और जिस देश में वह रह रहे हैं।

## ईडी ने बीआरएस नेता कविता की जमानत याचिका का विरोध किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में बीआरएस नेता के. कविता की जमानत याचिका का शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में विरोध किया और कहा कि उनकी रिहाई से गहरी साजिश का पता लगाने के लिए आगे की जांच पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ईडी ने कविता की जमानत याचिका पर अपने जवाब में दलील दी कि तेलंगाना की बीआरएस नेता एक अत्यधिक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और उन पर गंभीर आर्थिक अपराध करने का आरोप है। उसने दलील दी कि कविता सबूतों के साथ छेड़छाड़ और गवाहों को प्रभावित कर सकती हैं। संघीय जांच एजेंसी ने अपने जवाबी हलफनामे में कहा कि कविता ने अन्य लोगों के साथ साजिश रची और 100 करोड़ रुपये की रिश्वत देने में सक्रिय रूप से शामिल रहीं।

## हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ शीर्ष कोर्ट पहुंची भाजपा

कोलकाता, एजेंसी

**विज्ञापन प्रकाशित करने संबंधी मामला**

भाजपा ने लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाला कोई भी विज्ञापन प्रकाशित नहीं करने संबंधी कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को उच्चतम न्यायालय में शुक्रवार को चुनौती दी।

कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने बुधवार को एकल पीठ के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था, जिसमें भाजपा को लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन करने वाला कोई भी विज्ञापन प्रकाशित नहीं करने का निर्देश दिया गया था। मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की अवकाश पीठ के समक्ष उल्लेख किया गया। मामले का उल्लेख करने वाले वकील सौरभ मिश्रा ने पीठ से कहा कि उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने 22 मई को आदेश पारित किया था। पीठ ने पूछा कि आप अगली अवकाश पीठ का रुख क्यों नहीं करते? वकील ने पीठ से कहा कि उच्च न्यायालय ने भाजपा पर लोकसभा चुनाव के दौरान चार जून तक विज्ञापन जारी करने पर रोक लगा दी है।

## ओबीसी प्रमाणपत्रों पर कोर्ट के आदेश को शीर्ष अदालत में देंगे चुनौती : ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार 2010 के बाद से राज्य में जारी किए गए सभी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) प्रमाणपत्र रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती देगी। ममता बनर्जी ने दक्षिण 24 परगना जिले के सागर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गर्मी की छुट्टियों के बाद आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में अपील करेगी। उन्होंने कहा-हम ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद करने संबंधी आदेश को नहीं मानते। हम ग्रीष्म अवकाश के बाद शीर्ष अदालत में अपील करेंगे। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में 2010 से कई वर्गों को दिया गया अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का दर्जा बुधवार को रद कर दिया था।

## ठाणे रसायन फैक्ट्री के मालिकों को पता था कि चूक होने से हो सकता है विस्फोट

ठाणे, एजेंसी

- प्राथमिकी में लगाया गया आरोप मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हुई

महाराष्ट्र में ठाणे जिले के डोंबिवली में एक रसायन फैक्ट्री में विस्फोट होने के संबंध में दर्ज की गई प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि फैक्टरी मालिकों ने यह जानते हुए भी रासायनिक पदार्थों के मिश्रण और भंडारण में सावधानी नहीं बरती कि कोई भी चूक होने पर विस्फोट होने का खतरा है। फैक्ट्री में हुए विस्फोट में नौ लोगों की मौत हो गई है और 60 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

प्राथमिकी में कंपनी के मालिकों/निदेशकों मालती प्रदीप मेहता, मयाल प्रदीप मेहता एवं अन्य निदेशकों, प्रबंधन कर्मचारियों एवं उन अधिकारियों के नाम शामिल हैं, जिन पर कारखाने की निगरानी की जिम्मेदारी थी। उनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या और अन्य आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया है। डोंबिवली एमआईडीसी क्षेत्र के फेस-2 में स्थित 'अमुदान केमिकल्स' की इकाई में हुए विस्फोट के लगभग 12 घंटे बाद महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मानपाडा पुलिस ने बृहस्पतिवार रात लगभग एक बजकर 50 मिनट पर प्राथमिकी दर्ज की। प्राथमिकी के अनुसार, बॉयलर में विस्फोट के कारण ढही फैक्ट्री के मलबे में कुछ और लोग भी दबे हो सकते हैं। आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या (धारा 304), जानबूझकर चोट पहुंचाने और ज्वलनशील पदार्थ एवं विस्फोटक पदार्थों के संबंध में लापरवाही बरतने के आरोप में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत भी आरोप लगाए हैं।

## पैर से लिखने वाले किशोर ने 78 प्रतिशत अंक हासिल किए

**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर जिले के एक दिव्यांग छात्र ने बारहवीं की परीक्षा अपने पैर से लिखकर 78 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। छात्र भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी बनना चाहता है। विज्ञान स्ट्रीम के छात्र गौस शेख ने परीक्षा लेखक की मदद लेने से इनकार कर, मार्च में आयोजित 12वीं की परीक्षा के दौरान अपने पैर की उंगलियों से उत्तर लिखा था। गौस के जन्म से ही हाथ नहीं थे। परीक्षा परिणाम इस सप्ताह के शुरुआत में घोषित हुए हैं। एक छोटे से गांव के रहने वाले 17 वर्षीय गौस ने अपनी स्कूली शिक्षा वसंतनगर टांडा के रेणुकादेवी हायर सेकेंडरी आश्रम स्कूल में पूरी की है।

## मणिपुर हिंसा : न्यायालय ने कहा, भावनाओं में नहीं बह सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

- टिप्पणी करते हुए याचिका पर सुनवाई करने से किया इनकार

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह भावनाओं के साथ सुनवाई नहीं कर सकता और कानून के तहत ही कार्यवाही करेगा। अदालत ने इसी के साथ उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया जिसमें मणिपुर हिंसा के दौरान विस्थापित हुए लोगों की संपत्ति की रक्षा करने के शीर्ष अदालत के आदेश का कथित तौर पर अनुपालन नहीं करने पर अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया था।

न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि वह इस दलील से संतुष्ट



नहीं है कि मणिपुर के मुख्य सचिव सहित प्रतिवादियों के खिलाफ अवमानना का मामला बनाया गया है और याचिकाकर्ता कानून के तहत उपलब्ध उपाय का सहारा ले सकते हैं। मणिपुर की ओर से पेश हुईं अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पीठ से कहा कि अवमानना का कोई मामला नहीं बनता एवं राज्य और केंद्र सरकार लोगों की चिंताओं को दूर करने के लिए जमीन पर हरसंभव प्रयास कर रही हैं। भाटी ने कहा-मामले को हमेशा चर्चा में रखने की कोशिश की जा रही है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का कर्तव्य है कि वह सभी की रक्षा करे और इस मामले में अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल की जा सकती है। शीर्ष अदालत उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया था कि प्रतिवादियों ने जातीय हिंसा में विस्थापित हुए लोगों की संपत्तियों की रक्षा करने के पिछले साल 25 सितंबर को न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश की अवमानना की है। पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील से सवाल किया, आपके अनुसार किसने अवमानना की है? इस पर वकील ने कहा कि मुख्य सचिव और अन्य ने।

इसपर पीठ ने कहा-वे अतिक्रमणकर्ता नहीं हैं। जब वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता मणिपुर से बाहर रह रहे हैं और वे इंफाल के नजदीक भी जाने की स्थिति में नहीं है। इसपर पीठ ने कहा-इसका अभिप्राय यह नहीं है कि मुख्य सचिव के खिलाफ नोटिस जारी किया जाए। भाटी ने पिछले साल 25 सितंबर के आदेश का संदर्भ दिया, जिसमें कहा गया था कि मणिपुर सरकार और केंद्र को विस्थापित व्यक्तियों की संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा निर्देशों का जवाब देने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाता है।

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण (कोलकाता) | 14 | 20 |


### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 15 | 741 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 15 | 567 |

## टी-20 विश्व कप के लिए कमेंटरी पैनल की घोषणा

**दुबई।** आईसीसी ने अगले महीने शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए शुक्रवार को स्टार सुसज्जित कमेंटरी पैनल की घोषणा की जिसमें क्रिकेट और प्रसारण के कुछ बड़े नाम जैसे पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री और महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर शामिल हैं।

टी-20 विश्व कप दो से 29 जून तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा। क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने वाले दिनेश कार्तिक को भी कमेंटरी पैनल में चुना है। मुख्य कमेंटेटरों में शास्त्री, नासिर हुसैन, इयान स्मिथ, मेल जोंस, हर्षा भोगले और इयान बिशप शामिल हैं।




# फाइनल के टिकट से 176 रन दूर रॉयल्स

## क्लासेन के अर्धशतक से संभला हैदराबाद, बोल्ट-आवेश ने लिए तीन-तीन विकेट

**चेन्नई, एजेंसी**

हाइनरिक क्लासन (50), राहुल त्रिपाठी (37) और ट्रैविस हेड (34) की शानदार पारियों के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 176 रनों का लक्ष्य दिया है।


एम ए चिदंबरम स्टेडियम में राजस्थान रायल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर की आखिरी गेंद पर अभिषेक शर्मा (12) का विकेट गवां दिया। उसके बाद पांचवें ओवर में ट्रेंट बोल्ट ने राहुल त्रिपाठी को आउट कर हैदराबाद को दूसरा झटका दिया।

राहुल त्रिपाठी ने 15 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (37) रन बनाए। 10वें ओवर में संदीप शर्मा ने ट्रैविस हेड को अश्विन के हाथों कैच आउट करा दिया। हेड ने 28 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (34) रन बनाए। एडन मारक्रम (1), नितीश कुमार रेड्डी (5), अब्दुल समद (शून्य) और शाहबाज अहमद (18) और और जयदेव उनादकट (5) रन बनाकर आउट हुये। हाइनरिक क्लासन ने 34 गेंदों में चार छक्के लगाते हुए सर्वाधिक (50) रन बनाये।


अभिषेक शर्मा का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते ट्रेंट बोल्ट। ● एजेंसी

क्लासेन ने बोल्ट की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया और फिर एक रन के साथ 33 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

संदीप ने हालांकि सटीक यॉर्कर पर क्लासेन को बोल्ड करके उनकी पारी का अंत किया। जिससे सनराइजर्स की टीम अंतिम दो ओवर में 12 रन ही बना सकी। कप्तान पैट कमिंस (5) रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 175 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान रॉयल्स की ओर से ट्रेंट बोल्ट और आवेश खान ने तीन-तीन विकेट लिए।




**हैदराबाद 175/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड कैच अश्विन बो संदीप | 34 | 28 | 3/1 |
| अभिषेक शर्मा कैच कोल्हर बो बोल्ट | 12 | 5 | 1/1 |
| राहुल त्रिपाठी कैच चहल बो बोल्ट | 37 | 15 | 5/2 |
| एडेन मारक्रम कैच चहल बो बोल्ट | 1 | 2 | 0/0 |
| हैनरी क्लासेन बोल्ड संदीप शर्मा | 50 | 33 | 0/4 |
| नीतिश रेड्डी कैच चहल बो आवेश | 5 | 10 | 0/0 |
| अब्दुल समद बो आवेश | 0 | 1 | 0/0 |
| शहबाज अहमद कैच ध्रुव बो आवेश | 18 | 18 | 0/1 |
| पैट कमिंस | 5 | 5 | 1/0 |
| जयदेव उनादकट रनआउट आवेश | 5 | 2 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 4-0-45-3, अश्विन 4-0-43-0, संदीप 4-0-25-2, आवेश 4-0-27-3, चहल 4-0-34-0

## खेल डायरी

### फ्रेंच ओपन के पहले दौर में नागल का सामना कारेन से



**पेरिस।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल क सामना फ्रेंच ओपन के पहले दौर में दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी रूस के कारेन खाचानोव से होगा। दुनिया के 94वें नंबर के खिलाड़ी नागल को मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश मिला है। वह 2019 में प्रग्नेश गुणेश्वरन के बाद फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश पाने वाले पहले भारतीय पुरूष खिलाड़ी बने। वह क्लेकोर्ट पर खेले जाने वाले इस ग्रैंडस्लैम से पहले हालांकि अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। उन्हें मोंटे कार्लो मास्टर्स के तीसरे दौर में होल्गर रूने ने हराया। इसके बाद वह बोर्डो चैलेंजर और जिनीवा ओपन में भी पहले दौर में हार गए।

### सेंथिल कुमार, अभय क्यूएसएफ 3 स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में

**दोहा।** भारत के वेलावन सेंथिल कुमार और अभय सिंह 53500 डॉलर ईनामी राशि के क्यूएसएफ 3 स्क्वाश टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। यह पीएसए विश्व टूर ब्रांज श्रेणी का टूर्नामेंट है। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन सेंथिल कुमार ने मिस्र के सातवीं वरीयता प्राप्त उमर मोसाद को हराया। चोट के कारण मोसाद ने 30 मिनट में कोर्ट छोड़ दिया। वहीं, अभय ने छठी वरीयता प्राप्त फ्रांस के आगस्टे डुसोर्ड को मात दी। सेंथिल कुमार का सामना अब मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त तारिक मोमेन से होगा जबकि अभय की टक्कर मलेशिया के तीसरी वरीयता प्राप्त ऐन योउ एंग से होगी।

### भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में, दीपिका सेमीफाइनल में

**येचियोन (दक्षिण कोरिया)।** ज्योति सुरेखा वेन्नम और प्रियांश की जोड़ी तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में शुक्रवार को कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई जबकि दीपिका कुमारी ने शानदार वापसी करके व्यक्तिगत रिकर्व सेमीफाइनल में जगह बनाई। ज्योति, परनीत कौर और अदिति स्वामी ने भारत का पहला पदक पक्का कर दिया था। युवा कंपाउंड तीरंदाज प्रथमेश फुगे व्यक्तिगत वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने 16 तीरों में दो अंक ही गंवाते हुए हान सियुंगियोन और यांग जाएवोन को 158-157 से हराया।

### घुड़सवारी महासंघ के लिए प्रशासनिक समिति गठित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय घुड़सवारी महासंघ के कामकाज में अनियमितताओं के मद्देनजर इसके कामकाज के संचालन के लिये सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में तदर्थ प्रशासनिक समिति का गठन किया। जस्टिस तारा वी गंजू ने कहा कि आम तौर पर अदालत राष्ट्रीय खेल महासंघ के प्रशासन में दखल नहीं देती है लेकिन अनियमितताओं के मामले में हालात को अनदेखा नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के पूर्व जज नाजमी वजीरी तदर्थ प्रशासनिक समिति के अध्यक्ष होंगे जबकि पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी इसके पर्यवेक्षक सदस्य और एडवोकेट रोहिणी मूसा सदस्य होंगी। यह फैसला राजस्थान घुड़सवारी संघ की याचिका पर सुनाया गया। अदालत ने कहा कि समिति ईएफआई के दैनंदिनी कार्यों का संचालन करेगी और मौजूदा पदाधिकारी किसी काम से जुड़े नहीं रहेंगे लेकिन समिति को पूरा सहयोग देंगे।

### अमेरिका ने बांग्लादेश को 6 रनों से दी शिकस्त

**ह्यूस्टन।** कप्तान मोनांक पटेल के (42), एरोन जोन्स (35) की शानदार बल्लेबाजी के बाद अली खान की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत अमेरिका ने शाकिब-अल-हसन की अगुवाई वाली बंगलादेश टीम को दूसरे टी-20 मुकाबले में छह रनों से हराकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका की टीम ने 144 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में बांग्लादेश की पूरी टीम 19 .3 ओवर में 138 रन में सिमट गई। टी-20 विश्व कप से पहले बांग्लादेश की नाकाफी तैयारी सामने आ गई है।

### वेस्टइंडीज ने द. अफ्रीका को 28 रनों से हराया

**किंगस्टन।** ब्रैंडन किंग की 45 गेंदों पर (79) की तूफानी पारी और उसके बाद गुडाकेश तथा फोर्ड ने 3-3 विकेट की घातक गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने पहले टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 28 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने 20 ओवरों में आठ विकेट पर 175 रनों का स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 19 .5ओवर में 147 रन पर सिमट गई। गुडाकेश ने और मैथ्यू फोर्ड ने 3-3 विकेट लिए।

### फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए टीम घोषित

**भुवनेश्वर।** कुवैत के खिलाफ छह जून को होने वाले विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिए भारत की 27 सदस्यीय फुटबॉल टीम का ऐलान कर दिया गया है जिसमें फॉरवर्ड पार्थिब गोगोई और डिफेंडर मोहम्मद हम्माद चोट के कारण बाहर हैं जबकि अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री का यह आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच होगा। मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कोलकाता में होने वाले मैच के लिए टीम की घोषणा की है। भुवनेश्वर में 32 खिलाड़ी शिविर में थे जिनमें से पांच (फुरबा लाचेंपा, पार्थिब, इमरान खान, हम्मदाद और जितिन एमएस) को रिलीज कर दिया है। स्टिमक ने कहा ये सभी पेशेवर और मेहनती हैं। पार्थिब और हम्माद को कुछ दिन पहले चोट लगी थी और उन्हें एक से दो हफ्ते आराम की जरूरत है। बाकी खिलाड़ी भुवनेश्वर में अभ्यास करते रहेंगे और 29 मई को कोलकाता जाएंगे। कुवैत से उनका सामना छह जून को होगा।

## कोच के लिए किसी ऑस्ट्रेलियाई के संपर्क में नहीं : जय

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने शुक्रवार को उन मीडिया रिपोर्टो का खंडन किया जिसमें कहा गया कि बोर्ड ने अगले मुख्य कोच के लिए किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से संपर्क किया था। इसके साथ ही उन्होंने यह संकेत दिया कि राहुल द्रविड़ का उत्तराधिकारी भारतीय क्रिकेटर हो सकता है जिसे देश में क्रिकेट और उसके मैदान की गहरी समझ हो।

शाह ने एक बयान में कहा न तो मैंने और न ही बीसीसीआई ने कोचिंग की पेशकश के साथ किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से संपर्क किया है। कुछ मीडिया अनुभागों में



प्रसारित रिपोर्टें पूरी तरह से गलत हैं। हमारी राष्ट्रीय टीम के लिए सही कोच ढूंढना एक कुशल और गहन प्रक्रिया है और हम ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिसे भारतीय क्रिकेट संरचना की गहरी समझ हो और टीम को अच्छी रैंक तक ले जा सके। बीसीसीआई सचिव ने यह भी कहा कि भारतीय घरेलू क्रिकेट का गहन ज्ञान होना अगले कोच की नियुक्ति के लिए महत्वपूर्ण मानदंडों में से एक होगा।

### लैंगर ने भारत का कोच बनने का इरादा त्यागा

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर जस्टिन लैंगर भारत का मुख्य कोच बनने की संभावना पर विचार कर रहे थे लेकिन इससे जुड़े 'दबाव और राजनीति' को लेकर केएल राहुल की सलाह के बाद उन्होंने यह ख्याल जेहन से निकाल दिया। लखनऊ सुपर जाइंट्स आईपीएल टीम के मुख्य कोच लैंगर ने कहा यह शानदार काम होगा। मैं ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ चार साल कोच रह चुका हूं लेकिन यह काफी थकाऊ होता है, लेकिन किसी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। मैं केएल राहुल से बात कर रहा था तो उसने कहा कि आईपीएल टीम में अगर आपको दबाव और राजनीति लगती है तो उसका हजारों गुना भारतीय टीम की कोचिंग में होता है।

### लक्ष्मण का एनसीए में कार्यकाल सितंबर में होगा खत्म

**चेन्नई।** यह जगजाहिर है कि वीवीएस लक्ष्मण की भारतीय टीम के मुख्य कोच पद पर काबिज होने की कोई इच्छा नहीं है और एनसीए में क्रिकेट प्रमुख के तौर पर उनका कार्यकाल इस साल सितंबर में खत्म हो रहा है जिससे यह देखना होगा कि बीसीसीआई किस तरह उन्हें सेट अप में बरकरार रखने में कामयाब होता है। कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर गौतम गंभीर को बीसीसीआई के लिए उपलब्ध विकल्पों में प्रबल दावेदार माना जा रहा है लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि सचिव जय शाह ने राष्ट्रीय टीम के सीनियर खिलाड़ियों से गंभीर पर सर्वसम्मति से रजामंदी के बारे में बात की है या नहीं।

## भारतीय पुरुष टीम बेल्जियम से हारी

**एंटवर्प, एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को शुक्रवार को एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के यूरोप चरण के अपने दूसरे मुकाबले में बेल्जियम के खिलाफ 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। मुकाबले में शुरुआत से ही बेल्जियम ने मजबूत भारतीय रक्षापंक्ति पर आक्रामक रूख बनाए रखा।

दोनों टीमों ने दूसरे क्वार्टर की अच्छी शुरुआत की। इस क्वार्टर के पहले तीन मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वह इसे गोल में नहीं बदल सका। इसके बाद फेलिक्स डेनेयर (22वें मिनट में) गोल करते हुए बेल्जियम को 1-0 की बढ़त दिला दी। हाफ टाइम के बाद भारत ने आक्रामक खेल शुरू किया, लेकिन बेल्जियम



- **दूसरे मुकाबले में 1-4 से करना पड़ा हार का सामना आज भी भिड़ेंगे**

के डिफेंस को तोड़ना काफी मुश्किल रहा। तीसरे क्वार्टर के अंत में बेल्जियम ने भारत पर 2-0 से बढ़त बना ली। मैच के अंतिम 15 मिनट में भारत ने तेजी से मौके ढूंढने शुरू कर दिए। सेड्रिक चार्लियर ने एक शानदार मैदानी गोल दागते हुए टीम की बढ़त को 3-0 कर दिया। मैच खत्म होने में पांच मिनट बाकी रहने पर, अभिषेक भारत के लिए पहला गोल किया। इसी के साथ इस मैच को बेल्जियम ने 4-1 से जीत लिया। भारतीय टीम आज फिर बेल्जियम से मुकाबला करेगी।

### भारतीय महिला टीम यूरोप चरण में दूसरा मैच भी हारी


**एंटवर्प (बेल्जियम)।** भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में लगातार दूसरी पराजय झेलनी पड़ी और इस बार उसे बेल्जियम ने 2-0 से हराया। नए कोच हरेंद्र सिंह और कप्तान सलीमा टेटे के साथ भारतीय महिला टीम को पहले मैच में अर्जेंटीना ने 5-0 से हराया था। बेल्जियम के लिए दोनों गोल फील्ड गोल थे जो 34वें मिनट में अलेक्सिया टी सरस्टेवेंस और दो मिनट बाद डेवाएट लुईस ने किए। बेल्जियम को पहले क्वार्टर के आखिर में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारत की अनुभवी गोलकीपर सविता ने उसे बचा लिया। दूसरे क्वार्टर में बेल्जियम ने लगातार हमले बोले लेकिन भारतीयों ने उसका माकूल जवाब दिया। ब्रेक के बाद बेल्जियम ने तीसरे क्वार्टर के चौथे मिनट में अलेक्सिया ने पहला गोल दागा। डेवाएट ने दूसरा गोल कर दिया। भारत को अब शनिवार को बेल्जियम से खेलना है।

## कार्तिक ने तब मेरा मनोबल बढ़ाया, जब मैं जूझ रहा था

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अभियान के खत्म होने के बाद संन्यास लेने वाले दिनेश कार्तिक को समझदार और ईमानदार व्यक्ति करार देते हुए कहा कि इस अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ने 2022 सत्र में उनका मनोबल बढ़ाया था, जब वह फॉर्म हासिल करने में जूझ रहे थे।

कार्तिक ने बुधवार को अपना अंतिम आईपीएल मैच खेला जिसमें आरसीबी प्लेऑफ में राजस्थान रॉयल्स से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। कोहली ने कहा वह बहुत समझदार व्यक्ति हैं और उन्हें सिर्फ क्रिकेट नहीं बल्कि काफी चीजों की अच्छी जानकारी भी है। कोहली ने 2022 सत्र को याद किया जिसमें उन्होंने 16 मैच में महज 22.73 के औसत से 341 रन बनाए थे, तब दूसरे क्वालीफायर में आरसीबी राजस्थान रॉयल्स से हारकर फाइनल में जगह बनाने से चूक गई थी। कोहली ने कहा मैंने हमेशा उनके साथ बातचीत का आनंद लिया है। 2022 में भी उस चरण में जब मेरा आईपीएल सत्र इतना अच्छा नहीं रहा था तो मेरा आत्मविश्वास भी डगमगाया हुआ था। वह दो तीन दफा मेरे साथ बातचीत के लिए बैठे और ईमानदारी से मुझे बताया कि उन्हें चीजें कैसी दिख रही हैं क्योंकि शायद मैं खुद इन चीजों को अच्छी तरह नहीं देख पा रहा था।



### धोनी के पास न खेलने का कारण नहीं : कैफ

**मुंबई।** भारत के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ का मानना है कि फॉर्म, फिटनेस और आसानी से बड़े शॉट खेलने की क्षमता को देखते हुए ऐसा कोई कारण नहीं है कि महेंद्र सिंह धोनी को आईपीएल का अगला सत्र नहीं खेलना चाहिए। अटकलें लगाई जा रही हैं कि चेन्नई सुपरकिंग्स को पांच आईपीएल खिताब दिलाने वाले धोनी अपना आखिरी आईपीएल खेल चुके हैं। कैफ ने कहा व्यक्तिगत रूप से, मुझे नहीं लगता कि वह अपना पूरा क्रिकेट खेल चुका है, वह मैच नहीं जीत सका। आप उसकी बॉडी लैंग्वेज देखकर अंदाजा लगा सकते हैं कि सीएसके के लिए मैच नहीं जीत पाने से वह निराश लग रहा था। उसे वापस क्यों नहीं आना चाहिए? वह फिट है, वह रन बना रहा है और छक्के लगा रहा है और खेलना बंद करने का कोई कारण नहीं है। यह उस पर निर्भर करता है, हम धोनी के बारे में यह नहीं कह सकते कि उसकी योजना क्या है।



## हान यू को हराकर सिंधु सेमीफाइनल में पहुंची

**कुआलालंपुर, एजेंसी**

पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु शुक्रवार को चीन की हान यू हराकर मलेशिया मास्टर्स 2024 बैडमिंटन महिला एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंच गईं है। कुआलालंपुर के एक्सियाटा एरिना में खेले गये क्वार्टरफाइनल में पीवी सिंधु ने 55 मिनट तक चले मुकाबले में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हान यू को 21-13, 14-21, 21-12 से हराया। दूसरा गेम हारने के बावजूद पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधु निर्णायक गेम में अपना संयम बनाए रखने में सफल रही।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने 16-13 की बढ़त के बाद लगातार पांच अंक हासिल करते हुए पहला गेम जीत लिया। हान यू ने दूसरे गेम की अच्छी शुरुआत की और एक समय पर 15-3 की बढ़त बना ली, हालांकि सिंधु ने इस अंत को कम करते हुए स्कोर को 18-13 तक



ले जाने में सफल रहीं। उनकी यह जबरदस्त शुरुआत इस गेम को जीतने के लिए काफी रही और इसी के साथ उन्होंने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सिंधु बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से भिड़ेंगी। इस बीच, महिला एकल में अश्मिता चालिहा का अभियान क्वार्टरफाइनल में चीन की छठी वरीयता प्राप्त झांग यी से सीधे गेम में हारने के बाद समाप्त हो गया।

## बॉलीवुड हलचल

### कांस फिल्म फेस्टिबल में जलवा बिखेरेंगी प्रीति



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री प्रीति जिंटा कांस फिल्म फेस्टिबल में जलवा बिखेरती नजर आएंगी। ऐश्वर्या राय और कियारा आडवाणी के बाद अब प्रीति जिंटा भी कान्स के रेड कारपेट पर नजर आएंगी। हालांकि, इससे पहले ही प्रीति का इस फिल्म फेस्टिवल से फर्स्ट लुक सामने आ चुका है। प्रीति जिंटा की हाल ही में एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह शिमरी व्हाइट गाउन में बला की खूबसूरत लग रही हैं। प्रीति कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कारपेट पर वॉक करते हुए नजर आएंगी, लेकिन उससे पहले उनके फैन क्लब ने फ्रांस के रिवर साइड पर फोटोशूट करवाते हुए एक्ट्रेस की एक बेहद ही प्यारी वीडियो शेयर की है। प्रीति के गाउन में स्लीव्स में व्हाइट रंग के बाऊ लगे हुए हैं। उन्होंने मेकअप से लेकर ज्वेलरी तक बिल्कुल मिनिमल लुक रखता है। प्रीति जिंटा इंडिया के नामचीन सिनेमैटोग्राफर संतोष सिवन को पियरे एंजिनीक्स अवॉर्ड से कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में सम्मानित करने वाली हैं।

### सिंघम अगेन से अजय का लुक रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देगवन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन से उनका नया लुक रिलीज कर दिया है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बन रही फिल्म सिंघम अगेन इन दिनों काफी सुर्खियों में बनी हुई है। अजय देवगन, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और टाइगर श्रॉफ समेत कई स्टार्स इस फिल्म में एक साथ दिखाई देने वाले हैं। सिंघम अगेन से मेकर्स ने लेटेस्ट फोटो शेयर की है, जहां बताया गया है कि टीम ने कश्मीर शेड्यूल को पूरा कर लिया है। रोहित शेट्टी ने सेट से अजय देवगन की एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# चीन ने ताइवान को डराया 49 विमान व 19 पोत ने घेरा

बीजिंग/ताइपे, एजेंसी

- चीन ने फुटेज जारी कर ताइवान को पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के बलों से घिरा दिखाया



चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा आयोजित एक बड़े अभ्यास के दूसरे दिन शुक्रवार को ताइवान ने अपने तट से दर्जनों चीनी युद्धक विमानों और नौसेना जहाजों को ट्रैक किया।

ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने गुरुवार से शुक्रवार तक 49 युद्धक विमानों और 19 नौसेना जहाजों के साथ-साथ चीनी तट रक्षक जहाजों को भी ट्रैक किया और 24 घंटे की अवधि में 35 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य के मध्य में उड़ान भरी, जो दोनों पक्षों के बीच की वास्तविक सीमा है। ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने गुरुवार को राजधानी ताइपे के दक्षिण में ताओयुआन में एक समुद्री अड्डे का दौरा करते हुए नाविकों और शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों से कहा कि ताइवान एक संप्रभु स्वतंत्र राष्ट्र है, जिसकी संप्रभुता लोगों के हाथों में है। वहीं, चीन की सेना ने कहा है कि ताइवान के आसपास उसका दो दिवसीय अभ्यास स्वतंत्रता चाहने वाली अलगाववादी ताकतों के लिए सजा है।

## भारतीय मूल के मंत्रियों को दो लाख डॉलर हर्जाना देने का आदेश

**सिंगापुर।** सिंगापुर की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री ली सियन लूंग के भाई ली सियन यांग को मानहानि के एक मामले में भारतीय मूल के मंत्रियों के. षण्मुगम और विवियन बालाकृष्णन को दो-दो लाख सिंगापुरी डॉलर का भुगतान करने का आदेश दिया है।

ली सियन यांग पर एक समृद्ध उपनगर में सरकारी संपत्तियों के किराये को लेकर भारतीय मूल के मंत्रियों को बदनाम करने का आरोप है। न्यायमूर्ति ने एक फैसले में दोनों मंत्रियों को हर्जाना देने के अपने कारण बताए। इन दोनों मंत्रियों ने ली के खिलाफ अलग-अलग मानहानि के दावे दायर किए थे। ली सियन यांग द्वारा पिछले साल 23 जुलाई को अपने फेसबुक पेज पर की गई टिप्पणियों को लेकर ये मुकदमे शुरू किए गए थे।

# साइबर बुलिंग : कहीं आपका बच्चा इसका शिकार तो नहीं हो रहा



बच्चे स्कूल जाते हैं, किताबें पढ़ते हैं, खेलते-कूदते हैं, कुछ नया सीखते हैं। पेरेंट्स को यकीन होता है कि उनके करियर की मजबूत नींव तैयार हो रही है। लेकिन एक दिन अचानक खबर आती है कि उनका बच्चा फेल हो गया है। वह स्कूल में साथ के बच्चों के साथ मारपीट भी कर रहा है। या फिर बच्चा घर आने पर डरा-डरा सा रहता है। क्या आपने कभी सोचा है कि इस सबके पीछे वजह साइबर बुलिंग भी हो सकती है। हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्कूली बच्चों के बिहेवियर पर एक स्टडी की है। इस स्टडी के मुताबिक दुनिया भर के 44 देशों में हर छठा बच्चा साइबर बुलिंग का शिकार है। इसका असर उसकी पढ़ाई पर भी पड़ रहा है। बच्चे की मेंटल हेल्थ खराब हो रही है। कई बच्चे डिप्रेशन और एंजाइटी से जूझ रहे हैं। साइबर बुलिंग बच्चों में सुसाइड की भी वजह बन रहा है। इसका बच्चों की मेंटल हेल्थ पर क्या असर पड़ रहा है, क्या इसके पीछे कारण मोबाइल का बढ़ता इस्तेमाल है, बच्चे के साथ साइबर बुलिंग होने पर पेरेंट्स को क्या करना चाहिए, पेरेंट्स कहां और कैसे शिकायत कर सकते हैं।

### क्या कहती है डब्ल्यूएचओ की नई स्टडी

बच्चे हर रोज सोशल मीडिया पर औसतन 6 घंटे बिता रहे हैं। इसलिए साइबर बुलिंग का शिकार होने का खतरा बढ़ गया है। 11% स्टूडेंट्स का कहना था कि उन्हें महीने में दो या तीन बार साइबर बुलिंग का सामना करना पड़ा।

### क्या है साइबर बुलिंग, बच्चों के लिए कितना खतरनाक

साइबर बुलिंग यानी सोशल मीडिया के जरिए किसी को परेशान करना, धमकाना, शर्मिंदा करना या निशाना बनाना। अगर कोई बच्चा लंबे समय तक लगातार साइबर बुलिंग का शिकार हो रहा है, तो वह तनाव और एंजाइटी का शिकार हो सकता है। द जर्नल ऑफ साइकोलॉजिकल रिसर्च ऑन साइबर बुलिंग की एक रिपोर्ट बताती है कि सुसाइड करने वाले 10 बच्चों में 5 बच्चे कभी-न-कभी साइबर बुलिंग के शिकार हुए हैं।

### ऐसे पहचाने बच्चा बुलिंग का शिकार हो रहा

जो बच्चे साइबर बुलिंग का शिकार होते हैं, वह टीचर्स, पेरेंट्स या किसी सगे-संबंधी को कुछ भी बताने से कतराते हैं क्योंकि ज्यादातर बच्चे शर्म या डर महसूस करते हैं। ऐसे में हम इन तरीकों से पहचान सकते हैं जैसेकि- इंटरनेट या स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने के दौरान या उसके बाद परेशान होना। अपने कमरे में सामान्य से अधिक समय बिताना। परिवार के सदस्यों से दूरी बनाना।

### पेरेंट्स बच्चे की इस तरह करें मदद

सबसे पहले बच्चे को यह यकीन दिलाएं कि इसमें उसकी कोई गलती नहीं है। साइबर बुलिंग होने पर किसी तरह का रिप्लाई न देने की सलाह दें। धमकी भरे मैसेज, गलत कमेंट, फोटो या किसी भी तरह की साइबर बुलिंग का स्क्रीनशॉट रखें।

### यहां करें शिकायत

स्थानीय थाने से लेकर जिले के क्राइम ब्रांच ऑफिस तक में बुलिंग की शिकायत दर्ज कर सकते हैं। अगर शिकायत ऑनलाइन करना चाहते हैं तो https://cybercrime.gov.in/ पर शिकायत दे सकते हैं।

## एक नजर

### खारकीव क्षेत्र में रेलवे पटरी और ट्रेन को उड़ाया

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के उत्तर पूर्व स्थित खारकीव क्षेत्र में हमला कर रेलवे पटरियों और ट्रेन को नष्ट कर दिया। यूक्रेन के राष्ट्रीय रेलवे संचालक यूक्रजालिज्नित्सिया के मुताबिक रात भर किए गए हमले में इमारतों और मालगाड़ी को भी नुकसान पहुंचा है। खारकीव के गवर्नर ओलेह सिनियेहुबोव ने बताया कि रूस द्वारा 10 मई को खार्कीव क्षेत्र पर आक्रमण शुरू करने के बाद से 11,000 से अधिक लोगों को वहां से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

### यमन के होदेइदाह हवाई अड्डे पर हवाई हमला

**सना।** अमेरिका-ब्रिटेन गठबंधन बल के लड़ाकू विमानों ने गुरुवार देर रात पश्चिमी यमन के होदेइदाह हवाई अड्डे पर दो हवाई हमले किये। हूती संचालित अल-मसीरा टीवी ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। गठबंधन बल ने कथित हवाई हमलों पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन कहा कि उसने बुधवार को हूती समूह के नियंत्रण वाले क्षेत्र में चार हूती ड्रोन को नष्ट कर दिया था।

### वियतनाम में आग लगने से 14 की मौत, छह घायल

**हनोई।** वियतनाम की राजधानी हनोई के एक छोटे अपार्टमेंट में बृहस्पतिवार आधी रात को आग लग जाने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने बताया कि अपार्टमेंट मध्य हनोई की जिस गली में स्थित है, उसकी चौड़ाई मात्र दो मीटर है जिससे दमकल वहां तक नहीं पहुंच सके और कर्मियों ने पाइपों का उपयोग करके अंतत: आग को काबू किया।

### परिवार के छह लोगों ने की आत्महत्या की कोशिश

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के सराय थाना क्षेत्र के सेक्टर-37 में स्थित एक घर में रहने वाले एक कारोबारी एवं उसके परिवार के पांच अन्य सदस्यों ने अपने हाथ की नसें काट कर आत्महत्या करने की कोशिश की, जिसमें कारोबारी की मौत हो गयी। पुलिस ने इसकी जानकारी दी । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मरने वाले की पहचान बुजुर्ग व्यापारी श्याम गोयल (70) के तौर पर की गयी है । पांच अन्य लोग उपचाराधीन हैं।

### पूर्व पुलिस महानिदेशक राजेश दास गिरफ्तार

**चेन्नई।** तमिलनाडु के पूर्व विशेष पुलिस महानिदेशक राजेश दास को उनसे अलग रह रही उनकी पत्नी बीला वेंकटेशन की शिकायत पर घर में घुसकर धमकी देने के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। वेंकटेशन ने शिकायत दर्ज कराई थी कि दास और उनके सहयोगी 18 मई को शहर के बाहरी इलाके थाईयूर में उनके आवास पर सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट करने के बाद घर में जबरन घुस गये थे।

# परमाणु क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग बढ़ाएगा रूस

## भारत में उच्च क्षमता वाली ऊर्जा इकाइयों के निर्माण के लिए तैयार

मुंबई, एजेंसी

रूस ने कहा है कि वह भारत में एक नयी जगह पर उच्च क्षमता वाली परमाणु ऊर्जा इकाइयों का निर्माण करने सहित परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में उसके साथ सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है।

परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव अजित कुमार मोहंती ने बृहस्पतिवार को रूस के रोस्तम स्टेट एटॉमिक एनर्जी कॉरपोरेशन के महानिदेशक एलेक्सी लिखाचेव से मुलाकात की तथा दोनों के बीच परमाणु ऊर्जा सहयोग और प्रगाढ़ करने के तरीकों पर चर्चा की। रोस्तम द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, दोनों देशों के अधिकारियों ने रूस के तोम्स्क क्षेत्र के सेवेरस्क में निर्मित किये जा रहे पायलट डेमोंस्ट्रेशन एनर्जी कॉम्पलेक्स (पीडीईसी) का दौरा किया। बयान में कहा गया है कि संयुक्त दौरे के दौरान, परमाणु क्षेत्र में रूस-भारत सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर चर्चा हुई।

लिखाचेव ने कहा हम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु ऊर्जा के उपयोग के क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग विस्तारित करने को तैयार हैं। इसमें, सबसे पहले, भारत में एक नयी जगह पर रूस द्वारा डिजाइन किये गए उच्च क्षमता वाले परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण करना शामिल है। पिछले सप्ता, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि भारत रूसी परमाणु रिएक्टरों के लिए अतिरिक्त स्थानों की तलाश कर रहा है। रूस और भारत, तमिलनाडु के कुडनकुलम में 1,000 मेगावाट क्षमता के छह परमाणु रिएक्टर का निर्माण करने में सहयोग कर रहे हैं, जिनमें से दो ने विद्युत उत्पादन शुरू कर दिये हैं।



परमाणु संयंत्र की प्रतीकात्मक फोटो। ● एजेंसी

### अमेरिकी संपत्तियां को जब्त करेगा रूस

**मास्को।** रूस में अमेरिकी संपत्तियों को जब्त किया जाएगा। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इससे जुड़े एक आदेश पर साइन किया है। इसके जरिए अमेरिका में सीज हुई रूसी संपत्ति से हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी। दरअसल, 24 फरवरी 2022 में शुरू हुई रूस-यूक्रेन जंग के बाद से अमेरिका और पश्चिमी देशों मे रूस पर कई प्रतिबंध लगाए हैं। इनसे रूस को काफी नुकसान हुआ है। इसी नुकसान की भरपाई के लिए अमेरिकी संपत्तियों को जब्त करने की इजाजत दी गई है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद से अमेरिका और पश्चिमी देशों ने 24 लाख करोड़ (300 अरब डॉलर) से ज्यादा मूल्य की रूसी संपत्तियों को जब्त किया है। वहीं, अमेरिकी संसद ने पिछले महीने एक बिल पास किया था, जिसमें राष्ट्रपति जो बाइडेन को यूक्रेन की मदद के लिए अमेरिका में मौजूद रूसी संपत्तियों के इस्तेमाल का अधिकार दिया गया था।

## रईसी का हेलीकॉप्टर हुआ था क्रैश, जांच में हमले का संकेत नहीं

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी जिस हेलीकॉप्टर में सवार थे उसमें दुर्घटनाग्रस्त होते ही आग लग गई थी और इस बात का कोई संकेत नहीं मिला है कि उस पर कोई हमला किया गया था। ईरानी मीडिया ने हादसे के जांचकर्ताओं के हवाले यह जानकारी दी।

रविवार को हुई दुर्घटना में रईसी के अलावा देश के विदेश मंत्री और छह अन्य लोगों की मौत हो गई थी। दुर्घटना की जांच कर रहे सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ का बयान बृस्पतिवार देर रात सरकारी टेलीविजन चैनल पर पढ़ा गया। दुर्घटना को लेकर जारी पहले बयान में किसी को दोषी नहीं ठहराया गया है लेकिन कहा गया कि आगे की जांच के बाद और जानकारी मिलेगी। जनरल स्टाफ के बयान में कहा गया है कि दुर्घटना से पहले नियंत्रण टॉवर और हेलीकॉप्टर के चालक दल के बीच स्थापित हुए संचार में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

इसमें कहा गया है कि हेलीकॉप्टर ने हादसे से करीब 90 सेकंड पहले दो अन्य हेलीकॉप्टर से संचार स्थापित किया था। बयान में कहा गया है कि हेलीकॉप्टर पर हमला होने का कोई संकेत नहीं मिला है और इसके मार्ग में भी कोई बदलाव नहीं हुआ था। बेल हेलीकॉप्टर ईरान के उत्तर-पश्चिम में कोहरे वाले सुदूर पहाड़ी इलाके में रविवार को दुर्घटनाग्रस्त होकर गिर गया था।

## पुणे कार हादसा

# नाबालिग को बचाने के लिए सुबूतों से छेड़छाड़

पुणे, एजेंसी

- पुलिस आयुक्त बोले -पूरे होश में था किशोर, ऐसा दिखाने के प्रयास हुए कि वह कार नहीं चला रहा था



पुणे के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि पोर्श कार हादसे के मामले में सबूतों से छेड़छाड़ कर यह दिखाने का प्रयास किया गया कि दुर्घटना के समय गाड़ी 17 वर्षीय किशोर नहीं बल्कि एक वयस्क चला रहा था। कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि यह दिखाने का प्रयास किया गया कि कार कोई वयस्क चालक चला रहा था, लेकिन यह कोशिश नाकाम रही।

उन्होंने कहा हमारे पास उसके (किशोर के) पब में शराब पीने के सीसीटीवी फुटेज हैं। कहने का मतलब यह है कि हमारा मामला केवल खून की रिपोर्ट पर निर्भर नहीं है और हमारे पास अन्य साक्ष्य भी हैं। कुमार ने कहा वह (किशोर) पूरी तरह होश में था, उसे अच्छी तरह पता था कि उसके कृत्य से इस तरह का हादसा हो सकता है जिसमें धारा 304 लागू होती है। किशोर को थाने में सुविधाएं प्रदान किए जाने के आरोपों पर पुलिस आयुक्त ने कहा कि एसीपी स्तर के एक अधिकारी इस दावे की जांच कर रहे हैं। आरोपी किशोर को घटना के बाद पिज्जा खिलाए जाने की खबरों पर कुमार ने कहा हमने साफ कहा है कि थाने में पिज्जा पार्टी नहीं हुई थी। लेकिन हां, कुछ ऐसा हुआ था कि जिस पर हमने आंतरिक जांच शुरू की। हम इस मामले को पूरी तरह पुख्ता बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हमने आरोपी के पिता और बार संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### एसीपी स्तर के अधिकारी कर रहे मामले की जांच

पुलिस आयुक्त ने कहा कि एसीपी स्तर के एक अधिकारी को जांच सौंपी गई है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या सबूतों के साथ छेड़छाड़ या उन्हें नष्ट करने का कोई प्रयास किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि अदालत में पुलिस का पक्ष प्रभावी तरीके से रखने के लिए विशेष वकीलों की नियुक्ति की जाएगी। कुछ पुलिस कर्मियों को गलत तरह से काम कराने के लिए मनाने के आरोपों के बारे में शिकायतों पर कुमार ने कहा कि पुलिस ने शुरू से ही सख्त रुख अपनाया है।

## आईसीजे ने इजराइल को सैन्य अभियान रोकने का दिया आदेश

**हेग।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को इजराइल को गाजा के दक्षिणी हिस्से में स्थित शहर रफह में अपने सैन्य अभियान को तुरंत रोकने का आदेश दिया। इजराइल का कहना है कि उसे हमास के आतंकवादियों से खुद की रक्षा करने का अधिकार है और उसके द्वारा इस फैसले का पालन करने की संभावना नहीं है।

अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के इस आदेश से गाजा में हमास के खिलाफ युद्ध को रोकने के लिए इजराइल पर वैश्विक दबाव और बढ़ गया है। गाजा में अपने सैन्य अभियान को लेकर इजराइल पहले ही अलग-थलग पड़ते जा रहा है। इजराइल के करीबी सहयोगी अमेरिका ने भी रफह में सैन्य अभियान के खिलाफ आगाह किया है जहां युद्ध शुरू होने के बाद से हजारों फिलिस्तीनी पनाह लिए हुए हैं। इस सप्ताह, यूरोप के तीन देशों ने घोषणा की कि वे फिलिस्तीन को राष्ट्र के रूप में मान्यता देंगे।

वहीं, न्यायालय के मुख्य अभियोजक ने हमास अधिकारियों के साथ-साथ इजराइली नेताओं के लिए गिरफ्तारी वारंट का अनुरोध किया है। आईसीजे के शुक्रवार के फैसले के साथ इस साल 15 न्यायाधीशों की पीठ ने तीसरी बार गाजा में हताहतों की संख्या घटाने और मानवीय पीड़ा को कम करने के लिए प्रारंभिक आदेश जारी किए हैं। आदेश कानूनी रूप से बाध्यकारी हैं, लेकिन उन्हें लागू करने के लिए अदालत के पास कोई शक्ति नहीं है।

# भूस्खलन में 100 से अधिक लोगों की मौत की आशंका

मेलबर्न, एजेंसी

- पापुआ न्यू गिनी में मलवे के नीचे दबा गांव

पापुआ न्यू गिनी के एक दूरदराज के इलाके में शुक्रवार तड़के भूस्खलन होने से एक गांव मलवे के नीचे दब गया। हादसे में 100 से अधिक लोगों के मारे जाने की आशंका है।

ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प ने बताया कि भूस्खलन की यह घटना इस दक्षिण प्रशांत द्वीपीय देश की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी से लगभग 600 किलोमीटर दूर उत्तर-पश्चिम में एंगा प्रांत के काओकलाम गांव में तड़के करीब तीन बजे घटी। इलाके के निवासियों का कहना है कि मृतकों की संख्या 100 से अधिक भी हो सकती है। हालांकि अधिकारियों ने इस आंकड़े की पुष्टि नहीं की है। प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने कहा कि प्रशासन कार्रवाई में लगा है तथा वह तबाही एवं मृतक संख्या की जानकारी उपलब्ध होने के बाद ही उसे जारी करेंगे। उन्होंने एक बयान में कहा मुझे स्थिति के बारे में अबतक पूरी तरह नहीं बताया गया है। मैं उन लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने तड़के इस भूस्खलन आपदा में अपनी जान गंवायी है। आस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेन्नी वोंग ने सोशल मीडिया पर लिखा हम काओकलाम गांव में हुए भूस्खलन के बाद पापुआ न्यू गिनी के लोगों के लिए हृदय से सहानुभूति प्रेषित करते हैं।

## हाहाकार



अत्यधिक गर्मी के बीच हर तरफ रहे जलसंकट गहराता जा रहा है। शुक्रवार को जयपुर शहर में निगम के टैंकर से लोगों को पानी भरने पर मजबूर होना पड़ा। ● एजेंसी

## मोदी ने दुनिया में भारत का कद बढ़ाया समुदाय को नई पहचान दी : भंडारी

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतीय अमेरिकी समुदाय के नेता ने कहा- 2030 तक भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होगा



भारतीय अमेरिकी समुदाय के एक प्रमुख नेता ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया में भारत का कद बढ़ाया है और प्रवासी भारतीयों को एक नई पहचान दी है। भारतीय मूल के अमेरिकी प्रेम भंडारी ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के उनके (मोदी) लक्ष्य को हासिल करने में वैश्विक भारतीय समुदाय साझेदार बनने को तैयार है।

भंडारी ने कहा पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम 2030 से पहले दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर हैं। भारतीय समुदाय को एक नई पहचान दी है। भंडारी जयपुर फुट यूएसए के प्रमुख हैं। वह राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (आरएएनए) के अध्यक्ष भी हैं। भंडारी को वीजा, पासपोर्ट और यात्रा से संबंधित संकट में फंसे समुदाय के लोगों की मदद के लिए भी जाना जाता है। उन्होंने कहा 2014 के बाद से प्रवासी भारतीयों को दुनिया भर में सम्मान की नजर से देखा जाता है। उदाहरण के तौर पर, यूक्रेन संकट के समय भारतीय ध्वज वाली बस से सीमा पार करना आसान हो गया था।

## खगोल विज्ञान

13 अरब साल पहले हुआ था इनका जन्म


# ब्रह्माण्ड की प्राचीन तीन आकाशगंगाओं की खोज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ब्रह्माण्ड की सबसे प्राचीन तीन आकाशगंगाओं को देख पाने की कामयाबी वैज्ञानिकों को मिली है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए यह सफलता मिली है। इन आकाशगंगाओं का जन्म 13 अरब साल पहले हुआ था। कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के अनुसार 13 अरब साल से भी पहले ब्रह्मांड में तीन सबसे प्रारंभिक आकाशगंगाओं को देखा है।

यह सनसनीखेज खोज है, जो ब्रह्मांड के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने वाली है। खगोल विज्ञान के इतिहास में पहली बार यह खोज हुई है। इनका जन्म लगभग 13.3 से 13.4 अरब साल पहले माना जा रहा है। इनकी उम्र का पता लगाने के लिए कंप्यूटर सिमुलेशन तकनीक उपयोग में लाई गई।

ये आकाशगंगा निर्माण की पहली प्रत्यक्ष छवियां हैं जिन्हें हमने पहले कभी नही देखा था। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि तीन आकाशगंगाओं का जन्म बिग बैंग के लगभग 400-600 मिलियन वर्ष बाद हुआ। एक विस्फोट से यह सब शुरू हुआ। इनके निर्माण की प्रक्रिया लंबे समय तक रही। यह ब्रह्मांड के 13.8 अरब वर्ष पहले ब्रह्मांड के समग्र जीवनकाल से मेल खाता है। खोजकर्ता वैज्ञानिक कैस्पर एल्म हेन्ट्ज़ के अनुसार इस खोज की वैज्ञानिक टीम कह सकती है कि वो पहली आकाशगंगाओं को देखने वाले गवाह हैं।



वैज्ञानिकों द्वारा खोजी हुई आकाशगंगा। ● एजेंसी

### बुनियादी सवाल है कि हम कहां से आए

**नैनीताल।** सबसे बुनियादी सवाल यह है कि हम कहां से आए हैं। हमारी उत्पत्ति का स्रोत क्या है। इस सवाल का जवाब तलाशने में यह खोज मदद कर सकती है। जिस कारण यह खोज महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस खोज से आगे के अध्ययन शुरु किए जा सकेंगे।

## नंबर प्लेट में हेरफेर पर भारतीय मूल की महिला को जेल

**सिंगापुर।** भारतीय मूल की एक मलेशियाई महिला को अक्टूबर 2019 से फरवरी 2020 के बीच अवैध पार्किंग से जुड़े पांच मामलों और इलेक्ट्रॉनिक रोड प्राइसिंग (ईआरपी) संबंधी 14 मामलों में सिंगापुर में तीन सप्ताह जेल की सजा सुनाई गई है।

दीवानई करुणानिधि (28) ने सड़क-कर संग्रह के मकसद से यातायात की निगरानी के लिए यहां सड़कों पर स्थापित ईआरपी प्रणाली के तहत लगाए जाने वाले सड़क उपयोग शुल्क से बचने के लिए अपनी एक मोटरसाइकिल की लाइसेंस प्लेट में बदलाव किया था। यह पहला मामला है जिसमें भूमि परिवहन प्राधिकरण ने गैरकानूनी गतिविधियों का पता लगने से बचने के लिए गलत लाइसेंस प्लेट वाले विदेशी पंजीकृत वाहन का उपयोग में किसी व्यक्ति पर आरोप लगाया है।

# दुर्लभ भारतीय नोट की लंदन में होगी नीलामी

लंदन, एजेंसी

- वर्ष 1918 में डूबे समुद्री पोत के मलबे से मिले 10 रुपये के दो दुर्लभ भारतीय नोट



पुराने और दुर्लभ नोटों एवं सिक्कों, पेंटिंग आदि के शौकीनों की कोई कमी नहीं है। ऐसी वस्तुओं की ब्रिटेन के मेफेयर स्थित ऑक्शन हाउस नूनान्स में नीलामी होती है। इसी नीलामी घर में अब 106 साल पहले छपे 10 रुपये के दो नोटों की नीलामी होगी। इन नोटों की भी अजीब दास्तां है।

इन्हें बैंक ऑफ इंग्लैंड ने छापा था, जहाज में लाद कर भारत भेजा जा रहा था। लेकिन दुर्भाग्यवश वह जहाज डूब गया। उस जहाज पर लदे अधिकतर भारतीय करेंसी नोटों को तो नष्ट कर दिया गया। लेकिन ये दो नोट अभी भी किसी के पास सुरक्षित हैं।

10 रुपये के इन दो नोटों की नीलामी मेफेयर के ऑक्शन हाउस नूनान्स में होगी। यह नीलामी 29 मई 2024 को होनी है। हालांकि ये बिना हस्ताक्षर के नोट हैं, लेकिन सुपर क्वालिटी ऑरिजिनल पेपर पर छपे हैं। इनका सीरियल नंबर भी अभी तक ज्यों का त्यो हैं। ये नोट लंदन से भारतीय शहर बंबई (अब मुंबई) जर्मन यू-बोट एसएस शिराला से भेजे जा रहे थे। इस जहाज पर इन नोटों के पूरे ब्लॉक्स और ओरिजिनल पेप लादे गए थे।

## एयर टर्बुलेंस : 22 लोगों की रीढ़ की हड्डी में लगी थी चोट

**सिंगापुर।** एयर टर्बुलेंस (वायुमंडलीय विक्षोभ) के कारण सिंगापुर एयरलाइंस की उड़ान में 22 यात्रियों की रीढ़ की हड्डी और छह यात्रियों के सिर में चोट आई है। मीडिया समूह द स्ट्रेट्स टाइम्स ने समितिवेज श्रीनाकारिन अस्पताल के निदेशक डॉ. एडिनुन किट्टीरतनपाइबूल के हवाले से बताया कि मंगलवार को टर्बुलेंस के कारण चोटिल हुए 20 लोग गहन देखभाल इकाई में हैं लेकिन किसी के भी जीवन को खतरा नहीं है।

लंदन से सिंगापुर के लिए उड़ान भरने वाले इस विमान को मंगलवार को अचानक एयर टर्बुलेंस का सामना करना पड़ा था और करीब तीन मिनट के अंदर यह 6,000 फुट नीचे आ गया था, जिसके कारण 73 वर्षीय एक ब्रिटिश व्यक्ति की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी।